स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, बृहस्पतिवार
11 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 11
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 289 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



जब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था तो लोग मेरे किटबैग को अक्सर हॉकी बैग समझ लेते थेः मिताली

# 'कांग्रेस ने नाकामी का कलंक हिंदुओं पर लगाया'

## हमारे लिए नेशन फर्स्ट, एक दिन देशवासी मेड इन इंडिया प्लेन में सफर करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर भारत मंडपम में आयोजित एनडीए बैठक में उनका सम्मान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, '12 साल में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ। इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट था। इसमें न गवर्नेंस थी, न नीति, न नीयत और न ही निर्णय। नाकामी कांग्रेस की थी लेकिन कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया। ' पीएम ने कहा, 'हमारे लिए दल से बड़ा हमेशा देश रहा है। हम नेशन फर्स्ट की भावना से काम करते हैं। भारत को सिर्फ दुनिया की बराबरी नहीं करनी, बल्कि उससे एक कदम आगे रहना है। वो दिन दूर नहीं जब हम मेड इन इंडिया प्लेन भी बनाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे लिए दल से हमेशा अगर बड़ा कुछ है तो हमारा देश हैं। जब देश प्रथम की भावना से काम होता है तो कोई भी फैसला कठिन नहीं होता है। ऐसे फैसले जिन्हें पहले असंभव समझा जाता था, जो देश के सुरक्षित भविष्य के लिए जरूरी थे। हमने बहुत ही सधे हुए तरीके से उन फैसलों को भी लिया है। पहले सरकारें आर्टिकल 370 की बात करने से भी डरती थीं। हमने इसे खत्म किया। पहले नॉर्थ ईस्ट से बम, बंदूक और ब्लॉकेड जाने का नाम नहीं लेते थे। हमने वहां शांति भी लौटाई और स्थिरता भी लेकर आए।



### 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला

प्रधानमंत्री ने कहा, साल 2014 में जब एनडीए की जीत हुई थी तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवीय में एक नई आशा का उदय हुआ है। इस आशा का इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपना भरोसा हमें सौंपा। भारत के लोगों ने पहली बार देखा है कि जब सही नीयत से सरकार चलती है तो तेज गति से विकास होता है। एनडीए सरकार के इन 12 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों का गरीबी से बाहर निकलना दिखाता है कि हमारी नीतियां सही हैं।

### विकसित भारत जन-जन का सपना

पीएम मोदी ने कहा, आज देश का हर नागरिक विकसित भारत के सपने से भरा हुआ है। विकसित भारत का सपना अब किसी दल का या व्यक्ति का नहीं है। यह देश के जन-जन का सपना बन चुका है। इसकी पूर्ति के लिए हमें अपना हर पल समर्पित करना है। एनडीए के 12 वर्ष की एक सफलता यह भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने देश को लाचार और बेचारगी और हीन भावना के स्तर पर गिरा दिया था। देश को यह एहसास कराया जाता था कि भारत में विकास धीरे-धीरे ही होता था।

### सरकार का काम देख रही जनता

प्रधानमंत्री ने कहा भारत की जनता का नीर-क्षीर विवेक हमेशा अद्भुत रहा है। देश की जनता ने राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक स्थिरता का महत्व समझा है। ये जनता-जनार्दन की परिपक्वता ही है कि उसने लंबे समय तक मुझे इस तरह जनता की सेवा का अवसर दिया। 2014 के पहले के कई दशक बहुत अस्थिरता और उथल-पुथल से भरे थे। इसका देश को नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन अब देश की जनता एक स्थिर सरकार का काम भी देख रही है और उसकी निर्णायक क्षमताओं को परख भी रही है। मैं जनता का आभार प्रकट करता हूं।

# यूपी : पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में 40 लाख मतदाता बढ़े

**लखनऊ।** यूपी में पंचायत चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची बुधवार को जारी कर दी गई। तमाम दावों, आपत्तियों के निस्तारण और गहन सत्यापन के बाद इस फाइनल लिस्ट को तैयार किया गया है। राज्य

- हर वोटर को मिला 9 अंकों का खास नंबर



निर्वाचन आयोग ने इस बार एक बड़ा बदलाव करते हुए हर पंचायत मतदाता को 9 अंकों का एक यूनिक पहचान नंबर जारी किया है। हालांकि, सूची जारी होते ही कई जिलों में वोटर्स को इसे डाउनलोड करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, ऐसा तकनीकी दिक्कतों के चलते हो रहा है। 1.81 करोड़ नए नाम जुड़े, 1.41 करोड़ हटे राज्य निर्वाचन आयोग ने इससे पहले 18 दिसंबर, 2025 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की थी। इसके बाद चले संशोधन अभियान के बाद आए आंकड़े चौंकाने वाले हैं। फाइनल वोटर लिस्ट में करीब 1.81 करोड़ नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। वहीं, करीब 1.41 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। कुल मिलाकर इस बार पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में करीब 40.19 लाख मतदाताओं की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बीती 26 मई को खत्म हो चुका है। समय पर चुनाव न हो पाने के कारण सरकार ने बड़ा फैसला लिया था। निवर्तमान प्रधानों को ही अगले 6 महीने के लिए प्रशासक के तौर पर जिम्मेदारी सौंप दी है। सरकार ने पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर पिछड़ा वर्ग आयोग भी बनाया है। इस कमिशन को 6 महीने के भीतर जिलावार आर्थिक और सामाजिक स्तर की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। यूपी सरकार ने भले ही आयोग को 6 महीने का वक्त दिया है, लेकिन जल्द पंचायत चुनाव कराने को लेकर दायर एक याचिका अभी इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित है। हाईकोर्ट ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए ओबीसी कमिशन को जुलाई में ही अपनी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। यूपी में फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनीतिक दलों को डर है कि विधानसभा चुनाव के ठीक पहले पंचायत चुनाव कराने से उनके संगठन और चुनावी तैयारियों को भारी नुकसान हो सकता है।

## राम को काल्पनिक कहने पर राहुल के खिलाफ दोबारा सुनवाई

**वाराणसी।** भगवान राम को कथित तौर पर काल्पनिक कहने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआरआर की मांग वाली याचिका

- वाराणसी कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला रद्द किया

पर फिर से वाराणसी कोर्ट में सुनवाई होगी। एमपी-एमएलए की सीनियर कोर्ट ने बुधवार को लोअर कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज (एडीजे) यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने केस को वापस लोअर कोर्ट भेजते हुए नए सिरे से सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। राहुल गांधी पर अमेरिका के न्यूयॉर्क में ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। पिछले साल 12 मई को एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने याचिका दायर की थी। दावा किया था कि राहुल गांधी ने अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को 'पौराणिक' बताया था। 10 जून, 2026 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। इस आदेश के खिलाफ हरिशंकर पांडेय ने 26 सितंबर, 2025 को जिला जज की कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की थी।

# किसी मामले को तीन माह से अधिक लंबित न रखें : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आर्थिक अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई को और अधिक प्रभावी, त्वरित और

- मुख्यमंत्री बोले जवाबदेही होगी
- आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन के कार्यों की समीक्षा की

परिणामोन्मुख बनाने के लिए आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ जांच प्रणाली और प्रभावी अनुश्रवण तंत्र से सशक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईओडब्ल्यू की कार्यप्रणाली एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों में त्वरित जांच, प्रभावी कार्रवाई और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में आर्थिक अपराधों से संबंधित लंबित जांच, विवेचनाओं, गिरफ्तारी, अभियोजन, जनजागरूकता गतिविधियों तथा संगठनात्मक सुधारों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी, जालसाजी, गबन और अन्य आर्थिक अपराध न केवल सरकारी संसाधनों को प्रभावित करते हैं, बल्कि आम नागरिकों के विश्वास को भी आघात पहुंचाते हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुराने मामलों के निस्तारण में और तेजी लाई जाए तथा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं, उनमें अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया को गति दी जाए। उन्होंने सुदृढ़ पैरवी, गुणवत्तापूर्ण विवेचना और साक्ष्य संकलन के माध्यम से अधिकाधिक मामलों में दोषसिद्धि सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में महत्वपूर्ण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि प्रत्येक मामले की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और दोषियों को कानून के अनुसार दंडित कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।



बैठक में बताया गया कि जांच, विवेचना और अनुवर्ती कार्यवाहियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए केस मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) विकसित किया गया है। यह प्रणाली प्रकरणों के डिजिटल प्रबंधन, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा डैशबोर्ड आधारित अनुश्रवण की सुविधा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने इसके प्रभावी उपयोग के निर्देश देते हुए कहा कि तकनीक आधारित व्यवस्था से जांच की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी। जांच अधिकारी किसी मामले को तीन माह से अधिक समय तक अपने पास न रखें। इस सम्बंध में उनकी जवाबदेही भी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने आर्थिक अपराधों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बदलते तकनीकी परिवेश में वित्तीय धोखाधड़ी, निवेश संबंधी ठगी तथा अन्य आर्थिक अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक मुद्दों से जुड़े मामलों को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने की कार्रवाई को तेज किया जाय। बैठक में संगठन की क्षमता वृद्धि, अधिकारियों एवं विवेचकों के प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा संगठन के विस्तार से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक अपराधों की प्रकृति लगातार जटिल होती जा रही है।

## आरएसएस मुख्यालय, महाराष्ट्र सीएम दफ्तर को उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बुधवार को आरएसएस मुख्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय और मुंबई-पुणे के मेयर कार्यालयों को बम से उड़ाने की

- खालिस्तान नाम से भेजे गए ईमेल
- महाराष्ट्र में जांच एजेंसियां सतर्क

धमकी वाले ईमेल मिले। ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी बताने वाले ग्रुप की ओर से भेजे गए थे। इसके बाद कई इमारतें खाली कराई गईं और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के मुताबिक कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

एजेंसी के मुताबिक, नागपुर की मेयर नीता ठाकरे को एक ईमेल मिला। इसमें दावा किया गया था कि महाल स्थित आरएसएस मुख्यालय और रेशीमबाग के डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन में विस्फोटक लगाया गया है। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस) को मौके पर भेजा गया।

पूरे परिसर और आसपास के संवेदनशील इलाकों की जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

इसी बीच, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को भी कई ईमेल मिले। इनमें मुंबई के मेयर कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, बीएसई भवन और नगर निगम दफ्तरों में विस्फोट की धमकी दी गई थी। ये ईमेल निगम की कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए थे।

अधिकारियों के मुताबिक, ईमेल में खालिस्तान का जिक्र किया गया था। इसमें कई संस्थानों और संगठनों के खिलाफ भड़काऊ व धमकी भरी बातें लिखी गई थीं।

## उरी में ग्रेनेड फटने से दो जवान शहीद

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। जिले के उरी सेक्टर में मंगलवार को उपकरणों के रख-रखाव के दौरान दुर्घटनावश एक हैंड ग्रेनेड फट गया। इस दर्दनाक हादसे में भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने इस घटना की पुष्टि की है। सैन्य अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा उरी सेक्टर के कमलकोट स्थित सेना के एक शिविर में हुआ। शिविर में सैन्य उपकरणों और हथियारों के नियमित हस्तांतरण का काम चल रहा था।

# ईरान ने खोया मौका, अब चुकानी होगी कीमत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की सैन्य क्षमता पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि उसकी सेना पूरी तरह बिखर चुकी है। उन्होंने

- ट्रंप की धमकी से पश्चिम एशिया में फिर बढ़ा तनाव




कहा कि ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी हैं।

ट्रंप ने एक बयान में कहा, ईरान की सेना पूरी तरह और संपूर्ण रूप से अव्यवस्थित हो चुकी है। इसका बड़ा हिस्सा, जैसे उसकी नौसेना और वायुसेना, अब लगभग अस्तित्व में ही नहीं है। उन्हें पूरी तरह पराजित कर दिया गया है। ट्रंप ने कहा, ईरान सिर्फ बातें करता है, कार्रवाई नहीं करता। पश्चिम एशिया का दबंग अब खत्म हो चुका है। ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित समझौते का जिक्र करते हुए कहा, उन्होंने ऐसे समझौते पर बातचीत करने में बहुत देर कर दी, जो उनके लिए बहुत अच्छा साबित हो सकता था। अब उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव उस समय और बढ़ गया, जब ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दक्षिणी ईरान में अमेरिका के हमलों के जवाब में बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी-संबंधित ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में और अधिक सैन्य टकराव की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। इससे पहले अमेरिकी सेना ने कहा था कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर एक अमेरिकी हेलिकॉप्टर गिराए जाने की रिपोर्टों के बाद ईरानी ठिकानों के खिलाफ आत्मरक्षा में हमले किए थे।

# अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन 2030 तक खत्म हो जाएगा



**न्यूयॉर्क।** पृथ्वी से करीब 400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में स्थित इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। नासा ने 2028 से शुरू करके 2030 तक इसे सुरक्षित तरीके से धरती पर गिराने की अपनी

- नासा प्रशांत महासागर में मलबा गिराएगी, 9500 करोड़ खर्च होंगे

योजना को सार्वजनिक किया है। इसके लिए नासा ने 1 अरब डॉलर (करीब 9500 करोड़ रुपए) का प्लान तैयार किया है।

आईएसएस पिछले 25 साल से सबसे बड़ी अंतरिक्ष प्रयोगशाला के रूप में काम कर रहा है। आईएसएस निर्धारित उम्र पूरी कर चुका है। इसका कार्यकाल कई बार बढ़ चुका है। पिछले कुछ सालों से इसमें लगातार तकनीकी खामियां आ रही हैं। स्टेशन को सुरक्षित बनाए रखने पर अरबों डॉलर खर्च होते हैं। नासा अब अपने संसाधनों को चंद्रमा और मंगल मिशनों पर केंद्रित करना चाहता है। इसलिए आईएसएस को सम्मानजनक और सुरक्षित तरीके से रिटायर करने का फैसला लिया गया है। करीब 4.5 लाख किलोग्राम वजनी आईएसएस को यूं ही पृथ्वी की ओर गिरने नहीं दिया जाएगा। 2028 के आसपास स्टेशन को कक्षा में बनाए रखने की प्रक्रिया धीरे-धीरे बंद कर दी जाएगी। विशेष अंतरिक्ष यान से उसे नियंत्रित तरीके से पृथ्वी के वायुमंडल में धकेला जाएगा। वायुमंडल में प्रवेश करते ही स्टेशन का अधिकांश हिस्सा घर्षण से जलकर नष्ट हो जाएगा।

## अब तृणमूल सांसद सुष्मिता देव का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस में जारी अंदरूनी संकट अब और गहरा होता दिखाई दे रहा है। पार्टी की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने अपने पद से इस्तीफा देकर ममता बनर्जी खेमे को एक और बड़ा झटका दे दिया है। पिछले कुछ दिनों से पार्टी के भीतर बगावत की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब सुष्मिता देव के इस्तीफे ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है। इससे पहले तृणमूल के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में लंबे समय तक पार्टी के मुख्य सचेतक रहे सुखेंदु शेखर रॉय भी पार्टी छोड़ चुके हैं। लगातार हो रहे इस्तीफों से साफ संकेत मिल रहे हैं कि तृणमूल कांग्रेस के अंदर असंतोष तेजी से बढ़ रहा है।

## हरियाणवी डांसर सपना चौधरी ने ससुराल छोड़ा

**चंडीगढ़।** हरियाणवी डांसर-सिंगर सपना चौधरी की निजी जिंदगी एक बार फिर सुर्खियों में है। सपना ने अपने पति वीर साहू के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराते हुए दिल्ली की द्वारका महिला कोर्ट में याचिका दाखिल की है। मंगलवार को कोर्ट ने शुरुआती सुनवाई में सपना को अंतरिम राहत देते हुए वीर साहू को अगली सुनवाई तक उनके संपर्क में आने, घर या कार्यस्थल पर जाने और किसी भी तरह से परेशान करने से रोक दिया है। सपना की ओर से कोर्ट में वीडियो, ऑडियो और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी पेश किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। विवाद के बाद सपना ससुराल छोड़ चुकी हैं। फिलहाल वह दिल्ली के नजफगढ़ स्थित अपने मायके में रह रही हैं।

## चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही फ्लाइट में हंगामा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई-1879) में बीते रविवार को एक पैसेंजर ने बीच हवा में हंगामा शुरू कर दिया। यात्री ने फ्लाइट की विंडो का शीशा भी तोड़ दिया। उसने फ्लाइट क्रू के साथ बदतमीजी की। हालांकि, क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर को संभाला और फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया। इसके बाद यात्री को सुरक्षा एजेंसियों के हवाले कर दिया गया। यात्री ने दिल्ली एयरपोर्ट पर भी भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। यात्री के परिजन का कहना है कि वह दिमागी रूप से बीमार है। इसके बाद जब उसका मेडिकल करवाया गया तो परिजन की बात सही निकली। इसके बाद यात्री को 30 दिन के लिए नो-फ्लाई लिस्ट में शामिल कर दिया।

**दौलत का जलवा** | अमेरिका में समृद्ध बच्चों के लिए रिट्रीट, 1.25 करोड़ रुपए फीस से 'जमीन पर रहने' की ट्रेनिंग

# अमीरों के बच्चों को अमीर बनाए रखने का खेल

**न्यूयार्क।** ऑस्टिन के साधारण से घर में सोफे और कुर्सियों पर कॉलेज जाने वाले और 20-30 साल की उम्र के करीब एक दर्जन युवा बैठे थे। दिखने में यह दोस्तों की मुलाकात लग सकती थी, पर हकीकत यह थी कि इन युवाओं के परिवारों की संपत्ति 700 करोड़ (करीब 66,000 करोड़ रुपए) से ज्यादा थी।

इस अनूठे रिट्रीट में पहुंचे बच्चों को दुनिया के सबसे अमीर माता-पिता की संतान कह सकते हैं, जिन्हें कभी कमाने की जरूरत नहीं है। तभी सवाल गूंजा- 'आपको क्या लगता है, आपके पैरेंट्स क्यों चाहते हैं कि आप काम करें?' यह सवाल पूछ था वेल्थ कोच माइकल कोल ने। कोल 'आर360' क्लब के फाउंडर हैं, जो कम से कम 950 करोड़ रु. की संपत्ति वाले परिवारों के लिए काम करता है। युवाओं



ने जवाब दिए... 'उनका पैसा मेरा पैसा नहीं है।' 'ताकि हम पैसे का मूल्य समझ सकें' और 'काम करने से मकसद मिलता है।' कोल ने आखिरी जवाब को सटीक बताया। उन्होंने कहा,'पैरेंट्स के लिए आपका काम करना उनके संस्कारों व आपके जीवन का उद्देश्य दर्शाता है। पर तुरंत ही उन्होंने कड़वी सच्चाई भी सामने रख दी,'आपके लिए वैसी संपत्ति दोबारा खड़ी करना असंभव है... तो क्यों न हम सफलता के नियम ही बदल दें?' कोल ने उन्हें 'वेल्थ री-क्रिएटर्स' बनने की सलाह दी। यानी ऐसा कुछ करना जिससे समाज या परिवार को वैचारिक व भावनात्मक रूप से भी समृद्ध किया जा सके। कैंप में युवाओं ने मौज-मस्ती के साथ गंभीर मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। पहली बार उन्होंने वे चुनौतियां साझा कीं, जिन्हें अक्सर लोग अमीरों के नखरे कहकर अनदेखा कर देते हैं। इनमें बिग शैडो सिंड्रोम- पैरेंट्स का कद इतना बड़ा हो कि बच्चों को विफल होने का डर सताए। दोस्तों का व्यवहार बदलना...। साथ ही कम पैसों वाले दोस्तों के साथ रहने की झिझक से निपटना और पार्टनर के साथ प्रॉपर्टी सेटलमेंट जैसे मुद्दों पर बातचीत भी अहम रही।

### चिंता : फिजूलखर्च, दिशाहीन न बना दे बेहिसाब दौलत

2020 से 2025 के बीच अमेरिका के शीर्ष 0.0001त्न यानी 250 लोगों की संपत्ति में 256 लाख करोड़ रु. की वृद्धि हुई। यह संपत्ति अगली पीढ़ी को मिल रही है। अमीरों की सबसे बड़ी चिंता बाजारों में गिरावट नहीं, बल्कि यह है कि इस बेहिसाब दौलत से बच्चे घमंडी, दिशाहीन व फिजूलखर्च न हो जाएं, साथ ही क्या वे दौलत संभाल सकेंगे। यही डर दूर करने के लिए 'आर360' व 'बैंक ऑफ अमेरिका' जैसी संस्थाएं रिट्रीट चला रही हैं, जहां युवाओं को फैमिली बिजनेस संभालना, विवाद सुलझाना व बोर्ड मीटिंग में बैठने के तौर-तरीके सिखाए जाते हैं। फीस करीब 1.25 करोड़ रुपए है।

## चलती बाइक बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव। जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को चलती बाइक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बाइक आग के गोले में तब्दील हो गई और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि चालक ने समय रहते बाइक से उतरकर अपनी जान बचा ली। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बाइक पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

## आठ घंटे की कटौती से ग्रामीण बेहाल, ट्रांसफार्मर फ्यूज खराब होने पर 12 घंटे गुल रही बिजली

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव। विद्युत उपकेंद्र से जुड़े ग्रामीण फीडरों पर मंगलवार रात करीब आठ घंटे की बिजली कटौती किए जाने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं नवई फीडर क्षेत्र के झलोतर गांव में ट्रांसफार्मर का फ्यूज खराब होने से लगभग 12 घंटे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप रही, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ गईं। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण गांव में पूरी रात अंधेरा पसरा रहा। उमस भरी गर्मी के बीच बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली न होने से पेयजल व्यवस्था और घरेलू कार्य भी प्रभावित रहे।

ग्रामीणों नन्हेलाल, रामपाल, उमर खान, रमेश समेत अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बहाल न होने पर उन्होंने विद्युत विभाग की 1912 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।

उपभोक्ताओं का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विभाग से व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अनिल मिश्रा ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया है। खराबी दूर कराकर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल कराने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की टीम समस्या के समाधान में जुटी हुई है।

## अपने सामान जो दूसरो को समझता है वही ज्ञानी है-निधि द्विवेदी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**शुक्लागंज ;उन्नाव।** सरस्वती विद्या मन्दिर गोपीनाथ पुरम में भारतीय शिक्षा समिति द्वारा आयोजित बालिका शिक्षा प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन बालिका का पंच कोषात्मक विकास पर चर्चा की। इसके पूर्व मंचस्थ अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने कराया कार्यक्रम की प्रस्ताविकी श्रीमती निधि द्विवेदी ;क्षेत्रीय बालिका शिक्षा संयोजिकाद्ध द्वारा प्रस्तुत की गई। हेमचंद्र ने बालिकाओं के सप्त नैसर्गिक गुणों की व्याख्या की एवं उनके विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि बालिकाओं का सर्वांगीण विकास हमारा लक्ष्य है बालिकाओं की शारीरिक स्वच्छता मानसिक बौद्धिक स्वच्छता के लिए अलग से वार्ता करना चाहिए।हिन्दुत्वनिष्ठ भारतीय संस्कृति में मातृ देवो भव पितृ देवो भव आचार्य देवो भव मातृवत परदारेषु परद्रव्येषु लोष्ठवत की भावना होनी चाहिए क्योंकि आत्मवत सर्वभूतेषु य: पश्यति स: पण्डित: अर्थात अपने समान जो दूसरों को समझता है वही ज्ञानी है।कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती पूजा मिश्रा ने किया। अंत में आभार ज्ञापन विद्यालय के प्रबंधक राकेश जी किया । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में श्रीमती निधि द्विवेदी ;क्षेत्रीय बालिका शिक्षा संयोजिकाद्ध ने बालिका शिक्षा संकल्पना और विकास यात्रा के विषय में बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 29 बालिका विद्यालय विद्या भारती द्वारा संचालित किए जा रहे हैं जिनमे से 8 विद्यालय अवध प्रांत में है। इन्होने भारतीय चिंतन आधारित बालिका का मूलभूत मनोवैज्ञानिक विशेषताओं तथा विकास के अनुरूप शिक्षा के स्वरूप को पीण् पीण् टीण्के माध्यम से विवेचना की। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में बहन खुशबू साहू ने माइक्रोसॉफ्ट द्वारा पीण्पीण् टीण् का निर्माण आसानी से करके दिखाया जिसमें वीडियो ऑडियो इमेजेस भी अपलोड करना सिखाया। इन्होंने बताया कि विषय आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक होना चाहिए। इसी प्रकार श्रीमती सुधा तिवारी ने परिषदों के गठन एवं क्रियान्वयन पर चर्चा की तथा बालिका शिक्षा परिषद कन्या भारती मातृभारती के गठन एवं महत्व पर प्रकाश डाला।इस कार्यक्रम में संकुल प्रचार प्रभार रविशंकर श्रीवास्तव व सहायक योगेश अवस्थी उपस्थित रहे ।

## संत मिलन दास हत्याकांडः भारी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार, समाधि स्थल पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**-वर्ग विशेष के युवकों ने मंदिर में लाउड स्पीकर की आवाज के विरोध में की साधु हत्या**





**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव।** संत बाबा मिलन दास के शव का बुधवार को पोस्टमार्टम होने के बाद भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मोहल्ला घूरे टोला स्थित उनके आवास पर लाया गया। जैसे ही बाबा का पार्थिव शरीर पहुंचा अंतिम दर्शन के लिए पहले से मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं और समर्थकों की भीड़ भावुक हो उठी।

शव पहुंचने के कुछ देर बाद विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने हत्या के आरोपियों की पुलिस मुठभेड़ में कार्रवाई तथा आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग उठाई। बढ़ते तनाव को देखते हुए मौके पर पहले से कई थानों की पुलिस तथा चार सर्किल के सीओ मौजूद थे।

क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों ने भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने लोगों को आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद भीड़ शांत हुई और स्थिति नियंत्रण में आ गई।

किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए बाबा के आवास तथा आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस बीच विधायक श्रीकांत कटियार और हिंदू जागरण मंच एवं नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने भी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

बाबा मिलन दास की हत्या को लेकर क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है तथा लोग जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

संत मिलन दास के अंतिम संस्कार के बाद नगर के मोहल्ला घूरे टोला स्थित निर्माणाधीन मंदिर के समीप उनकी समाधि बनाई गई। उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ समाधि स्थल का निर्माण कराया गया। समाधि पर लोगों ने पुष्प अर्पित कर बाबा को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धालुओं का कहना है कि बाबा मिलन दास का जीवन धर्म, सेवा और समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा। संत मिलन दास हत्याकांड के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के सभासद अतीक खान के अहाते पर बुलडोजर चलाकर कथित अवैध अतिक्रमण हटवा दिया।

गौरतलब है कि हमले के बाद घायल अवस्था में बाबा मिलन दास को अस्पताल पहुंचाने वालों में अतीक खान प्रमुख थे। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चाओं का माहौल बना रहा।

राजस्व विभाग के लेखपाल कुलदीप सिंह ने बताया कि गाटा संख्या 1257 मिंजुमला, रकबा लगभग 15 बिस्वा भूमि राजस्व अभिलेखों में सरकारी जमीन के रूप में दर्ज है। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त भूमि के एक हिस्से पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर निर्माण कराया गया था। इसके बाद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। बुधवार को एसडीएम बृजमोहन शुक्ला तथा नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के बीच बुलडोजर चलाकर कब्जा हटाया गया। कार्रवाई के दौरान राजस्व, नगर पालिका एवं पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

संत बाबा मिलन दास हत्याकांड में दर्ज कराई गई रिपोर्ट को लेकर नया विवाद सामने आया है। मुकदमे के वादी एवं मृतक के भाई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने कोतवाली में दी गई तहरीर में इसराइल, यामीन और शानू को नामजद आरोपी बनाया था। जबकि लल्ली और शफी का उल्लेख केवल इस रूप में किया गया था कि घटना के समय वे बाबा के साथ मौजूद थे।

वीरेंद्र सिंह का कहना है कि उनकी तहरीर के विपरीत पुलिस ने दर्ज एफआईआर में पांचों लोगों को आरोपी बना दिया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उन्होंने क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह से भी बातचीत की है और पूरे मामले से अवगत कराया है। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि रिपोर्ट में किए गए बदलाव की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि वास्तविक तथ्यों के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

## नगर पंचायत में भाजपा ने मनाया केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव। मोहान नगर पंचायत स्थित जलेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में बुधवार सुबह भाजपा नेता एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी कपिल निगम के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव मनाया।इस अवसर पर भाजपा विधायक ब्रजेश रावत एवं कपिल निगम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होना देश के लिए गौरव का विषय है।वक्ताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नया इतिहास रचते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय देश की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बना दिया नया इतिहासए कानपुर देहात बार एसोसिएशन ने मिष्ठान वितरण कर जताई खुशी



**कानपुर देहात ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के चुने हुए प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक दिनों तक लगातार कार्य करने का नया रिकॉर्ड बनाने पर जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात ने गहरा संतोष प्रकट किया। अध्यक्ष अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने इस अवसर पर अधिवक्ताओं में मिष्ठान वितरण कर प्रधानमंत्री के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं बल्कि करोड़ों नागरिकों के अटूट विश्वास तपस्या और राष्ट्रसेवा का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने जवाहरलाल नेहरू के लंबे समय तक बने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया इतिहास रचा है जो भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण है।

चौहान ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का ज़िक्र करते हुए कहा कि देश ने कई क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति देखी है जनधन योजना से बैंकिंग समावेशन आयुष्मान भारत से स्वास्थ्य सुरक्षा करोड़ों शौचालयों का निर्माण उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन तथा अन्य सामाजिक कल्याण योजनाएँ जनजीवन में परिवर्तन लाईं। उन्होंने डिजिटल इंडिया यूपीआई आधारभूत संरचना सड़क रेल एक्सप्रेसवे विकास और वैश्विक मान्यता को भी इस प्रगति का प्रमाण बताया।

राष्ट्रीय सुरक्षा विज्ञान और तकनीक में उपलब्धियों का भी चौहान ने उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध सख्त नीतियाँ सीमाओं की सुरक्षा तथा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ने देश को पहले से अधिक सशक्त और आत्मविश्वासी बनाया है। चंद्रयान.3 की सफलता नवीकरणीय ऊर्जा में प्रगति और स्टार्टअप संस्कृति ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाई है। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि यह कीर्तिमान नए भारत की विकास यात्रा का प्रतीक है और हर नागरिक को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए संकल्पित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की बढ़ती आर्थिक शक्ति डिजिटल क्रांति और मजबूत राष्ट्रीय सुरक्षा भारत को विश्व मंच पर मजबूत स्थिति पर ला रही हैं। समारोह में उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक.दूसरे को मिष्ठान खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा देश की समृद्धि सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमोद सिंह नायक शैलेन्द्र तिवारी प्रदीप पाण्डे योगेन्द्र प्रताप सिंह चौहान आदित्य प्रताप सिंह चौहान विशाल सिंह अभिषेक सिंह गौर पूर्व जिला संयोजक बजरग दल प्रदीप गुप्ता राम सिंह सेंगर और रवि शंकर उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार चैकीदार की मौत, दो बाइक सवार घायल

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार स्कूल चैकीदार की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

ग्राम जगटापुर निवासी वेदप्रकाश 70 वर्ष पुत्र कालिका प्रसाद आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे सर्विस रोड के निकट निजी स्कूल में चैकीदारी कर रहा था। वह आज बुधवार को साइकिल से ड्यूटी पर विद्यालय जा रहा था। तभी रास्ते में एक्सप्रेसवे पर टोल प्लाजा के निकट स्थित सर्विस रोड पर सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार चैकीदार गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां के डाक्टरों ने आनन-फानन घायल का इलाज शुरू किया। किंतु इलाज के दौरान घायल की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही तमाम परिजन और ग्रामीण अस्पताल आ पहुंचे और शव देखते ही रोने- बिलखने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं साइकिल में टक्कर लगते ही बाइक पलट गई। जिससे बाइक पर सवार विशाल पुत्र संजय और अनिकेत पुत्र सरवन निवासी भारत खेड़ा सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा बाइक सवार दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक वेदप्रकाश मूलरूप से मल्लावां थानाक्षेत्र निवासी था। किंतु बीते करीब 20 वर्षों से अपनी बहन सुधा निवासी ग्राम जगटापुर में रहकर स्कूल में चैकीदारी की नौकरी कर जीवन यापन करता चला आ रहा था।



## नगर पंचायत के तत्वावधान में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम

- नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली सिंह एवं अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार की रंग लाई मेहनत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की सभी को दी गई जानकारी सभी का नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन ने व्यक्त किया आभार



माती कानपुर देहात। नई खरीदी गई मशीन का पूजन करते वा चेयरमैन दीपाली सिंह ईओ आशीष कुमार एवं गुड्डन सिंह के साथ वृक्षारोपण करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** अपना अकबरपुर शहर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रंग में सराबोर दिखाई दिया केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर अकबरपुर नगर पंचायत के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन बाढ़ापुर रोड पर किया गया अकबरपुर लोकसभा के जनप्रिय भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर वृक्षारोपण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली सिंह एवं अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर सांसद का जोरदार स्वागत किया गया यहां सांसद द्वारा कहा गया भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व कि मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास की भावना पर काम करते हुए आज संपूर्ण विश्व को इस बात का संदेश दे दिया है कि हमारी एकता ही हमारे विकास का प्रमुख कारण है इसलिए अब वह दिन दूर नहीं जब संपूर्ण विश्व समुदाय हमारे नेतृत्व को स्वीकार करेगा।

पार्टी के परचम को थामकर चलने वाले भारतीय जनता पार्टी के समर्पित सच्चे सिपाही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन एक बार फिर क्षेत्र में सर्वाधिक लोकप्रिय नेता साबित हुए अपनी मेहनत और अथक प्रयासों के जरिए उन्होंने अपने आवास के समीप नगर पंचायत के तत्वधान में वृहद कार्यक्रम आयोजित कराकर अपनी लोकप्रियता का सभी को लोहा मनवा दिया कार्यक्रम के दौरान सांसद देवेंद्र सिंह भोले की मौजूदगी में नगर पंचायत के अलग.अलग स्थानो से भारी संख्या में पहुंचे लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें लाभान्वित किए जाने का कार्य शुरू किया गया प्रधानमंत्री आवास से लेकर हाउस टैक्स एवं वॉटर टैक्स इत्यादि समस्याओं का भी मौके पर ही समाधान किया गया यहां नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली सिंह द्वारा कहा गया कि एक सेवक की तरह जनता की सेवा करने का उन्होंने प्रयास किया है जिसका उदाहरण सामने है कि आज अकबरपुर शहर विकास के मामलों में अग्रिम पंक्ति पर खड़ा दिखाई दे रहा है उन्होंने कहा कि नगर पंचायत जनता के द्वार पर मौजूद है बस आवश्यकता इसे महसूस करने की है उन्होंने खुलकर आवाहन किया कि नगर पंचायत से संबंधित किसी भी प्रकार के कार्य एवं सेवाओं के लिए कोई भी व्यक्ति बिना किसी मध्यस्थ के किसी भी वक्त सीधे आकर उनसे संपर्क करें उनका यह नैतिक दायित्व होगा कि प्रत्येक व्यक्ति को परेशानी और समस्या से मुक्त कराया जा सके उन्होंने सभी से नगर के विकास से संबंधित प्रस्ताव भी भेजने का आह्वान किया अपने संबोधन में सांसद देवेंद्र सिंह भोला द्वारा कहा गया कि देश की आजादी के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की सरकारों ने विकास का सही पैमाना जनता के सामने रखने का काम किया है उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सब का साथ सबके विकास की भावना पर काम किया गया और प्रत्येक कल्याणकारी योजना से हर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर जितेंद्र सिंह गुड्डन एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार की सराहना करते हुए कहा कि जहां ऐसे समर्पित लोग मौजूद होंगे उसे क्षेत्र को विकास से परिपूर्ण होना ही होगा यहां सभासद पप्पू त्रिवेदी जहान सिंह बबलू भारती पप्पू कबाडी मुस्ताक कुरैशी सहित मनफूल सिंह प्रशांत ओमर राज चौहान सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### रनिया में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत मचा कोहराम

**रनिया कानपुर देहात।** रनिया बाजार निवासी आशुतोष शर्मा ;28 वर्षद्धए पुत्र लल्ला शर्मा मंगलवार की रात करीब 11रू30 बजे तिवारी होटल के सामने रोड क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। हादसे की सूचना मिलते ही रनिया थाना प्रभारी दिनेश गौतम तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शव को एम्बुलेंस के जरिए तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया। ?थाना प्रभारी दिनेश गौतम ने बताया कि दुर्घटना के बाद यातायात को सुचारू रूप से बहाल करा दिया गया है और मौके पर कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि टक्कर मारकर भागने वाले अज्ञात वाहन की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। इसके लिए घटनास्थल के आसपास और हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही वाहन और उसके चालक का पता लगा लिया जाएगा। उधर युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

## हनुमान चालीसा का पाठ और शरबत वितरित कर लिया विवेकानंद के सपनो का भारत बनाने का संकल्प

- केंद्र सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर अकबरपुर के कालिका देवी मंदिर में सांसद देवेंद्र सिंह भोले की मौजूदगी में आयोजित हुए विशेष धार्मिक कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन के रंग लाए प्रयास सफल साबित हुआ कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष आशीष दीक्षित एवं पूर्व अध्यक्ष शिव विलास मिश्रा की मेहनत की भी सभी ने की सराहना






**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्मा पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अकबरपुर में आस्था के प्रमुख केंद्र मां कालिका देवी मंदिर पर सांसद देवेंद्र सिंह भोले की अध्यक्षता में देव दर्शन पूजन और भ्नदहतल चालीसा का पाठ करते हुए हजारों की संख्या में आवागमन करने वाले लोगों को रोक.रोक कर ठंडा शरबत वितरित किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा किए गए बेहतरीन इंतजामों के बीच सांसद भोले द्वारा कहा गया कि आज का दिन हम सभी के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण है क्योंकि देश की आजादी के बाद पहली बार जनता की चुनी हुई सरकार ने इतने वक्त तक काम किया इसके बाद अब मोदी जी ने वही इतिहास दोहराने का काम किया है उन्होंने कहा कि हम सभी को इस संकल्प के साथ आगे बढ़ना है कि हमें अपने देश को स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत बनाना है उन्होंने सभी का आवाहन किया कि हम सभी लोग उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी और देश में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे।

बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का 12 वर्ष समय पूर्ण हुआ इस पुनीत अवसर को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का हर स्तर पर सफल एवं सराहनीय प्रयास किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा अपने भरपूर प्रयासों से कार्यक्रम को अकबरपुर में ऐतिहासिक बनाया गया निश्चित समय पर मां कालिका देवी मंदिर पहुंचे अकबरपुर लोकसभा के भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले का चेयरमैन प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन भाजपा अकबरपुर मंडल के अध्यक्ष आशीष दीक्षित पूर्व अध्यक्ष शिव विलास मिश्रा द्वारा बुके भेंट कर स्वागत किया गया इसके उपरांत जिले के प्रख्यात पुरोहित दिनकर त्रिपाठी एवं उनके सुपुत्र रामू त्रिपाठी के पावन सानिध्य में देव दर्शन पूजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ सार्वजनिक रूप से एक साथ किया गया इसके उपरांत सांसद भोले द्वारा खुद लोगों के पास जा जाकर प्रसाद वितरित किया गया हजारों की संख्या में आवागमन कर रहे लोगों को ठंडा शरबत पिलाया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद द्वारा कहा गया कि निश्चित तौर पर भारत के लिए यह बेहद ही गर्व के छड हैं जिसमें हम अपने आदरणीय प्रधानमंत्री के साथ खड़े होने का संदेश दे रहे हैं उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से वह दिन दूर नहीं जब हमारा अपना भारत देश आदरणीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक ऐसी शक्ति बनकर सामने आएगा जो संपूर्ण विश्व को अपना नेतृत्व प्रदान करेगी उन्होंने कहा कि इस देश के लिए पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जैसे अनेकों मनीषियों ने कुर्बानी दी है जिसे व्यर्थ नहीं जाने देना है उन्होंने कहा कि आज हम सभी को इस बात का संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम सभी लोग किसी के भी बहकावे में आए बगैर उत्तर प्रदेश में कानून का राज्य स्थापित करने वाले परम आदरणीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी और विश्व पटल पर मां भारती के गौरव में अपनी मेहनत लगन और प्रयासों से वृद्धि करने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मजबूती प्रदान करेंगे उन्होंने सभी को उपरोक्त पुनीत अवसर की शुभकामनाएं प्रदान की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की सरकारों ने यह कर दिखाया है कि उनकी निगाह हमें सबसे पहले सनातन है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह स्थान मां कालिका देवी का मंदिर है जहां सांसद देवेंद्र सिंह भोले के सहयोग से विकास की अनेकों इबारते लिखने का काम नगर पंचायत अकबरपुर ने करने का काम किया है उन्होंने कहा कि अभी मन के इस दरबार का और भी विकास कराया जाएगा उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के दौरान प्रमोद मिश्रा सभासद जहान सिंह सभासद पप्पू त्रिवेदी मंडल अध्यक्ष आशीष दीक्षित पूर्व अध्यक्ष शिव विलास मिश्रा वरिष्ठ व्यापारी नेता पंडित रामजी मिश्रा रामू चौबे चरनजीत सिंह मिंटू चेयरमैन प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन के प्रमुख मीडिया सलाहकार राज चौहान युवा समाजसेवी प्रशांत ओमर मनफूल सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष ऋषि पुरवार दुर्गेश शर्मा गोपाल सैनी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## उर्सला में स्थापित होगा डिस्ट्रिक डिसेबिलिटी रिहैबिलिटेशन सेंटर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** दिव्यांगो को अभी तक कृतिम अंगो तथा सहायक उपकरणों क लिए काफी प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। कभी-कभी उन्हे दूसरे शहर भी जाना पडता था, लेकिन अब ऐसा नही होगा अब उर्सला अस्पताल में ही उन्हे यह कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण मिल सकेगे। शहर और आस-पास के क्षेत्रों में दिव्यांगों को कृतिम अंग तथा सहायक उपकरणों के लिए होने वाली परेशानी समाप्त होने वाली है। उर्सला अस्पताल में डिस्ट्रिक डिसेबिलिटी रिहैबिलिटेशन सेंटर स्थापित हो रहा है। इस सम्बन्ध में बताया गया कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में स्थानीय स्तर पर कृतिम अंग तथा सहायक उपकरण तैयार होगे साथ ही सुनने में अक्षम लोगों को आधुनिक कान की मशीने भी मिलेगीं। बताया जाता है कि बर्न वार्ड में इसे स्थापित किया जा रहा है तथा इस वार्ड का जल्द ही नवीनीकरण किया जायेगा, जिसे अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जायेगा। यहां पर वार्ड को दो भोगों में विभाजित कर डेंटल लैब भी बनानई जायेगीए जिससे कानपुर के साथ साथ आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर सारी सुविधाएं प्राप्त हो सके।

# सेंट्रल पर उमड़ी परीक्षार्थियों की भीड़, गेट से शौचलय तक फुल

**-एसी कोच में घुसे अभ्यर्थी, किया हंगामा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ इस कदर बेकाबू हो गई कि ट्रेन आते ही बड़ी संख्या में परीक्षार्थी आरक्षित एसी कोचों में जबरन घुस गए। स्लीपर व जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं थी। इसके बाद यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। पुलिस जवानों ने एसी कोचो से परीक्षार्थियों को बाहर निकाल कर जनरल बोगियों में भेजा।

बुधवार को परीक्षा छूटने के बाद अपने घरों को लौटने के लिए हजारों की तादाद में अभ्यर्थी कानपुर सेंट्रल पहुंचे थे। स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी जवान यात्रियों और परीक्षार्थियों को ट्रेनों में प्रवेश कराने और प्लेटफॉर्म पर व्यवस्था संभालते रहे। ट्रेन आते ही परीक्षार्थियों की भीड़ इस कदर बढ़ी कि जनल, स्लीपर कोचों के साथ एसी बोगियों में चढ़ गए। ऐसे में अपनी ट्रेन छूटने के डर से सैकड़ों परीक्षार्थी एसी कोचों के दरवाजे खोलकर अंदर दाखिल हो गए। इसी बीच ट्रेन में घुसने के लिए एक यात्री आपातकालीन खिड़की से घुस गया। जब दूसरे ने प्रयास किया तो ट्रेन के अंदर बैठे लोगों ने खिड़की बंद कर दी। इसी तरह से स्लीपर के अलग-अलग कोचों में भारी भीड़ रही। अचानक हुई भीड़भाड़ को देखते हुए आरपीएफ और रेलवे सुरक्षा बल के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। सुरक्षाकर्मियों ने एसी कोचों के भीतर फंसे और सीटों के बीच खड़े परीक्षार्थियों को सख्त हिदायत देते हुए नीचे उतारा। इस दौरान अभ्यर्थियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हल्की नोकझोंक भी देखने को मिली।

## स्टॉक एक्सचेन्ज के पास हो रहे जल भराव का नगर आयुक्त ने लिया जायजा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** ग्रीनपार्क चौराहे से हैडर्ड स्कूल जा रही सीवर लाइन एवं अम्बा नर्सिंग होम के पास जलभराव स्थल का नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने निरीक्षण किया। जल निगम के अभियन्ता ने बताया कि जेएनएनयूआरएम योजना के अन्तर्गत सीवर लाइन डाली गयी थी,जिसमें नाले के पास गैप छोड़ दिया गया था। नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत एनएमसीजी द्वारा नालों की टैपिंग करने के उपरान्त पानी ट्रीटमेंट प्लांट तक नहीं पहुँच रहा था, जिसकी जॉच करायी गयी, तो सामने आया कि लाइन में गैप के तात्कालिक समाधान हेतु 800 एमएम व्यास के समानान्तर दो पाइप डाल दिये गये थे।

जिसके सापेक्ष 800 एमएम व्यास के दो पाइप बिछाकर पाइप लाइन की कैरिंग कैपेसिटी आधी हो गयी है, जिसके कारण पीक ऑवर में दूषित जल आसपास के क्षेत्रों में भरता है। बताया गया कि उक्त समस्या के स्थाई निदान के लिये आवश्यक व्यास का पाइप बिछाये जाने हेतु जल निगम द्वारा 91 लाख का प्राक्कलन तैयार किया गया था, जिसके सापेक्ष 65 लाख दिया जा चुका है। उक्त के सम्बंध में जल निगम द्वारा बताया गया कि संदर्भित कार्य को कराये जाने हेतु 6 बार निविदा आमंत्रित की गयी, लेकिन कोई निविदा प्राप्त नहीं हुयी है। जिस पर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि उक्त कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर अपने स्तर से पूर्ण करा दिया जाये। अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

### सरफेस ऊंचा होने से हो रही दिक्कत

स्टॉक एक्सचेन्ज के बाहर मुख्य द्वार पर सीएम ग्रिड के अन्तर्गत निर्मित हो रहे फुटपाथ में सड़क का सरफेस ऊँचा होने के कारण वाहनों के आवागमन में काफी दिक्कते हो रही हैं। नगर आयुक्त ने निर्देश दिये गये कि सड़क व फुटपाथ के सरफेस को ठीक किया जाये, जिससे वाहनों के आवागमन में कोई चुटहिल न होने पाये।

## पॉलीहाउस और ड्रिप सिंचाई बने किसानों की समृद्धि के नए मॉडल



-आधुनिक तकनीकों से बदल रही खेती की तस्वीर, बढ़ रही किसानों की आय

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। एकीकृत बागवानी विकास मिशन तथा पर ड्रॉप मोर क्रॉप जैसी योजनाओं के माध्यम से जनपद में विकसित हो रहे पॉलीहाउस और ड्रिप सिंचाई मॉडल किसानों की आय बढ़ाने के साथ कृषि को लाभकारी उद्यम में बदलने का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। बुधवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने ऐसे ही दो सफल कृषि मॉडलों का निरीक्षण किया। कल्याणपुर क्षेत्र में प्रगतिशील कृषक उद्यमी विराज भाटिया द्वारा लगभग 10 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्थापित पॉलीहाउस आधुनिक संरक्षित खेती का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। करीब 1.12 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस परियोजना में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के माध्यम से लगभग 55.95 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। पॉलीहाउस में वर्ष भर मौसम के अनुसार खीरा, शिमला मिर्च और टमाटर का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे किसान को लागत निकालने के बाद भी उल्लेखनीय अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। संरक्षित खेती की इस प्रणाली में मौसम की प्रतिकूलताओं का प्रभाव कम पड़ता है तथा उच्च गुणवत्ता वाली फसलों का उत्पादन संभव होता है। यही कारण है कि परंपरागत खेती की तुलना में किसानों को बेहतर मूल्य और अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मंडियों और बड़े उपभोक्ता बाजारों की उपलब्धता आधुनिक उद्यानिकी खेती के लिए अनुकूल अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कृषि एवं उद्यान विभाग को ऐसे नवाचारी किसानों के अनुभव अन्य कृषकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए, ताकि अधिकाधिक किसान योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय बढ़ा सकें। उप कृषि निदेशक आर.एस. वर्मा ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत जनपद में वर्तमान में छह पॉलीहाउस संचालित हैं। इन संरक्षित इकाइयों में खीरा, रंग-बिरंगी शिमला मिर्च, टमाटर सहित उच्च मूल्य वाली उद्यानिकी फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जरबेरा एवं कार्नेशन जैसे पुष्पों की खेती भी सफलतापूर्वक की जा रही है। उन्होंने बताया कि संरक्षित खेती किसानों को परंपरागत फसलों की अपेक्षा बेहतर आर्थिक प्रतिफल प्रदान कर रही है और जनपद में उद्यानिकी आधारित कृषि को नई दिशा दे रही है।

### सोलर पंप योजनाओं के लाभों का किया जाए प्रचार-प्रसार

इसके बाद जिलाधिकारी ने ग्राम बिठूरकला में कृषक अशोक कुमार सिंह के खेत पर स्थापित ड्रिप सिंचाई प्रणाली का निरीक्षण किया।वहां दो हेक्टेयर क्षेत्र में शिमला मिर्च और लाल मिर्च की खेती ड्रिप सिंचाई पद्धति से की जा रही है। किसान के अनुसार इस तकनीक को अपनाने के बाद उत्पादन में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है, जबकि वार्षिक आय में ढाई से तीन लाख रुपये तक का इजाफा हुआ है। इस दौरान कृषक ने बताया कि ड्रिप सिंचाई प्रणाली अपनाने के बाद पानी की खपत परंपरागत सिंचाई की तुलना में लगभग एक चौथाई रह गई है, जबकि उत्पादन में लगभग दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही खेतों में खरपतवार की समस्या भी काफी हद तक समाप्त हो गई है, जिससे श्रम लागत में कमी आई है। योजनांतर्गत वर्तमान समय में जनपद में 197 किस ड्रिप इरीगेशन सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। जिलाधिकारी ने ड्रिप सिंचाई को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई व्यवस्था के साथ जोड़कर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्रिप इरिगेशन और सोलर पंप का समन्वय किसानों की सिंचाई लागत को और कम कर सकता है। इससे खेतों में जल की खपत घटेगी, भूजल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा भूमि की गुणवत्ता भी दीर्घकाल तक बनी रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सूक्ष्म सिंचाई एवं सोलर पंप योजनाओं के लाभों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक किसानों को इनसे जोड़ा जाए।

## छत के रास्ते घुसे चोरों ने किया लाखों का माल पार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** सचेंडी के एक गांव में छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो में तीन संदिग्ध चोर दिखाई दिए हैंए जिनकी तलाश की जा रही है।

सच्चेण्डी कटरा घनश्याम निवासी सुरेन्द्र सिंह एक गेस्ट हाउस में गार्ड की नौकरी करते हैं। मंगलवार रात वह अपने छोटे बेटे हेमंत सिंह के साथ ड्यूटी पर चले गए थे। घर में उनकी पत्नी माया देवी, बहू रोशनी, पौत्र और दूसरे बेटे वीरेंद्र की पुत्री प्रिंसी मौजूद थीं। माया देवी आंगन में सो रही थीं, जबकि अन्य परिजन कमरों में सोए हुए थे। बुधवार सुबह जब माया देवी की नींद खुली तो घर के दो कमरों के ताले टूटे हुए मिले। शक होने पर उन्होंने अंदर जाकर देखा तो अलमारी और बक्सों के ताले भी टूटे पड़े थे। सामान बिखरा हुआ था और नकदी तथा जेवरात गायब थे। यह देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने शोर मचाया तो बहू और दूसरे मकान में रहने वाले बेटे वीरेंद्र व शैलेन्द्र मौके पर पहुंच गए। इसके बाद घटना की जानकारी 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी।सूचना मिलते ही सचेंडी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें मुंह पर कपड़ा बांधे तीन संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। आशंका जताई जा रही है कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। डीसीपी वेस्ट एस एम क़ासिम अबिदी ने बताया कि चोरी की घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर किया हवन-पूजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर उनकी दीर्घायु और देश की प्रगति के लिए प्रार्थना की। जूही डिपो स्थित बड़े हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जबकि पनकी और सीसामऊ क्षेत्र के मंदिरों में भी विशेष पूजन कार्यक्रम हुए।

गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने पनकी स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 4,399 दिनों की जनसेवा, सुशासन और राष्ट्रनिर्माण की यात्रा ने करोड़ों लोगों का विश्वास मजबूत किया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया। श्री मैथानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है और विकासए आत्मनिर्भरता तथा सुशासन के नए मानक स्थापित किए हैं। इस अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बजरंगबली के पनकी मंदिर में एक विशेष पूजा, आरती और प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्र की उन्नति और मोदी जी की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतवर्ष इसी प्रकार विश्व पटल पर उन्नति और समृद्धि के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहे।विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा आज पूरा देश उनके इस बेदाग और कर्मठ सेवा कालखंड पर गर्व महसूस कर रहा है। बाबा पनकी वाले हनुमान जी से यही प्रार्थना है कि मोदी जी का मार्गदर्शक नेतृत्व देश को हमेशा मिलता रहे। इस दौरान ललित उपाध्याय, विजय पटेल, दीपक शुक्ला, मकसूदन, संजय बाजपेई, सत्येंद्र नाथ पांडेय, राजा पंडित, अरुण दुबे, जीतू बाजपेई, राघवेंद्र दुबे समेत कई लोग मौजूद रहे।

## बिल्ली मारने का विरोध करने पर युवती पर हमला

कानपुर। जाजमऊ में बिल्ली के मारने का विरोध करने पर सगी बहनों ने एक युवती पर सरिया से हमला कर दिया। टेनरीकर्मी कमालुद्दीन ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली प्रिया, खुशी, जानवी और रिया सगी बहने हैं। सोमवार रात इन लोग एक बिल्ली को सरिया से मार रही थीं। वहीं शोर सुनकर कमालुद्दीन की बेटी समरीन फातिमा छत पर पहुंची और बेजुबान जानवर को न मारने की अपील किया। जिस पर सभी बहनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और अपनी छत से कूदकर उनकी छत पर आ गई। उसके बाद उनकी बेटी के बाल पकड़ लिए। इसी दौरान प्रिया, रिया और खुशी ने समरीन के बाल पकड़ लिया और जानवी ने सरिया से सिर पर लगातार तीन वार किए। गंभीर चोट लगने से समरीन खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी और बेहोश हो गई। घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।

## भीषण गर्मी से लोग हुए बेहाल, सड़कों पर पड़ा सन्नाटा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरा, कानपुर।**



भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार सुबह से तेज धूप निकली है। सड़कों पर सन्नाटा पसरा है। दिन में 11 बजे तापमान में बढ़ोतरी रही। गर्मी से बचाव के लिए लोग सिर पर गमछा, टोपी या कपड़ा रखकर घरों से निकलते नजर आए। कई लोगों ने मुंह ढककर धूप और लू से बचने का प्रयास किया। शहर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों की ओर से राहगीरों के लिए शर्बत और ठंडे पेयजल की व्यवस्था भी की गई। मौसम विभाग ने कल से आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।दोपहर के समय प्रमुख बाजारों और व्यस्त मार्गों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ दिखाई दी। जरूरी काम से बाहर निकले लोग धूप से बचने के लिए छाताए गमछा और चेहरे पर कपड़ा बांधकर चलते नजर आए। सामाजिक संगठनों ने भी जगह.जगह शर्बत और पेयजल वितरण कर राहगीरों को राहत देने का प्रयास किया।मौसम विशेषज्ञ डॉण् एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि अगले 72 घंटे तक मौसम शुष्क बना रहेगा और तेज धूप निकलने की संभावना है। इस दौरान तापमान ऊंचे स्तर पर बना रह सकता है। लू भी चलेगी।

मौसम विभाग ने 13 और 14 जून को आंधी और बारिश की संभावना जताई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन दिनों मौसम में बदलाव होने पर तापमान में कुछ गिरावट दर्ज हो सकती हैए जिससे लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिलने की उम्मीद है।

# सवारियां से भरा ऑटो खेत में पलटा, चालक समेत सात घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** बिधनू में बुधवार दोपहर सवारियां से भरा तेज रफ्तार ऑटो अनियत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसे में चालक समेत सात लोग घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी ले गए, जहां दो की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मझावन निवासी ऑटो चालक बउवन नौबस्ता से सवारियां लेकर कुंदौली गांव जा रहा था। ऑटो में लगभग आधा दर्जन यात्री सवार थे। हाजीपुर गांव के मोड़ के पास पहुंचते ही चालक को झपकी आ गई, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर खेत में जा पलटा। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और ऑटो में फंसे चालक व यात्रियों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बिधनू पुलिस और 108 एम्बुलेंस सेवा को घटना की सूचना दी। एम्बुलेंस ने सभी घायलों को बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों में चालक बउवन, अनीश अली निवासी रूरा, उनकी पत्नी उल्फातम, मीना देवी, उनकी पुत्री वैष्णवी, कृष्ण कांति निवासी गौरिया और अमर पाल निवासी मझावन शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने कृष्ण कांति और उल्फातम की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। बिधनू थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों की तत्परता से सभी घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकाए जिससे कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

# पूर्व छात्र जगजीत सिंह बिंद्रा ने आईआईटी को दिए 11.5 लाख अमेरिकी डॉलर

**-इस सहयोग से की जाएगी एक नए केमिकल इंजीनियरिंग एनेक्स की स्थापना**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**




**कानपुर।** आईआईटी कानपुर की अनुसंधान एवं शैक्षणिक अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए संस्थान के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र जगजीत सिंह बिंद्रा ने 11.5 लाख अमेरिकी डॉलर के उदार योगदान की घोषणा की है। इस सहयोग से आईआईटी कानपुर में एक नए केमिकल इंजीनियरिंग एनेक्स की स्थापना की जाएगी। आगामी भवन का नाम जेनिस एवं जगजीत बिंद्रा केमिकल इंजीनियरिंग एनेक्स रखा जाएगा। यह सुविधा केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के लिए शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार का एक आधुनिक केंद्र होगी। लगभग 4,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित यह अत्याधुनिक भवन विभाग की महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करेगा तथा उसकी शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्षमताओं के विस्तार में सहायक होगा। इस नई सुविधा में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट कक्षाएं, संकाय कार्यालय तथा सहयोगात्मक अनुसंधान स्थल स्थापित किए जाने की योजना है। यह भवन सतत प्रौद्योगिकियों, कम्प्यूटेशनल कैटालिसिस, जैव-प्रौद्योगिकी और उन्नत पदार्थों जैसे उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देगा। साथ ही, यह उद्योग-अकादमिक साझेदारी को सशक्त करेगा और अंतःविषय नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करेगा।

अपने योगदान के पीछे की प्रेरणा साझा करते हुए जगजीत सिंह बिंद्रा ने कहा आईआईटी कानपुर से प्राप्त उत्कृष्ट शिक्षा ने मेरे पेशेवर करियर की नींव रखी है। यह मेरा सौभाग्य और सम्मान है कि मुझे संस्थान में अपने छोटे से योगदान का अवसर प्राप्त हुआ, ताकि आईआईटी कानपुर भविष्य के छात्र-विद्वानों के जीवन को निरंतर समृद्ध करता रहे। आईआईटी का केमिकल इंजीनियरिंग विभागए जो संस्थान के स्थापना-कालीन विभागों में से एक है, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर अग्रणी रहा है। यह नया एनेक्स विभाग की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने तथा अनुसंधान, नवाचार और वैश्विक सहयोग को आगे बढ़ाने की क्षमता को और मजबूत करेगा। संस्थान के निदेशक प्रो मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा श्री बिंद्रा, आईआईटी कानपुर के दीर्घकालिक योगदानकर्ताओं में से एक रहे हैं। आईआईटी कानपुर के शैक्षणिक एवं अनुसंधान के विकास हेतु समर्थन के लिए हम उनके प्रति कृतज्ञ हैं। इस सुविधा की स्थापना आईआईटी में रासायनिक अभियांत्रिकी के क्षेत्र में शिक्षा, नवाचार तथा अनुप्रयुक्त अनुसंधान के लिए नए अवसरों का सृजन करेगी। आईआईटी के संसाधन एवं पूर्व छात्र मामलों के अधिष्ठाता अमेय करके ने कहा श्री बिंद्रा का आईआईटी कानपुर के साथ निरंतर जुड़ाव अत्यंत प्रेरणादायक है। वर्षों से उनके योगदान ने संस्थान को महत्वपूर्ण रूप से सशक्त बनाया है, और यह नवीनतम प्रतिबद्धता उनके स्थायी विरासत को और भी दृढ़ करती है। यह योगदान श्री बिंद्रा के आईआईटी कानपुर के साथ लंबे समय से जुड़े संबंधों को और मजबूत करता है। पिछले तीन दशकों में उन्होंने संस्थान की अनेक महत्वपूर्ण पहलों को सहयोग प्रदान किया है। श्री बिंद्रा एक वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित उद्योग लीडर हैं। उन्होंने अपने पेशेवर जीवन में अनेक प्रमुख संगठनों में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाई हैं तथा ल्योंडेलबासेल ए लार्सन एंड टुब्रो, एडिसन इंटरनेशनल, ट्रांसओशियन और वर्ली जैसी वैश्विक कंपनियों के निदेशक मंडलों में भी योगदान दिया है।

## आधा दर्जन युवकों ने छात्र को पीट-पीटकर किया घायल

कानपुर। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट देखने के दौरान आधा दर्जन युवकों ने एक विधि छात्र को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची जाजमऊ पुलिस ने जांच-पड़ताल कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जगईपुरवा निवासी मनीष उर्फ लकी राजपूत ने ने बताया कि वह 8 जून की रात करीब 1 बजे ओमपुरवा स्थित पार्क में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट देखने गए थे। वहां उनकी मोटरसाइकिल पर 6 से 7 युवक बैठ गए। जब लकी ने उन्हें वाहन को नुकसान पहुंचने की बात कहकर हटने को कहा, तो आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर शिब्बू मिर्जा, रेहान, शिवा, सहजान और सोहेल उर्फ मिल्ली सहित अन्य युवकों ने लोहे की रॉड से हमला कर दि या। हमले में मनीष के सिर और कान में गंभीर चोटें आईं, साथ ही शरीर पर भी कई जगह चोट के निशान मिले। मनीष ने बताया कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी देकर भा निकले।

## खबर एक नजर

### ग्राम समाज का चिन्हांकन करने पहुंचे लेखपाल के साथ मारपीट

**गाली गलौज कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के साथ अभिलेख छीन लेने का आरोप**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर ।बुधवार को उप जिलाधिकारी महोदय नर्वल के ग्राम समाज की जमीन के चिन्हांकन के आदेश पर साढ़ क्षेत्र के बरईगढ़ गांव पहुंचे राजस्व लेखपाल के साथ युवक ने अभद्रता कर मारपीट शुरू कर दी और अभिलेख छीन लिए गए मामले की लिखित शिकायत राजस्व लेखपाल द्वारा थाना पुलिस से की गई। राजस्व लेखपाल अमरीश कुमार ने तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि बुधवार उप जिलाधिकारी नर्वल विवेक मिश्रा के आदेश पर वह बरईगढ़ स्थित आराजी संख्या 1171 में ग्राम समाज की भूमि का चिन्हांकन करने अभिलेख सहित टीम के साथ पहुंचा था जहां आवास विकास कानपुर निवासी अमित तिवारी नामक व्यक्ति के द्वारा कार्य नहीं करने दिया गया तथा गाली गलौज करते हुए मारपीट कर अभिलेख भी छीन लिए गए साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में जांचकर विधिक कार्यवाही की जा रही।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**साढ़ थाना क्षेत्र के इटहरा गांव में हुए हादसे से परिजन बेहाल**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ थाना क्षेत्र के इटाहरा गांव में बुधवार दोपहर घर के बाहर लगे समर सेवल की खराब मोटर को चेक करने के दौरान युवक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया आनन फानन परिजन उसे लेकर प्राइवेट अस्पताल भागे जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही परिजन बदहवास हो गए। जानकारी के अनुसार इटहरा निवासी गुलाब यादव का 24 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार दरवाजे पर लगे सबमर्सिबल पंप की मोटर चेक कर रहा था उसी दौरान वह करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया जिसे परिजन तत्काल लेकर कानपुर भागे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई बताया जाता है कि मृतक संदीप दो भाईयों में सबसे बडा था और बीते दिन पुलिस भर्ती से लौटा था मौत की खबर से परिजनों सहित ग्रामीण गमगीन हो गए पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### युवक का शव फांसी पर मिला झूलता

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के वीर पुर की भ द रस मोड़ पर एक युवक का शव फांसी पर झूलता देख लोगों में हलचल मच गई। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचीं पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटना की जांच के साथ शव को पोस्ट मार्टम केलिए भेजा। कस्बा चौकी प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम वीरपुर से भद्ररस रोड के पास एक व्यक्ति जिसका नाम अंकुर 20 पुत्र बच्चा निवासी ग्राम अतरार छानी बुजुर्ग थाना विंबार जनपद हमीरपुर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। फील्ड यूनिट को सूचना दे दी गई है। मौके पर पर चौकी फोर्स मौजूद है। परिजन को सूचना देकर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### नशे में धुत बैंक मैनेजर पति पर पत्नी ने लगाया मार पीट का आरोप

**ऽ पत्नी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा दहेज़ को लेकर देते रहते थे ससुराल वाले ताना**

घाटमपुर। कस्बे के अशोकर नगर दक्षिणी वार्ड में एक विवाहिता को बेरहमी से पीटे जाने व धमकाने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।प्रियंका सचान ने बैंक मैनेजर पति व ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उस का विवाह अशोक नगर दक्षिणी वार्ड निवासी विभाषु सचान पुत्र संतोष सचान उर्फ विनय सचान के साथ 27 जनवरी 2017 को हिन्दू रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ था। उस के पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था। दिये गये दान दहेज से ससुरालीजन संतुष्ट नही थे। आये दिन उस को ताना देते रहते थे।उस के दो बच्चे हैं। विवाह के बाद उस को जानकारी हुई की उस का पति प्रतिदिन शराब पीकरर नशे में धुत होकर घर आता है।उस का पति वर्तमान समय में आर्यावत बैंक में बैंक मैनेजर की पोस्ट मे कार्यरत है तथा ब्रांच देवगांव जनपद हमीरपुर में है। 14 दिसंबर 2025 को उस के पति नशे में धूत होकर उस के साथ मारपीट करने लगा।शोर मचाने पर सास किरन सचानए ससुर संतोष सचानए देवर सुधांशु सचान व घर में मौजूद मौसी सास की पुत्री गरिमा सचान सभी एकराय होकर उस के साथ मारपीट करने लगे। सास ने उस की गर्दन दबा दिया।जिसके चलते उस के चेहरे व गर्दन में गम्भीर चोट के निशान आ गए । शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। आसपास के लोगो को इकट्ठा होता देखकर उसको छोड दिया। तब उस ने डायल 112 कर पुलिस को बुला लिया तब जाकर जान बची। उसके मायके आने पर भी उस का पति फोन करके आज भी धमकी देता है कि तुम हमारा कुछ नही कर पाओगी हम तुम्हे झूठे मुकदमे में फसवा देगे। जिसे लेकर वह भयभीत व परेशान है। थाना प्रभारी मनोज कुमार भदौरिया ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है

### बार एसोण्ने प्रमुख सचिव राजस्व से की तहसीलदार की शिकायत

**ऽ तहसील में सात साल से जमे कर्मचारियों के तबादले की मांग की**

घाटमपुर। प्रभारी तहसीलदार के विरुद्ध पहले से मोर्चा खोले अधिवक्ताओं ने अब प्रमुख सचिव राजस्व को पत्र भेज कर तहसीलदार व 7 साल से जमे तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को भी हटाए जाने की मांग की है। आरोप है कि इनकी वजह से तहसील में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। उन्होंने कहा है कि नायब तहसीलदार को तहसीलदार बनाने के बजाय जो इस पद के लिए जो अधिकृत होए जाएगा उसकी ही तहसील में तैनाती की जाए।बार एसोसिएशन ने भेजे गए पत्र में आगे कहा है कि तहसीलदार पद पर कार्य कर रही नायब तहसीलदार का व्यवहार अधिवक्ताओं व कर्मचारियों के साथ सही व्यवहार नहीं है। जिससे तहसील का माहौल खराब हो रहा है। इनके खिलाफ पहले भी वकीलों ने 45 दिन की हड़ताल की थी और जी हुजूरी न करने वाले कर्मचारियों को नोटिस पकड़ा दी जाती है। जिसके चलते इसी से कर्मचारी भी आए दिन हड़ताल करते रहते हैं। भेजे गए पत्र में यह भी कहा गया है कि प्रभारी तहसीलदार भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और अपने रिश्तेदारों के नाम संपत्ति बना रही हैं। उनका कहना है कि शासकीय नियमानुसार तहसीलदार का प्रभार उनके न होने पर एसडीएम के पास होना चाहिए न कि नायब तहसील दार के पास। उपजिलाधिकारी भी सभी कार्यवाहियों में सम्मिलित हैं। भेजे गए पत्र में उन्होंने एसडीएमए तहसीलदार व सात आठ वर्षो से जमे कर्मचारियों के स्थानांतरण की मांग की है।

### लोडर की टक्कर से मासूम समेत तीन घायल

घाटमपुर। जहानाबाद रोड़ पर एक गेस्ट हाउस के पास लोडर की टक्कर से बाइक से जा रहे बावन सजे ती निवासी सूर्य कुमार 60 व उनकी पत्नी प्रेम लता 58 व साथ जा रहा 05 साल का नाती रियाश घायल हो गए। जिन्हें इलाज केलिए सीएचसी लाया गया। सूर्य कुमार को आई गम्भीर चोटों पर सीएचसी से हेलट अस्पताल रेफर किया गया। वहीं थाना क्षेत्र के शीतल पुर मोड़ पर बाइक के पोल से टकराने पर कस्तूरी पुर निवासी आनन्द 25 पुत्र राम नारायण घायल हो गए। जिन्हें भी इलाज केलिए सीएचसी से उर्सला अस्पताल रेफर किया गया।

## अपना दल एस की मासिक बैठक में जुटी भीड़, कराया ताकत का ऐहसास



**ऽ मुख्य अतिथि ने जोन अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्षों के कार्यो की समीक्षा कीए साथ ही सभी को अपने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने को कहा**

**ऽ विधायक ने अपना दल ;एसद्ध के सभी पदाधिकारियों को झंडे देकर अपने कार्यालयध्आवास पर नेम प्लेट एवं पार्टी का झंडा लहराने का किया आह्वाहन**

घाटमपुर। बुधवार को विधायक सरोज कुरील ने अपना दल ;एसद्ध की विधान सभा घाटमपुर की मासिक बैठक अपना दल ;एसद्ध कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने पार्टी की ताकत का ऐहसास कराया। मासिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉण् हरि शंकर पटेल ने सेक्टर अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा कीए साथ ही सभी को अपने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने को कहा। वहीं विधायक सरोज कुरील ने अपना दल ;एसद्ध के सभी पदाधिकारियों को झंडे देकर अपने कार्यालयध्आवास पर नेम प्लेट एवं पार्टी का झंडा लहराने का आह्वाहन किया।मासिक बैठक में आए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए विधायक ने कहा कि पार्टी मुख्यालय के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 12 तारीख को जोन स्तरीयए 15 तारीख को सेक्टर स्तरीय एवं 18 तारीख को बूथ स्तरीय बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जिसमे सभी लोग समर्थकों के साथ शामिल हों। उन्होंने जनसेवा सभी समर्थकोंए मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के दायित्व का निर्वहन करने को भी कहा। इस मौके पर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने हेतु सदस्यता अभियान एवं सक्रिय सदस्य बनाने का कार्य निरंतर जारी रखने पर बल दिया गया। साथ ही इस अवसर पर सजेती जोन अध्यक्ष विनोद सचानए नौरंगा जोन अध्यक्ष कुलदीप कुशवाहाए पतारा जोन अध्यक्ष अभिनवए रेऊना जोन अध्यक्ष जीतू चौरसिया के अलावा अन्य समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिन्हें भी घरों से अपना दल एस के झंडे देकर रवाना किया गया



### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चला अभियान

**साढ़ थाना के कुम्हड़िया तिराहे पर 70 से अधिक वाहनों के हुए चालान**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। थाना साढ़ की क्रिटिकल कारीडोर टीम के प्रभारी संग्राम सिंह ने टीम सहित भीतरगांव चौकी के कुम्हेड़िया तिराहे पर सघन अभियान चला यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले करीब 70 वाहनों के चालान किए। चेकिंग के दौरान तीन सवारी बिठाने बिना हेलमेट बाइक चलाने मॉडिफाइड साइलेंसर प्रेशर हॉर्न लगी गाड़ियों के भारी भरकम चालान काटे गए सीसी टीम प्रभारी सब इंस्पेक्टर संग्राम सिंह ने बताया कि सघन वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट सहित चार चार सवारी लेकर चलने वाले लोगों के चालान काटे गए वाहन चालकों को बिना हेलमेट यात्रा न करने के लिए जागरूक किया गया।



### लेखपाल संघ का धरना जारी पदाधिकारियों को जारी हुई नोटिसें

**स्पष्टीकरण मांगे जाने के साथ थमाए गए आरोप पत्रए कुछ लेखपाल साथियों को फोन पर धमकाने का लगाया आरोप**

घाटमपुर।तहसीलदार अंकिता पाठक की रिपोर्ट पर लेखपाल संघ के महामंत्री नवनीत कुमार मिश्रा को एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह द्वारा निलंबित किए जाने के विरोध में लेखपालों का दूसरे दिन भी धरना तहसील में धरना दिया। इस दौरान वार्ता को न बुलाकर अधिकारियों द्वारा अन्य पदाधिकारियों को भी नोटिस जारी किए जाने से उनमें नाराजगी दिखाई दी। तहसीलदार की रिपोर्ट में नवनीत कुमार मिश्र पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। जिनमें अभद्रताए दूसरे कर्मचारियों को भड़कानेए बीडीओ से अशिष्ट आचरणए जनगणना जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में नकारात्मकता दिखाने की बात कही थी। इसी को देखते हुए सोमवार को लेखपाल को एसडीएम ने निलंबित कर दिया था। संघ के महामंत्री के निलंबन से नाराज लेखपाल मंगलवार को धरने में बैठ गए थे।लेखपाल संघ अध्यक्ष आदेश कुमार ने बताया कि लेखपाल साथियों द्वारा अपने जनगणना सम्बन्धी उत्तरदायित्वों को भी पूर्ण किया गया। अधिकारियों ने आज भी किसी भी तरह की वार्ता नहीं की गई है।ऊपर से उनकेए वरिष्ठ उपाध्यक्ष माध्वी द्विवेदीए अंकित कश्यप कोषाध्यक्षए विकास सचानए विमल कुमार तहसील उपमंत्रीए सुजीत सिंह जिला मन्त्री समेत अन्य साथियों को नोटिसए स्पष्टीकरण व आरोप पत्र जारी कर द?मनात्मक कार्यवाही करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कुछ साथियों को फोन पर धमकाने का भी प्रयास किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में उच्चाधिकारियों के तानाशाही अपनाने के कारण वह लोग उत्पीडन का शिकार हैं। बताया कि आज से सभी लेखपाल साथियों ने प्रशासनिक व्हाट्स अप ग्रुप छोड़ दिया गया।

### शंभुआ पुल घंटों जाम लगने से फंसी रोड़ वेज बसें, लोग रहे परेशान

**डंपर खराब होने से करीब चार घंटे तक फंसे रहे दो पहिया व चार पहिया वाहन**



घाटमपुर। शायद ही कोई दिन ऐसा हो जब विधनू से लेकर नौबस्ता मेट्रो लाइन तक का सफर बिना जाम के होता हो। दिन पर दिन लाइलाज हो रही जाम की समस्या के बीच बुधवार को तड़के शंभुआ पुल पर डंपर खराब होने से जाम लगा गया। जब तक मौके पर पुलिस क्रेन से डंपर को हटवाती तब तक दोनों करीब 12 किमी तक जाम लग गया।जिससे चार घंटे तक लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। जाम में घंटों रोड़ वेज बसों के फंसने से यात्री प्यास से बिलबिलाते रहे।डंपर खराब होने से लगे जाम में करीब चार घंटे तक दो पहिया व चार पहिया वाहन सवार भी फंसे रहे। तड़के शंभुआ पुल पर डंपर खराब होने से एक ही लेन से ही दोनो ओर के वाहन निकलने से जाम लगने लगा। धीरे धीरे जाम क्षेत्र के पतारा कस्बे तक पंच गया। वहीं कानपुर से आने वाली लेन में कठेरुआ तक जाम लग गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने क्रेन को बुलाकर डंपर को हटवाया तब कहीं जाकर वाहनों का निकलना शुरू हुआ। इस दौरान करीब चार घंटे तक लोगों को जाम में फंसना पड़ा।

### चेकिंग अभियान में 47 वाहनों के हुए चालान, 7 हजार जुर्माना

**बाइक पर ज्यादातर मिलीं तीन सवारी, चालक के पास न हेलमेट था न लाइसेंस**



घाटमपुर। साढ़ थाना के सीसीटी प्रभारी संग्राम सिंह की टीम ने कुड़नी मार्ग पर असबानगर मोड़ के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले 47 वाहन चालकों के चालान काटे गए। चेकिंग के दौरान एक ही बाइक पर तीन सवारी बैठाकरए बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस के फर्राटा भरने पर बाइक का सात हजार रुपये का भारी.भरकम चालान काटा गया।सीसीटी प्रभारी संग्राम सिंह ने बताया चेकिंग के दौरान एक सैकडा के आसपास वाहनों की चेकिंग की गई। बिना हेलमेट और लाइसेंस वाले कई चालकों पर छै.छै हजार रुपये तथा सिर्फ हेलमेट न लगाने वाले दो दर्जन से अधिक चालकों पर एक.एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्रेशर हॉर्न से ध्वनि प्रदूषण करने पर दो वाहनों का चालान काटा गया। वहीं प्रभारी निरीक्षक के के मिश्रा ने दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक इस अभियान को केवल पुलिस की सख्ती न समझेंए बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए सहयोग करें। शराब पीकर वाहन चलाने वालोंए दो से अधिक सवारी बैठाने और फॉल्टी नंबर प्लेट वालों पर प्रतिदिन अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

**कार्यालय नगर पंचायत खागा -फतेहपुर**

संख्या -141/ न०पं० खागा/ वर्ष 2026-27 दिनांक 09.06.2026

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत खागा द्वारा पेयजल व्यवस्था अन्तर्गत नलकूपो के लिये सबमर्सिबल पम्प सेट की आपूर्ति का कार्य नीचे लिखित विवरण अनुसार किया जाना है। जिसके लिये इच्छुक ठेकेदारो / फर्मो / डीलरो से कोटेशन दिनांक 10.06.2026 से दिनांक 17.06.2026 तक आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 02.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। कोटेशन आमंत्रण सम्बन्धी विवरण निम्नवत् है–

| क्र.सं. | विवरण | दर |
|---|---|---|
| 1- | 30HP 415V 3 Phase 50 HZ 4 Stage 45M Head 1800 LPM V-8 KSB/VARUNA Make Submersible Pump Set With NRV Complete. | रुपये प्रति नग मे |
| 2- | 25HP 415V 3 Phase 50 HZ 4 Stage 45M Head 1500 LPM V-8 KSB/VARUNA Make Submersible Pump Set With NRV Complete. | |

**कोटेशन हेतु नियम व शर्ते –**

01 कोटेशन खोलते समय डीलर / दुकानदार अथवा उसका प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है।
02 कोटेशन स्वीकृत होने के उपरान्त कार्यादेश के अनुसार निर्धारित अवधि में सामाग्री आपूर्ति करना होगा।
03 कोटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
04 कोटेशन खुलने के दिनांक को अवकाश हो जाने की दशा मे कोटेशन खोलने की कार्यवाही अगले कार्यदिवस मे की जायेगी।

(देवहूती पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खागा, फतेहपुर

(गीता सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत खागा, फतेहपुर

**कार्यालय नगर पंचायत शिवराजपुर जनपद कानपुर नगर**

पत्रांक– 123 / न०पं०शि० / कोटेशन / 2026–2027 दिनांक– 10.06.2026

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन प्रकाशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग / निकाय निधि में प्राप्त धनराशि से निकाय के समस्त वार्डों में नाला सफाई एवं कार्यालय कार्य हेतु उपयोगी / आवश्यक सामग्री के लिए कोटेशन / निविदा आमन्त्रित की जाती है, इच्छुक व्यक्ति दिनांक 17.06.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में निविदा प्रस्तुत कर सकते है जो कि उसी दिन अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष महोदया के समक्ष प्राप्त निविदायें खोली जायेगी। निर्धारित समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, यदि किसी कारणवश से निविदा उसी दिन ना खुल पाने की स्थिति मे अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी एवं निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किये जायेंगे, शेष नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है, निविदा का विवरण निम्नलिखित है–

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | इकाई | आपूर्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | लैपटॉप (आई–5 प्रोसेसर) | प्रति नग | 01 |
| 2. | कम्प्यूटर यू०पी०एस० सहित | प्रति नग | 01 |
| 3. | प्रोजक्टर, साउण्ड एवं माईक | प्रति नग | 01 |
| 4. | ए०सी० (1.5 टन) | प्रति नग | 02 |
| 5. | नगर पंचायत शिवराजपुर में बने सरकारी आवास हेतु फर्नीचर | प्रति नग | संलग्न सूची के अनुसार |
| 6. | स्वागत द्वार में मरम्मत का कार्य | प्रति नग | 04 |
| 7. | कीटनाशक सामग्री (चूना, मैलाथियान पाउडर फॉगिंग एवं मैलाथियान लिक्विड–स्प्रे) | प्रति / किग्रा० व लीटर | संलग्न सूची के अनुसार |

**नाला सफाई**

| क्र० सं० | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बिलहल रोड, बेकरी से धोबी तालाब तक एवं धोबी तालाब से मदन गेस्ट हाउस तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाई का कार्य। | 4,63,668.00 | 47,000.00 | 500+90=590 | 07 दिन |
| 2. | जी०टी० रोड, थाने से रामसहाय इण्टर कॉलेज तक, रेलवे स्टेशन से रेलवे क्रासिंग तक एवं शिवली बम्बा से शीतला माता मन्दिर तक नाला सफाई एवं सिल्ट ढुलाई का कार्य। | 4,99,123.00 | 50,000.00 | 500+90=590 | 07 दिन |
| 3. | शिवली क्रासिंग से बम्बा तक एवं थाने से गोपेश्वर मन्दिर तक नाला सफाई एवं सिल्ट ढुलाई का कार्य। | 4,98,983.00 | 50,000.00 | 500+90=590 | 07 दिन |
| 4. | के०एस० हॉस्पिटल से भटपुरा मोड़ पुलिया तक एवं मदन गेस्ट से पाल की दुकान तक नाला सफाई एवं सिल्ट ढुलाई का कार्य | 84,270.00 | 8,500.00 | 100+18=118 | 07 दिन |

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पंचायत शिवराजपुर कानपुर नगर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत शिवराजपुर कानपुर नगर

**असोथर ब्लॉक अध्यक्ष अनुशासनहीनता में निष्कासित**

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन (अरा.) के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने संगठन स्तर पर बड़ी कार्रवाई की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि असोथर कस्बा निवासी सोनू सिंह गौतम को अनुशासनहीनता और संगठन विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण असोथर ब्लॉक अध्यक्ष के पद तथा संगठन की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी दी कि संगठन में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्यकर्ता किसानों की समस्याओं को लेकर पूरी ईमानदारी से संघर्ष करें।

## फतेहपुर कलेक्ट्रेट में आत्मदाह का प्रयास

# दो साल की प्रशासनिक बेरुखी से हारी महिला ने खुद पर छिड़का डीजल

**सूबे में त्वरित न्याय और जीरो टॉलरेंस के दावे क्या महज हवाहवाई?**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के दावों और दबंगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की जमीनी हकीकत को तार-तार करती हुई एक बेहद झकझोर देने वाली घटना फतेहपुर जिला मुख्यालय से सामने आई है। न्याय के सबसे बड़े केंद्र यानी जिलाधिकारी कार्यालय (कलेक्ट्रेट) परिसर में उस समय हड़कंप और चीख-पुकार मच गई, जब दो साल से दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक चुकी एक बेबस महिला ने प्रशासनिक संवेदनहीनता से तंग आकर अपने ऊपर डीजल उड़ेल लिया और आत्मदाह का प्रयास किया। गनीमत रही कि कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों और वहां मौजूद आम लोगों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को समय रहते दबोच लिया, वरना लोकतंत्र के इस सबसे सुरक्षित माने जाने वाले परिसर में एक और बेगुनाह की जिंदगी सिस्टम की भेंट चढ़ जाती।

मकान पर अवैध कब्जे और अपनों की दगाबाजी से टूटी यह पीड़ित महिला जनपद की खागा तहसील क्षेत्र की रहने वाली है। कलेक्ट्रेट परिसर में बदहवास हालत में रोती-बिलखती महिला ने जो आपबीती सुनाई, वह किसी भी संवेदनशील समाज और प्रशासन को शर्मसार करने के लिए काफी है। पीड़िता का आरोप है कि उसके सगे भाई वीरेंद्र ने उससे न केवल 6 लाख रुपये की मोटी रकम ऐंठ ली, बल्कि दबंगई के दम पर उसके एकमात्र आशियाने पर भी जबरन कब्जा कर लिया। अपना खुद का घर छिन जाने के बाद से यह महिला दाने-दाने को मोहताज है और पाई-पाई के लिए तरसते हुए किसी तरह किराए के मकान में नरकीय जीवन जीने को मजबूर है।

इस पूरे घटनाक्रम ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली और उसकी जवाबदेही पर एक बड़ा और चुभता हुआ सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर इतने लंबे समय के बाद भी पीड़िता को इंसाफ क्यों नहीं मिला? महिला वर्ष 2024 से लेकर अब तक लगातार पुलिस कप्तान, खागा तहसील के अधिकारियों और जिला कलेक्ट्रेट के विभिन्न दफ्तरों की चैखट खटखटा रही थी। दो साल का लंबा वक्त बीत गया, लेकिन साहबों की कुर्सी के नीचे दबी महिला की अर्जियां कभी इंसाफ की शक्ल नहीं ले सकीं। हर बार पीड़िता को केवल कोरा आश्वासन दिया गया और जब रक्षक ही मूकदर्शक बन गए, तो सिस्टम से पूरी तरह निराश हो चुकी महिला ने कलेक्ट्रेट को ही अपनी डेथ-बेड बनाने का खौफनाक फैसला कर लिया।

यह आत्मघाती कदम सीधे तौर पर सूबे की योगी सरकार की नीतियों, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और जनसुनवाई पोर्टल की विश्वसनीयता को कटघरे में खड़ा करता है। मुख्यमंत्री हर मंच से भू-माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ तत्काल ऐक्शन की बात करते हैं, लेकिन फतेहपुर का यह मामला दिखाता है कि क्या ये दावे केवल हवाहवाई और कागजी आंकड़ों तक सीमित हैं? अगर समाधान दिवसों और तहसील स्तर पर सुनवाई की व्यवस्था में रत्ती भर भी सच्चाई होती, तो खागा की इस बेटी को अपनी जान दांव पर लगाने के लिए विवश नहीं होना पड़ता। दो साल का समय किसी भी जांच और कार्रवाई के लिए पर्याप्त से ज्यादा होता है, लेकिन यहां न्याय की सुई पूरी तरह ठप पड़ी रही।

कलेक्ट्रेट जैसी अति सुरक्षित जगह पर महिला द्वारा खुद पर डीजल डालने की खबर जैसे ही शीर्ष अधिकारियों तक पहुंची, प्रशासनिक महकमे और पुलिस महकमे के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक मजिस्ट्रेट ने महिला को हिरासत में लेकर शांत कराया और उसे पानी पिलाया। हमेशा की तरह, जब पानी सिर से ऊपर गुजर गया और बात मीडिया तक पहुंच गई, तब जाकर प्रशासन की नींद टूटी है। अधिकारियों ने महिला की पूरी दर्दभरी शिकायत को सुनते हुए तत्काल मामले की निष्पक्ष जांच कराने और उसका मकान वापस दिलाने का आश्वासन दिया है।

लेकिन बड़ा सवाल फिर वही बना हुआ है कि जो काम दो साल में साधारण और वैधानिक तरीके से हो जाना चाहिए था, उसके लिए प्रशासन तब तक क्यों सोया रहा जब तक कि एक पीड़ित महिला ने अपनी जान दांव पर नहीं लगा दी? क्या उत्तर प्रदेश का प्रशासन अब तभी जागेगा जब कोई फरियादी मरने की कगार पर पहुंच जाएगा? इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना ने स्थानीय थानों, तहसीलों और समूचे जिला प्रशासन की संवेदनशीलता को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है।

# ताम्बेश्वर धाम में भाजपाईयों ने किया हवन, पीएम मोदी की दीर्घायु के लिए मांगी मन्नतें

**– प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद के सभी 23 मंडलों में आयोजित हुए धार्मिक अनुष्ठान**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लगातार 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बुधवार को जनपद में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजन सिद्धपीठ ताम्बेश्वर धाम में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव की अगुवाई में हुआ, जहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल राष्ट्रसेवा, सफल नेतृत्व और जनकल्याण का अप्रतिम उदाहरण है। उनके दृढ़ संकल्प से देश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज पूरा जनपद प्रधानमंत्री के निरंतर यशस्वी नेतृत्व के लिए देवालयों में प्रार्थना कर रहा है।

जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि लोकतांत्रिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 4,399 दिन पूर्ण कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिले के सभी 23 मंडलों के प्रमुख मंदिरों में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यालय के अलावा खागा कस्बे में प्रधानमंत्री के सफल कार्यकाल की खुशी में भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व जिला उपाध्यक्ष विकास पासवान और व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, हुसैनगंज मंडल में पूजा-अर्चना के बाद विशाल भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें जिला महामंत्री सुशीला मौर्या ने सहभागिता की। उधर, जहानाबाद के राम-जानकी धाम (रामतलाई) स्थित भगवान नर्मदेश्वर भोलेनाथ का मंडल अध्यक्ष नितिन ओमर और शिवम शुक्ला की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने जलाभिषेक कर मंगलकामना की।

ताम्बेश्वर धाम के मुख्य अनुष्ठान में प्रमुख रूप से पंकज त्रिवेदी, कुलदीप भदौरिया, नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, अपर्णा सिंह गौतम, सुनीता गुप्ता, ज्योति प्रवीण, पंकज त्रिपाठी, जसवन्त गिहार, देवाशीष पटेल, रामप्रकाश गुप्ता, राजा सिंह कछवाह, भानु प्रताप सिंह गौतम, ओम मिश्रा, प्रसून बाजपेयी, राजेश सिंह, सुधांशु श्रीवास्तव, कमलेश योगी, विनोद चन्देल, बलराम लोधी और बृजेश सोनी आदि कार्यकर्ता, नागरिक उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन पर लगी केंद्र सरकार की होर्डिंग अराजक तत्वों ने फाड़ी

**फतेहपुर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में केंद्र सरकार की ओर से लगाई गई स्वदेशी हथियारों के प्रचार वाली एक होर्डिंग को अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। होर्डिंग के बीच का हिस्सा पूरा फटा हुआ मिलने के बाद स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्रों में इसकी चर्चा तेज हो गई है। इस घटना से रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील और सुरक्षित माने जाने वाले स्थान की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के बगल में नए ओवरब्रिज के पास लगी यह होर्डिंग देश की रक्षा उत्पादन क्षमता और स्वदेशी हथियार निर्माण में भारत की उपलब्धियों को दर्शाती थी। मंगलवार की रात होर्डिंग का हिस्सा फटा हुआ दिखाई दिया, जिसे देखकर स्थानीय नागरिकों ने गहरी नाराजगी जताई है। वर्तमान समय में पुलिस भर्ती परीक्षा के चलते स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ उमड़ रही है, ऐसे में सार्वजनिक स्थल पर लगी सरकारी प्रचार सामग्री को नुकसान पहुंचाए जाने की घटना ने सुरक्षा पर सवालिया निशान लगा दिया है। स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन और जीआरपी से मामले की जांच कर दोषियों की पहचान करने तथा स्टेशन परिसर में गश्त व निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

## रोल ट्यूब फैक्ट्री में वेतन वृद्धि को लेकर श्रमिकों का कार्य बहिष्कार

चैडगरा (फतेहपुर)। औद्योगिक क्षेत्र स्थित रोल ट्यूब फैक्ट्री में बुधवार को श्रमिकों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर काम बंद कर दिया और फैक्ट्री गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। श्रमिकों का कहना है कि बढ़ती महंगाई में मौजूदा वेतन से गुजारा करना मुश्किल है और प्रबंधन बार-बार मांग करने के बाद भी कोई ठोस फैसला नहीं ले रहा है। कर्मचारियों ने मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि चैडगरा क्षेत्र में पिछले तीन दिनों के भीतर यह तीसरा श्रमिक आंदोलन है। इससे पहले गोकुल और फैमिली फैक्ट्री के कर्मचारी भी प्रदर्शन कर चुके हैं। फिलहाल, विवाद सुलझाने के लिए प्रबंधन और श्रमिकों के बीच बातचीत की संभावना जताई

## पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन एसपी ने फिर परखी सुरक्षा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकल विहीन ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा के अंतिम दिन बुधवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सघन तलाशी व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और परीक्षा कक्षों की सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से परखा। उन्होंने परीक्षा केंद्र के प्रत्येक महत्वपूर्ण बिंदु का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने दावा किया कि भर्ती परीक्षा पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी माहौल में संपन्न करा ली गई है।

## शिक्षिका चंपा शर्मा की पुस्तक का बीएसए ने किया विमोचन

फतेहपुर। नगर क्षेत्र की शिक्षिका एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित चंपा शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक नवाचार-एक पहल का विमोचन बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्या ने किया। पुस्तक विमोचन के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोगों और नवाचारों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। लेखिका चंपा शर्मा ने बताया कि उनकी इस नवीनतम पुस्तक में देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षकों से नवाचार आमंत्रित किए गए थे, जिनमें से सर्वश्रेष्ठ 39 शिक्षकों के उत्कृष्ट नवाचारों को पुस्तक में स्थान दिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक और आनंददायक बनाना है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं अपने विद्यालय में पैड बैंक, स्कूल चिल्ड्रेन बैंक और गुल्लक नवाचार जैसे सफल प्रयोग संचालित कर रही हैं, जिन्हें राज्य स्तर पर भी सराहना मिली है। बीएसए और उपस्थित शिक्षकों ने चंपा शर्मा के इस प्रयास को शिक्षा जगत के लिए एक प्रेरणादायी पहल बताया।

## सभासद ने खोला मोर्चा, नाला सफाई में भ्रष्टाचार का आरोप

फतेहपुर। वार्ड नंबर 2 आवास विकास कॉलोनी के सभासद दीपक कुमार मौर्य ने जिलाधिकारी को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपकर नगर पालिका के नाला सफाई कार्य में बड़े भ्रष्टाचार की आशंका जताई है। सभासद का आरोप है कि खलील नगर से नवैया तालाब तक हुए नाला सफाई व सिल्ट निस्तारण का कार्य सिर्फ कागजों पर समेट दिया गया है। मौके पर भारी मात्रा में जलकुंभी, प्लास्टिक और गंदगी जमा है, जिससे डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि राजस्व व तकनीकी टीम से मौके की जांच कराई जाए। कार्य के दौरान की वीडियो, एमबी और भुगतान बिलों की जांच हो। कार्य अधूरा पाए जाने पर ठेकेदार का भुगतान रोककर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।

**– ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग**

## शाइन स्ट्राइकर्स और अमरजई इलेवन जीते

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। बांदा सागर रोड स्थित ग्रीन बॉक्स में श्ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग सीजन-1 का भव्य आगाज हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेन्द्र सचान ज्ञानू ने दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट की शुरुआत की। पहला मैच- शाइन स्ट्राइकर्स ने कचेहरी स्टार्स को 66 रनों से हरा दिया। शाइन स्ट्राइकर्स के बल्लेबाज अरुण ने मात्र 50 गेंदों में नाबाद 134 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच- अमरजई इलेवन ने अम्बेडकर इलेवन को 6 विकेट से मात दी। अमरजई इलेवन के ऑलराउंडर वाइस ने 2 विकेट लेने के साथ नाबाद 40 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। इस मौके पर आशीष शुक्ला जीतू, देवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## एसपी ने सीओ कार्यालय का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

फतेहपुर। जिले में कानून व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय, यातायात कार्यालय व सीसीटीवी कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, यातायात प्रबंधन तथा सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों को हमेशा अपडेट रखने और कार्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। यातायात कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता की सुविधा और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा जाए। इसके बाद कंट्रोल रूम पहुंचे एसपी ने शहर में स्थापित कैमरों की मॉनिटरिंग व्यवस्था देखी और निर्देश दिए कि अपराध नियंत्रण और सुरक्षा के लिए तकनीकी संसाधनों का अधिकतम व प्रभावी उपयोग किया जाए।

## रक्त की कमी दूर करने को रेडक्रॉस ने चलाया अभियान

फतेहपुर। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में बुधवार को दो अलग-अलग स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। पहला शिविर प्रातः एमकेयू मलवां में तथा दूसरा शिविर दोपहर में बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल ऑफिस में आयोजित हुआ। एमकेयू मलवां में आयोजित शिविर में मनोज द्विवेदी, अर्जुन सिंह, गौरव शर्मा, कप्तान सिंह, गौरव अग्रवाल सहित 09 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि 25 अन्य ने भविष्य के लिए पंजीकरण कराया। वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित शिविर में एलडीएम गोपाल कृष्णा, मनोज कुमार जांगिड़, निखिल शर्मा, आशीष कुमार सहित 07 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि रीजनल हेड अरविंद कुमार और रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ. श्रीवास्तव ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और कहा कि रक्तदान महादान है।

## विटामिन-ए संपूर्ण अभियान का शुभारंभ

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विटामिन-ए संपूर्ण अभियान का शुभारंभ हो गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. यूबी सिंह ने अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विनोबा नगर में फीता काटकर इस अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. यूबी सिंह ने बताया कि 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दिए जाने से उनकी इम्युनिटी बढ़ती है और वे कुपोषण व विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि अभियान के तहत जिले में कुल 3,08,720 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ड्यू लिस्ट के अनुसार पात्र बच्चों को सत्र स्थलों तक लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस अभियान के तहत विटामिन-ए की खुराक जरूर दिलवाएं।

## अधेड़ और महिला ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत एक अधेड़ और एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पहली घटना मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम बरमतिपुर की है, जहां भिखारीलाल के 48 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार ने घरेलू कलह से तंग आकर घर के भीतर उस समय फांसी लगा ली जब परिवार के लोग सो रहे थे। दूसरी घटना ललौली थाना क्षेत्र के सिधांव गांव की है, जहां रमाकांत की 26 वर्षीय पत्नी शिवदेवी ने पति से हुई मामूली कहासुनी के बाद घर के अंदर फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अचानक अचेत होने से अधेड़ राहगीर की मौत

**फतेहपुर।** सुखिपुर गांव निवासी बाजीलाल का 55 वर्षीय पुत्र राधेश्याम अपनी पत्नी को साइकिल पर बैठाकर रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह बिलंदा नहर के समीप पहुंचा, तभी अचानक तबीयत बिगड़ने से वह बेहोश होकर गिर गया। आसपास के लोगों ने तत्काल सरकारी एम्बुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल भेजा, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा है।

## कलेक्ट्रेट में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

– 15 जून से शुरू होगा योग सप्ताह, इस बार हेल्दी एजिंग की थीम पर होंगे कार्यक्रम

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और 15 से 21 जून तक मनाए जाने वाले योग सप्ताह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योगा फॉर हेल्दी एजिंग की थीम पर मनाया जाएगा। यह थीम मुख्य रूप से पर्यावरण, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और वैश्विक कल्याण पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य योग के माध्यम से पूरे विश्व को निरोगी बनाना है।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत, विकास खंड और तहसील स्तर पर योग सप्ताह के दौरान सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांवों में बने अमृत सरोवरों, सार्वजनिक स्थलों और शहीद स्मारकों पर अनुभवी योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योगाभ्यास कराया जाए और इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी ससम्मान आमंत्रित किया जाए। जिला मुख्यालय का मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान में आयोजित होगा, जहां भारी संख्या में नागरिक एक साथ योग करेंगे।

जिलाधिकारी ने योग सप्ताह के दौरान सभी सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में योग का वृहद प्रचार-प्रसार करने तथा इस मुहिम से स्वयंसेवी संगठनों को भी जोड़ने की बात कही। बैठक में बताया गया कि योग सप्ताह के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले योग प्रशिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों को 21 जून को मुख्य समारोह में पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

**एमेज़ॉन सबसे भरोसेमंद ई-कॉमर्स प्लेटफार्म बनकर उभरा**

**कानपुर।** भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटल कॉमर्स के ईकोसिस्टम को काफी वित्तीय घाटे का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण है भ्रामक इंटरफेस डिज़ाईन, जिन्हें डार्क पैटर्न के रूप में जाना जाता है। डेटम इंटैलिजेंस की डार्क पैटर्न्स इन इंडियाज़ ऑनलाईन मार्केटप्लेसेज़ रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ग्राहकों को डार्क पैटर्न की वजह से हर साल 25,000 करोड़ रुपये से 28,000 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो रहा है। देश के 304 मिलियन ऑनलाईन खरीददारों में से 88 प्रतिशत को प्रतिमाह औसतन 78 रुपये से 87 रुपये का नुकसान होता है। एमेज़ॉन भारत के सबसे भरोसेमंद ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस के रूप में उभरा। 50 प्रतिशत ग्राहकों ने इसे सबसे विश्वसनीय प्लेटफॉर्म माना। इसके विपरीत फ्लिपकार्ट, मिंत्रा और नाईका के प्रति ग्राहकों में अविश्वास रहा। फ्लिपकार्ट के लिए विश्वास और अविश्वास का अंतर सबसे कम रहा। 41 प्रतिशत ने इसे सबसे कम विश्वसनीय मानाए जबकि 37 प्रतिशत ने इसे विश्वसनीय माना। इसकी वजह हर लेन-देन में ज्यादा पैसा वसूलना है। ऑनलाईन ट्रैवल में मेकमाईट्रिप को सबसे सुरक्षित प्लेटफॉर्म माना गया, जबकि क्लियरट्रिप सबसे अधिक नुकसानदायक प्लेटफॉर्म्स में से एक रहा। क्विक कॉमर्स में डार्क पैटर्न एक्सपोज़र के लिए सबसे खराब स्कोर बिग बास्केट का रहा। अध्ययन में सामने आया कि भारत में 304 मिलियन ऑनलाईन शॉपर्स में से 88 प्रतिशत को हिडन चार्ज, फोर्स्ड एडऑन, सब्सक्रिप्शन के झाँसेए ड्रिप प्राईसिंग और झूठे अर्जेंसी के हथकंडों की वजह से हर माह 78 रुपये से 87 रुपये का नुकसान होता है। इन तरीकों के कारण सीधा वित्तीय नुकसान तो होता ही है, साथ में ग्राहकों का विश्वास भी कम होता है।

**– फतेहपुर की 816 ग्राम पंचायतों में चला वृहद स्वच्छता अभियान**

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पंचायतीराज विभाग ने हटाए कूड़े के ढेर

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विशेष समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पंचायतीराज विभाग द्वारा बुधवार को जनपद की सभी 816 ग्राम पंचायतों में एक साथ वृहद स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान संचालित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है। अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों के माध्यम से पहले से चिन्हित किए गए गंदे स्थलों की विशेष रूप से साफ-सफाई कराई गई। इसके साथ ही गांवों की नालियों की सफाई, जल जमाव वाले स्थानों से पानी की निकासी और सार्वजनिक स्थानों पर लगे कूड़े के ढेरों का त्वरित निस्तारण कराया गया। कई गांवों में बड़े और पुराने कूड़े के ढेरों को हटाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद ली गई, जिससे गांवों का स्वरूप निखरा हुआ नजर आया।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में 10 जून को पूरी मुस्तैदी के साथ यह अभियान चलाया गया। दिनभर चली इस मुहिम के दौरान सफाई कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 453 बड़े कूड़े के ढेरों को पूरी तरह साफ किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगामी 21 जून तक निरंतर जारी रहेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ किया जा सके।

**बाईस महीनों से न्याय के लिए गरज रहे ठगी पीड़ित**

# बड्स एक्ट कानून के तहत भुगतान कराए जाने की डीएम से फिर उठाई मांग



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** चिटफंड कंपनियों में जमा अपनी गाढ़ी कमाई की वापसी को लेकर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के बैनर तले पीड़ितों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। अपनी मांगों को लेकर पिछले बाईस महीनों से पीड़ित नहर कॉलोनी परिसर में लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बुधवार को इसी क्रम में भारी संख्या में एकत्र हुए ठगी पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा और अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की गुहार लगाई।

ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिला अध्यक्ष अंबिका प्रसाद की अगुवाई में पीड़ित कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में मांग की गई कि भुगतान गारंटी अधिकार बड्स एक्ट 2019 के तहत सभी पीड़ितों का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। इसके अलावा ठगी कंपनियों के बंद होने से बेरोजगार हुए एजेंटों की सुरक्षा, सम्मान, रोजगार और पुनर्वास के लिए लिखित आदेश जारी किए जाएं। पीड़ितों ने यह भी मांग उठाई कि जिले की तीनों तहसीलों में आवेदन पटल खोलकर जमाकर्ताओं के आवेदन लिए जाएं और उन्हें बाकायदा मुहर व हस्ताक्षर के साथ रिसीविंग दी जाए।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिन कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है, उनके दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई हो और जिन पर अब तक मुकदमा नहीं हुआ है, उन पर बड्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की जाए। आरोप लगाया कि जिले में आज भी फर्जी कंपनियां खोलकर भोली-भाली जनता को लूटने का धंधा जोरों पर है, जिसकी जांच होनी चाहिए। पीड़ितों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बाईस महीने से चल रहे इस आंदोलन में आज तक कोई जिम्मेदार अधिकारी सुध लेने नहीं आया, जो कि जनता के साथ घोर अन्याय है। यदि समय रहते भुगतान की प्रक्रिया शुरू न हुई तो आगामी चुनाव का पीड़ित परिवार पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर संरक्षक सूरजदीन विश्वकर्मा, सतीश कुमार विश्वकर्मा, हरिओम प्रजापति, चंद्रशेखर प्रजापति, बिंदा प्रसाद, राजेंद्र लोधी, रामस्वरूप वर्मा और दीपक सैनी आदि पीड़ित मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सीमाओं पर निगरानी

इसमें कोई शक नहीं कि भारत को अपने कुछ पड़ोसियों से लगातार खतरा बना है। ये खुद में कितने भी परेशान क्यों न हों लेकिन भारत के खिलाफ कुचक्र रचने में बराबर जुटे रहते हैं। इसीलिए सीमापार से हो सकने वाली किसी भी साजिश के कामयाब होने का कोई भी रास्ता भारतीय सेना बाकी नहीं रहने देना चाहती। इसके लिए वह तकनीकों का सहारा भी ले रही है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में अन्य पक्षों की तरह अब युद्ध भी तकनीकों पर आधारित हो रहे हैं। इसीलिए सीमाओं को सुरक्षित एवं अभेद्य बनाने के लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत करने और बाड़बंदी के काम को तेज किया जा रहा है। इसके तहत भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश सीमा सहित अन्य संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों का व्यापक प्रयोग बढ़ाया जाएगा। इसमें अत्याधुनिक निगरानी कैमरे, ड्रोन, सेंसर, रडार प्रणाली, नाइट विजन उपकरण एवं रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम और मजबूत बनेगा जिससे घुसपैठ, तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। साथ ही सीमाओं पर लंबित फेंसिंग कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। यही नहीं, जिन क्षेत्रों में भौगोलिक या तकनीकी चुनौतियों के कारण काम नहीं हो पाया है, वहां वैकल्पिक तकनीकी समाधान अपनाने की योजना पर काम हो रहा है। दरअसल, अभी तक की तैयारियां जरूरत पड़ने के हिसाब से की जाती रहीं और ऐसे मौके कभी-कभी ही आते थे। लेकिन अब यह देखते हुए कि दुश्मन देश किसी भी समय किसी साजिश को अमली जामा पहनाने की कोशिश कर सकते हैं, हर समय चौकस और तैयार रहने की जरूरत बढ़ गई है। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पंद्रह किलोमीटर क्षेत्र में हर अतिक्रमण को जीरो टॉलरेंस से समाप्त करने के साथ सीमा क्षेत्रों में कट्टरपंथ के केंद्रों पर पैनी नजर रखने की रणनीति भी अपनाई गई है। इसके अलावा हवाला लेनदेन, म्यूल एकाउंट, शेल कंपनियां, संदिग्ध वाहनों और जीएसटी कलेक्शन पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। ये कदम देखने में छोटे भले ही लगें लेकिन इनके जरिए छोटी से छोटी साजिशों को भी विफल किया जा सकेगा क्योंकि ऐसी साजिशों की कामयाबी से बड़ी घुसपैठ या हमलों के लिए बड़े आराम से जमीन तैयार हो जाती है। यह देखते हुए कि भारत का सीमावर्ती इलाका हजारों किलोमीटर तक फैला है, ऐसी सख्त सतर्कता और सावधानियां बेहद जरूरी होती जा रही हैं।

## धरोहरों का संरक्षण

विरासतें समाज-समूह के लिए धरोहर होती हैं। ये अपने समय की संबंधित विशेषताओं के बारे में बताती हैं जिनसे प्रेरणा मिलती है, मार्गदर्शन मिलता है। इसलिए ये गर्व का विषय मानी जाती हैं। इनमें दुनियाभर में काफी मशहूर भी हैं। उत्तर प्रदेश को इस मामले में विशेष गौरव हासिल है क्योंकि यहां ये बहुतायत में हैं जिनके साथ कोई न कोई खास बात जुड़ी है। राजधानी लखनऊ से लेकर गांवों और कस्बों तक में इन्हें देखा जा सकता है। इनमें किले, इमारतें, स्मारक, टीले, मंदिर, सरोवर, बावली आदि बहुत सी चीजें हैं। ताज्जुब की बात यह है कि सैकड़ों साल बीतने के बाद आज भी इनमें से कई ज्यों की त्यों हैं। ये उस समय की शिल्प और स्थापत्य कला तथा अभियांत्रिकी के बारे में बताकर आश्चर्यचकित करती रहती हैं। हालांकि यह भी सही है कि वक्त की मार सहते-सहते इनमें से कुछ धरोहरें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गई हैं जिनका संरक्षण, मरम्मत और पुनर्निर्माण आवश्यक होता जा रहा है। यह प्रशंसनीय बात है कि पुरातत्व विभाग इस दिशा में कदम उठा रहा है। एक रिपोर्ट बताती है कि प्रदेश के 24 जिलों के 40 स्मारकों एवं स्थलों को सूचीबद्ध किया गया है जिन्हें राजकीय संरक्षण में लेकर संवारा-सुधारा जाएगा। राज्य पुरातत्व निदेशालय ने इस बारे में कदम बढ़ाते हुए आवश्यक कार्य की संस्तुति प्राप्त कर ली है। अब केवल कार्रवाई की औपचारिकता पूरी करनी है। विभाग ने जिन 40 स्थानों को नया रूप देने के लिए चुना है उनमें लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी और कानपुर नगर जिलों के स्थल हैं। ये सभी जिले प्रदेश के प्राचीन इतिहास से संबंधित हैं और इनका अपना विभिन्न दृष्टियों से अलग ही महत्व है। वास्तव में यह विरासतों के संरक्षण की दिशा में महत्वाकांक्षी कदम है क्योंकि आधुनिक चहल पहल के प्रभाव में जो इनसे अनजान होंगे या जिनकी स्मृति में अब ये नहीं रह गए हैं, वे भी इनके महत्व से नए सिरे से परिचित हो सकेंगे। इनमें समाया इतिहास तत्कालीन सामाजिक विशेषताओं की जानकारी देगा जो कई लोगों के लिए नई बात होगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**मारीच और सुबाहु लैंड जिहादी थे-सीएम योगी**
आदिपुरुष फिल्म कई बार देखने का असर है!

**एयर इंडिया विमान हादसे का खौफ अभी जिंदा**
हादसे के लिये कोई भी दोषी नहीं पाया गया!

**परमाणु समझौते के लिये तैयार है तेहरान -ट्रंप**
लेकिन ये बात खामेनेई से पूछने कौन जायेगा?

**भारत ने मोर्चे पर तैनात किये बारह परमाणु बम**
तब जनगणना कराने की ऐसी क्या जल्दी है?

**अदालतों पर बोझ कम होना चाहिये -सीजेआई**
पब्लिक को मुकदमा लड़ने की आदत है हुजूर!

**उज्वला सब्सिडी कटौती पर कांग्रेस का हमला**
चुनावों से पहले सब्सिडी और बढ़ा देंगे महाप्रभु!

♦♦♦

# प्रजनन दरें बदल रही हैं दुनिया के सत्ता समीकरण

**- प्रवीण कौशल**

आज प्रजनन क्षमता (प्रजनन दर), एक ऐसी ताकत बन चुकी है, जो चुपचाप राष्ट्रों के भाग्य को आकार दे रही है. इसे समझने के लिए, एक सरल अंकगणितीय सच्चाई पर विचार करें. यदि दो लोगों की जगह दो लोगों को लाना है, तो प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चे का जन्म होना चाहिए. दो से ऊपर का यह मामूली समायोजन बाल मृत्यु दर, उन महिलाओं के लिए जो बच्चे न पैदा करने का विकल्प चुनती हैं, और जन्म के समय प्राकृतिक लिंग अनुपात (जो लड़कों की तरफ थोड़ा झुका होता है) को ध्यान में रखकर किया गया है. इस संख्या को 'प्रतिस्थापन प्रजनन दर' कहा जाता है. इससे नीचे गिरते ही किसी देश की जनसंख्या, अंततः, घटने लगती है. यूएन वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024 के अनुसार, 237 देशों और क्षेत्रों में से 131 देशों की प्रजनन दर अब 2.1 से नीचे है. वैश्विक औसत लगभग 2.25 है, जो प्रतिस्थापन दर से बमुश्किल ऊपर है और अभी भी गिर रही है।

दक्षिण कोरिया की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) लगभग 0.8 है, जो किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए दर्ज की गयी अब तक की सबसे कम दर है. जापान 1.3, इटली और स्पेन 1.2, ताइवान और सिंगापुर 1.1 तथा जर्मनी 1.5 पर हैं. ये केवल आंकड़े नहीं हैं, राष्ट्रीय भविष्य के पूर्वावलोकन हैं. एक पीढ़ी तक 0.8 की टीएफआर बनाये रखने से देश केवल छोटा नहीं होता, यह पूरी तरह से एक बदले हुए देश का निर्माण करता है, जिसमें सिकुड़ती सेनाएं, चरमराते पेंशन सिस्टम, घटता टैक्स बेस और श्रम की कमी जैसी समस्याएं पैदा होती हैं, जिन्हें कोई भी सरकारी कार्यक्रम अभी तक हल नहीं कर पाया है. दूसरे छोर पर उप-सहारा अफ्रीका के कई देशों में टीएफआर 4.0 से काफी ऊपर बना हुआ है. यह जनसांख्यिकीय लाभांश तभी साकार होता है, जब युवा जनसंख्या शिक्षित, नियोजित और उत्पादक हो. इन परिस्थितियों के बिना उच्च प्रजनन दर राष्ट्रीय शक्ति के बजाय युवा बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न करती है।

यहां चीन का रास्ता पूरी विकासशील दुनिया के लिए एक चेतावनी है. तीन दशकों से अधिक समय तक लागू रही 'एक बच्चा नीति' ने देश की प्रजनन क्षमता को उस स्तर तक गिरा दिया, जिससे वह अब तक उबर नहीं पाया है. चीन की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं तेजी से एक ऐसे जनसांख्यिकीय अंकगणित से सीमित हो रही हैं, जिसे उसका नेतृत्व दोबारा नहीं लिख सकता. उधर भारत के रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय द्वारा जारी 'सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम स्टैटिस्टिकल रिपोर्ट 2024' ने पुष्टि की है कि देश का राष्ट्रीय टीएफआर गिरकर 1.9 हो गया है. विदित है कि भारत की प्रतिस्थापन दर वैश्विक बेंचमार्क 2.1 के बजाय 2.15 पर है, क्योंकि कई राज्यों में अभी भी कन्या भ्रूण हत्या प्रचलित है. देश की क्षेत्रीय तस्वीर भी चौंकाने वाली है. केरल का टीएफआर 1.3 है. दिल्ली में यह 1.2 और पश्चिम बंगाल में 1.5 है।

बिहार का टीएफआर अभी भी 2.9 और उत्तर प्रदेश का 2.35 है. शहरी भारत का टीएफआर 1.5 है, जबकि ग्रामीण भारत का 2.1 तथा शहरीकरण बढ़ने के साथ ग्रामीण आंकड़ा और नीचे गिरेगा. वर्ष 2031 तक भारत का राष्ट्रीय टीएफआर लगभग 1.57 तक पहुंचने का अनुमान है. इस गिरावट के कारण सार्वभौमिक हैं। महिला शिक्षा का विस्तार, बाल मृत्यु दर में भारी कमी, शहरीकरण और स्कूली शिक्षा तथा स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती लागत. ये नीतिगत विफलताएं नहीं हैं, बल्कि विकास के अनुमानित और काफी हद तक अपरिवर्तनीय परिणाम हैं। भारत की जनसंख्या अभी भी इसलिए बढ़ रही है क्योंकि बड़ी मौजूदा पीढ़ियां लंबी उम्र जी रही हैं, जिससे जनसंख्या को एक गति मिल रही है और इसके 2060 के दशक में लगभग 1.6 से 1.7 अरब के बीच चरम पर पहुंचने और फिर घटने की संभावना है।


कई भारतीय राज्य अब परिवारों को तीसरा या चौथा बच्चा जन्म देने के लिए प्रोत्साहन देने पर चर्चा कर रहे हैं, जो इस बात की स्वीकारोक्ति है कि भविष्य की वास्तविक चुनौती अधिक जनसंख्या नहीं, बल्कि एक बूढ़ा और सिकुड़ता हुआ उत्पादक आधार है. भारत के वृद्ध निर्भरता अनुपात के, जो वर्तमान में कार्यशील आयु के प्रति 100 व्यक्तियों पर 16 बुजुर्ग निर्भर व्यक्ति है, 2050 तक 30 तक पहुंचने का अनुमान है. वहीं दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों को 2030 के दशक तक गंभीर श्रम की कमी का सामना करना पड़ेगा और उन्हें बिहार और उत्तर प्रदेश के श्रमिकों पर निर्भर रहना होगा।

कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वैश्विक शक्ति का चल रहा पुनर्गठन न केवल व्यापार गुटों और सैन्य गठबंधनों द्वारा आकार ले रहा है, बल्कि दुनिया के प्रमुख खिलाड़ियों के अलग-अलग जनसांख्यिकीय रास्तों द्वारा भी तय हो रहा है. चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और अधिकांश यूरोप तेजी से बूढ़े हो रहे हैं, जिससे उनका वित्तीय लचीलापन, सैन्य भर्ती और नवाचार क्षमता सीमित हो रही है. जबकि भारत अपनी प्रजनन दर में गिरावट के बावजूद, हर दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की तुलना में संरचनात्मक रूप से युवा बना हुआ है, एक ऐसा सापेक्ष लाभ जो उसके प्रतिस्पर्धियों के बूढ़े होने के साथ-साथ बढ़ता जायेगा. वर्ष 2100 की दुनिया आज की तुलना में बिल्कुल अलग दिखेगी, जो किसी युद्ध या तकनीकी सफलता से नहीं, जन्मदरों के शांत अंकगणित से संचालित होगी।

आज प्रजनन क्षमता (प्रजनन दर), एक ऐसी ताकत बन चुकी है, जो चुपचाप राष्ट्रों के भाग्य को आकार दे रही है. इसे समझने के लिए, एक सरल अंकगणितीय सच्चाई पर विचार करें. यदि दो लोगों की जगह दो लोगों को लाना है, तो प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चे का जन्म होना चाहिए. दो से ऊपर का यह मामूली समायोजन बाल मृत्यु दर, उन महिलाओं के लिए जो बच्चे न पैदा करने का विकल्प चुनती हैं, और जन्म के समय प्राकृतिक लिंग अनुपात (जो लड़कों की तरफ थोड़ा झुका होता है) को ध्यान में रखकर किया गया है. इस संख्या को 'प्रतिस्थापन प्रजनन दर' कहा जाता है. इससे नीचे गिरते ही किसी देश की जनसंख्या, अंततः, घटने लगती है. यूएन वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024 के अनुसार, 237 देशों और क्षेत्रों में से 131 देशों की प्रजनन दर अब 2.1 से नीचे है. वैश्विक औसत लगभग 2.25 है, जो प्रतिस्थापन दर से बमुश्किल ऊपर है और अभी भी गिर रही है। दक्षिण कोरिया की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) लगभग 0.8 है, जो किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए दर्ज की गयी अब तक की सबसे कम दर है. जापान 1.3, इटली और स्पेन 1.2, ताइवान और सिंगापुर 1.1 तथा जर्मनी 1.5 पर हैं. ये केवल आंकड़े नहीं हैं, राष्ट्रीय भविष्य के पूर्वावलोकन हैं. एक पीढ़ी तक 0.8 की टीएफआर बनाये रखने से देश केवल छोटा नहीं होता, यह पूरी तरह से एक बदले हुए देश का निर्माण करता है, जिसमें सिकुड़ती सेनाएं, चरमराते पेंशन सिस्टम, घटता टैक्स बेस और श्रम की कमी जैसी समस्याएं पैदा होती हैं, जिन्हें कोई भी सरकारी कार्यक्रम अभी तक हल नहीं कर पाया है. दूसरे छोर पर उप-सहारा अफ्रीका के कई देशों में टीएफआर 4.0 से काफी ऊपर बना हुआ है।



## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

वे महात्मा कहते हैं, एक उपाय है-

भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परन्तप ।। 54।।

हे श्रेष्ठ तपवाले अर्जुन ! अनन्य भक्ति के द्वारा अर्थात् सिवाय मेरे अन्य किसी देवता का स्मरण न करते हुए, अनन्य श्रद्धा से तो मैं इस प्रकार प्रत्यक्ष देखने के लिये, तत्त्व से साक्षात् जानने के लिये तथा प्रवेश करने के लिये भी सुलभ हूँ अर्थात् उनकी प्राप्ति का एकमात्र सुगम माध्यम अनन्य भक्ति है। अन्त में ज्ञान भी अनन्य भक्ति में परिणत हो जाता है, जैसा कि पीछे अध्याय सात में द्रष्टव्य है। पीछे उन्होंने कहा कि तेरे सिवाय न कोई देख सका है और न कोई देख सकेगा, जबकि यहाँ कहते हैं कि अनन्य भक्ति से न केवल मुझे देखा जा सकता है अपितु साक्षात् जाना और मुझमें प्रवेश भी पाया जा सकता है, अर्थात् अर्जुन अनन्य भक्त का नाम है, एक अवस्था का नाम है। अनुराग ही अर्जुन है। अन्त में योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं-

मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः। निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव ।। 55।।

हे अर्जुन ! जो पुरुष मेरे द्वारा निर्दिष्ट कर्म अर्थात् नियत कर्म यज्ञार्थ कर्म करता है, 'मत्परमः'- मेरे परायण होकर करता है, जो मेरा अनन्य भक्त है; 'सङ्गवर्जितः' किन्तु संगदोष में रहते हुए वह कर्म नहीं हो सकता, अतः संगदोष से रहित होकर 'निर्वैरः सर्वभूतेषु'- सम्पूर्ण भूतप्राणियों में बैरभाव से रहित है, वह मुझे प्राप्त होता है। तो क्या अर्जन ने युद्ध किया? प्रण करके क्या उसने जयद्रथादि को मारा? यदि उन्हें मारता है तो भगवान को न देख पाता, जबकि अर्जुन ने देखा है। इससे सिद्ध है कि गीता में एक भी श्लोक ऐसा नहीं है. जो बाह्य मारकाट का समर्थन करता हो। जो निर्दिए कर्म यज्ञ की प्रक्रिया का आचरण करेगा, जो अनन्य भाव से उनके सिवाय किसी का स्मरण तक नहीं करेगा, जो संगदोष से अलग रहेगा तो युद्ध कैसा? क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**लेन देन धन अन्न के, विद्या पढ़ने माहिं।
भोजन सखा विवाह में, तजै लाज सुख ताहिं ।।**

जो मनुष्य लेन-देन, भोजन, धन-धान्य और व्यवहार से निर्लज रहता है, वहीं इंसान अपने जीवन में आगे बढ़ता है। उसे कोई भी व्यक्ति हरा नहीं सकता है। अपने कार्यों को अपने मन से करता है।

♦♦♦

# नफ़रत की आंधी में मुहब्बत का दीपक, जलता रहा है जलता रहेगा



**-निर्मल रानी**

दिल्ली के मालवीय नगर इलाक़े में गत 3 जून को हुए एक भीषण अग्निकांड की घटना घटित हुई। बताया जाता है कि इस अग्निकांड के परिणाम स्वरूप 21 लोगों की मौत आग से झुलसने या धुएँ में दम घुटने की वजह से हो गयी। कहा जा रहा है कि मृतकों में 9 भारतीय जबकि 12 विदेशी नागरिक थे। इस अग्निकांड में स्थानीय लोगों द्वारा लगभग 49 लोगों को उनकी जान बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस अग्निकांड में रियाज़ुद्दीन नामक एक मुस्लिम गद्दा व्यापारी ने अपनी सूझबूझ, तत्परता व मानवता के चलते अग्निकांड में फंसे लगभग 15 लोगों की जान बचाकर काफ़ी सुर्ख़ियां बटोरीं। घटनास्थल के क़रीब ही रियाज़ुद्दीन की गद्दों (मैट्रेस) की दुकान है। रियाज़ुद्दीन व उनके बेटे ने आग की लपटें बढ़ते ही अपने नफ़े-नुक़सान की परवाह किये बिना अपनी दुकान के सारे गद्दे जलते हुये भवन के ठीक नीचे एक पर एक रखकर बिछा दिये। इनके अतिरिक्त अफ़ज़ल, मोहम्मद शाहरुख़ , मोहम्मद अनीस, मोहम्मद आमिर और मोहम्मद वसीम ने भी अपनी जान पर खेल कर लोगों की जान बचाने में मदद की। नतीजतन लगभग 15 प्रभावित लोगों ने जलते हुये भवन की खिड़कियों से उन्हीं गद्दों पर कूद कर अपनी जान बचाई। हालाँकि इस दौरान रियाज़ुद्दीन के क़रीब 2 लाख रूपये के गद्दे क्षति ग्रस्त हो गये। आज स्थानीय लोग यह कहने को मजबूर हैं कि रियाज़ुद्दीन ने फ़रिश्ता बनकर लोगों की जान बचाई। रियाज़ुद्दीन व उनके बेटे के इस समझदारी भरे साहसिक कार्य के लिये उनकी चौतरफ़ा प्रशंसा की जा रही है। लोग उनके गद्दों की क्षतपूर्ति के लिये व उनके साहसिक कार्य के लिये उनसे मिल रहे हैं उन्हें सम्मानित कर रहे हैं यहाँ तक कि उन्हें आर्थिक सहायता दे रहे हैं। उधर रियाज़ुद्दीन ने उन्हें आर्थिक सहायता देने वालों से पैसे न भेजने की अपील की है। स्थनीय भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने इनकी तारीफ़ करते हुये कहा कि 'आज के जांबाज़ों को सलाम। हौज़ रानी, मालवीय नगर में लगी भीषण आग के दौरान इन साहसी नागरिकों ने मदद की और यहां तक कि लोगों को सीपीआर भी दिया। मुझे आप पर बहुत गर्व है। यही इंसानियत है, जो सबसे ऊपर है और सबसे बड़ा धर्म है।' निश्चित रूप से यह घटना इंसानियत व धर्म से ऊपर साहस व मानवता की मिसाल बन गई है। एक मुस्लिम व्यापारी ने अपने आर्थिक नुक़सान की परवाह किए बिना हिन्दू व अन्य धर्मों के लोगों की जान बचाई, और हिन्दू विधायक व अनेक संस्थाओं ने उसे सम्मान व नक़द इनाम दिया। इसी तरह महाकुंभ 2025 को मौनी अमावस्या पर इलाहाबाद में मची भगदड़ को याद कीजिये जब हज़ारों हिंदू तीर्थ यात्रियों को मुस्लिम बस्तियों, मस्जिदों और इमामबाड़ों में शरण मिली थी । 28-29 जनवरी 2025 को रात 1-2 बजे के बीच प्रयागराज में संगम नोज़ और अखाड़ा मार्ग पर मौनी अमावस्या के पावन स्नान पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए थे जिससे शहर की 90 लाख आबादी में दस गुना भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसी बीच रात 1 बजे के पास संगम तट से पहले बने द्वार पर भीड़ इतनी बढ़ गई कि भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी। तभी अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स को फांदकर कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये जिससे वहां अफ़रातफ़री मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के लिए रास्ते रोके जाने से लोगों को और भी परेशानी का सामना करना पड़ा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस भगदड़ में 30 लोग हताहत हो गए थे। शहर के रास्तों से अनजान लोग अपनी जान बचाने के लिये कई मुस्लिम बस्तियों में प्रवेश कर गये। उसी बीच सर्दी की रात में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने करुणा और सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल पेश कर मानवता का सन्देश दिया था। मुस्लिम लोगों ने भगदड़ के बाद शहर की अनेक मस्जिदों,दरगाहों,इमामबाड़ों व अनेक अल्पसंख्यक संस्थानों में हज़ारों हिंदू तीर्थयात्रियों को शरण दी और उन्हें परदेस में भी सुरक्षित रहने का एहसास दिलाया। उन्हें ज़रूरत के अनुसार चाय, नाश्ता, खाना, रज़ाई, कंबल, दवाइयां आदि मुहैय्या कराई। यह घटना भी सांप्रदायिक सौहार्द्र और इंसानियत की बड़ी मिसाल के रूप में सामने आई जब अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय ने हिंदू तीर्थयात्रियों की मदद कर धार्मिक भावनाओं से ऊपर उठकर मानवता का परिचय दिया। साम्प्रदायिक सद्भाव पेश करने वाली दिसंबर 2015 की वह घटना भी याद कीजिये जब चेन्नई में आई भयानक बाढ़ में मस्जिदों में हिंदुओं और ईसाइयों को पनाह मिली थी। उन दिनों 1 दिसंबर 2015 से शुरू हुई बारिश एक सप्ताह तक लगातार चली थी।। इसे चेन्नई में 100 वर्षों में सर्वोच्च वर्षा के रूप में रिकॉर्ड किया गया था। बाढ़ का पानी कुछ क्षेत्रों में तो दो मंज़िलों तक पहुँच गया था। डैम के गेट खोलने के बाद शहर के कई हिस्से पूरी तरह डूब गए थे। चेन्नई में इसी बाढ़ में 260 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। उस दौरान भी यहाँ की कई मस्जिदों के दरवाज़े बाढ़ पीड़ित हिन्दुओं व ईसाईयों के लिये कई हफ़्तों के लिये खुल गये थे। बाढ़ पीड़ितों को मस्जिद में पनाह के साथ साथ रसद व दवाइयां भी मुहैय्या कराई गई थीं। उसी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में प्रसूतावस्था में पीड़ित एक हिन्दू महिला की यूनुस नामक एक मुसलमान ने जान बचाकर उसे अस्पताल तक पहुँचाया। बाद में सुरक्षित डिलेवरी होने पर उस हिन्दू महिला और उसके पति ने अपनी नवजात बच्ची का नाम 'यूनूस' रखा। यह घटना भी धार्मिक सौहार्द और मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल है । इसी तरह 2023 में पंजाब में आई भीषण बाढ़ में मुस्लिम समुदाय ने बिना किसी भेदभाव के सभी प्रभावित लोगों की मदद की थी। जमात-ए-इस्लामी हिंद और जमीयत उलेमा-ए-हिंद जैसी संस्थाओं ने बाढ़ प्रभावितों को राशन, दवाइयां, व कपड़े वितरित किए थे । तमाम मुस्लिम स्वयंसेवकों ने सिख और हिंदू समुदायों के साथ मिलकर बचाव कार्यों में हिस्सा लिया था । यहाँ भी उस समय बाढ़ प्रभावित इलाक़ों की कुछ मस्जिदों को अस्थायी आश्रय स्थल के रूप में खोला गया था। देशभर के मुसलमान संकट की इस घड़ी में पंजाब के बढ़ प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े दिखाई दिये थे। एक तरफ़ जहां सत्ता के भूखे भेड़िये देश की सामाजिक एकता को तार तार करने पर तुले हैं वहीं देश भर में साम्प्रदायिक सद्भाव की ऐसी अनगिनत मिसालें भी देखने सुनने को मिलेंगी जब हिन्दुओं ने मुसलमानों की व मुसलमानों ने हिन्दुओं की जान बचाई व संकट की घड़ी में एक दूसरे के साथ खड़े दिखाई दिये। गोया नफ़रत की आंधी में मुहब्बत का दीपक हमेशा जलता रहा है जलता रहेगा।

## प्रेरक प्रसंग

### समस्या का हल

एक आश्रम में गुरु अपने कुछ शिष्यों के साथ रहते थे। गुरु सभी शिष्यों को शास्त्रों का ज्ञान दे रहे थे। एक दिन एक शिष्य ने गुरु से कहा, मुझे कोई ऐसा उपाय बताइए, जिससे मुझे जल्दी से जल्दी सफलता मिल सके। ऐसा उपाय जिसकी मदद से हर समस्या हल हो सकती है।

गुरु बहुत विद्वान थे। उन्होंने कहा, मैं एक तरीका बता दूंगा, जिससे तुम्हारी सारी समस्याएं दूर की जा सकती हैं। लेकिन, पहले तुम मेरी बकरी को खूंटे से बांध दो।

गुरु ने अपनी बकरी की रस्सी शिष्य के हाथ में पकड़ा दी।

बकरी किसी से भी आसानी से काबू में नहीं आती थी। शिष्य ने जैसे ही बकरी को खूंटे से बांधने लगे, वह उछल-कूद करने लगी। बहुत कोशिश करने के बाद भी बकरी काबू में नहीं आ रही थी। शिष्य ने कुछ देर सोचा कि इसे कैसे काबू किया जाए। सोचने के बाद बकरी को पकड़ा और उसके पैर रस्सी से बांध दिए। इसके बाद शिष्य ने बकरी को खूंटे से आसामी से बांध दिया। गुरु ये सब देख रहे थे। शिष्य की बुद्धिमानी देखकर गुरु प्रसन्न हो गए।

गुरु ने शिष्य से कहा, ठीक इसी तरह किसी भी समस्या की जड़ को पकड़ लेने से बड़ी से बड़ी समस्या बहुत ही आसानी से हल हो सकती है। यही सफलता का मूल मंत्र है। विपरीत परिस्थितियों में भी हमें बुद्धिमानी से ही काम करना चाहिए। धैर्य बनाए रखें और सोच-समझकर आगे बढ़ें। सबसे पहले समस्या की जड़ को समझें और फिर उसे हल करने की योजना बनाएं। तभी सफलता मिल सकती है।

## आपका पत्र मिला

### फुलाया गया गुब्बारा फूट चुका

फुटबॉल वर्ल्ड कप शुरू होने से सिर्फ दस दिन पहले फीफा को सस्ते में प्रसारण अधिकार बेचने पड़े हैं। यह घटनाक्रम बताता है कि भारतीय बाजार को लेकर फुलाया गया गुब्बारा अब फूट चुका है। ज़ी ग्रुप का फिर से खेल प्रसारण के क्षेत्र में उतरना अच्छी खबर है। रिलायंस ग्रुप के डिज्नी हॉटस्टार को खरीद लेने और सोनी लिव के भारतीय बाजार में हाथ खींच लेने के बाद जियो-हॉटस्टार की लगभग मोनोपॉली बन गई थी। अब ज़ी ग्रुप ने 11 जून से शुरू हो रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप का टीवी एवं डिजिटल प्रसारण अधिकार खरीद कर फिर से प्रतिस्पर्धा की संभावना जगाई है। अब चार साल ज़ी ने 2026 और 2030 के वर्ल्ड कप समेत फीफा के नौ टूर्नामेंट्स के प्रसारण का अधिकार सिर्फ साढ़े तीन करोड़ डॉलर में खरीद लिए है। बताया जाता है कि 2022 में वर्ल्ड कप प्रसारण के दौरान सिर्फ करीब 300 करोड़ रुपये के विज्ञापन ही जुटाए जा सके। इस कारण इस बार इस टूर्नामेंट का बाजार भाव गिर गया। फीफा ने आरंभिक कीमत सिर्फ 2026 के टूर्नामेंट के लिए 10 करोड़ डॉलर रखी थी। जियो हॉटस्टार ढाई करोड़ डॉलर से ज्यादा देने को तैयार नहीं हुआ। सोनी भी शुरुआती बातचीत के बाद मैदान से हट गया। तो टूर्नामेंट शुरू होने से सिर्फ दस दिन पहले फीफा को सस्ते में प्रसारण अधिकार बेचने पड़े। यह घटनाक्रम बताता है कि भारतीय बाजार को लेकर फुलाया गया गुब्बारा अब फूट चुका है। कुछ समय पहले ये गौरतलब खबर आई थी कि जियो हॉटस्टार आईसीसी के साथ अपने क्रिकेट प्रसारण समझौतों पर फिर से सौदेबाजी करना चाहता है। इसका कारण है कि मीडिया अधिकार पाने की लागत बहुत अधिक (138 करोड़ रुपये प्रति मैच) पड़ी है, जबकि विज्ञापन राजस्व उतना नहीं है। आम समझ है कि अगले साल जब फिर से मीडिया अधिकार बिकेंगे, तो आईसीसी को पहले से कम भाव पर ये बिक्री करनी होगी।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# गर्मियों में बेहद कूल और क्यूट लुक देंगी ये पोलका डॉट ड्रेसेस



फैशन के इस बदलते दौर में आए दिन कुछ न कुछ बदलाव होते रहते हैं। ऐसे में इन दिनों अधिकतर महिलाएं नई ट्रेंड को फॉलो करने के साथ-साथ पुराने ट्रेंड को भी फॉलो कर रही हैं। आज हम आपको इस खबर में कुछ लेटेस्ट और नए डिजाइन वाली पोल्का डॉट ड्रेसेस के बारे में बताएंगे, जो पहले के समय में बहुत ट्रेंड में हुआ करती थी।

**पोल्का डॉट प्रिंट पफ स्लीव रफल्ड ए-लाइन मैक्सी ड्रेस-** अगर आप किसी भी खास नाइट पार्टी में जाने वाली हैं और अपने लुक को परफेक्ट बनाने के लिए लेटेस्ट और नए पैटर्न वाली ड्रेस की तलाश में है, तो अब आप पोल्का डॉट प्रिंट पफ स्लीव रफल्ड ए-लाइन मैक्सी ड्रेस को शामिल कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी और आपके लुक को डिफरेंट बनाने में मदद करेगी।

**लाल पोल्का प्रिंट वाली स्लीवलेस ए-लाइन ड्रेस-** अगर आप किसी भी खास ट्रिप पर जा रही हैं या दोस्तों के साथ कहीं आउटिंग के लिए जाने का मन बना रही हैं, तो वहां पहनने के लिए आप इस तरह की लाल पोल्का प्रिंट वाली स्लीवलेस ए-लाइन ड्रेस को शामिल कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपके पूरे ट्रिप वाले लुक को बेहतर और खास बनाने में मदद करेगी साथ ही खूबसूरती को दोगुना कर देगी।

**पोल्का डॉट प्रिंटेड क्रेप फिट एंड फ्लेयर मिडी ड्रेस-** अगर आप एक जैसे कपड़े पहनकर बोर हो गए हैं और कुछ डिफरेंट और नया ट्राई करने का सोच रही हैं, तो अब साधारण ड्रेस पहनने के बजाय आप पोल्का डॉट प्रिंटेड क्रेप फिट एंड फ्लेयर मिडी ड्रेस को शामिल कर अपने लुक को पर्फेक्ट बना सकती हैं। ऐसी पोल्का डॉट ड्रेस इन दिनों काफी चलन में है, जो आपकी खूबसूरती को बढ़ा देगी।

**लाल रंग की पोल्का डॉट प्रिंटेड फिट एंड फ्लेयर ड्रेस** आप चाहें, तो अपने लुक को परफेक्ट और स्टाइलिश बनाने के लिए लाल रंग की पोल्का डॉट प्रिंटेड फिट एंड फ्लेयर ड्रेस को शामिल कर सकती हैं। इसके साथ आप कुछ एक्सेसरीज और मिनिमम मेकअप कर अपने पूरे लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस को आप कॉलेज या ऑफिस पहनकर भी जा सकती है। यह आपकी खूबसूरती को और बढ़ाने में मदद करेगी।

**काले रंग की पोल्का डॉट्स वाली मिडी ड्रेस-**यही नहीं आप इस तरह की नई काले रंग की पोल्का डॉट्स वाली मिडी ड्रेस को भी शामिल कर अपने पूरे लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। ऐसे ड्रेस इन दिनों अधिकतर लड़कियों की पहली पसंद बनी हुई है, जो आपके लिए भी परफेक्ट हो सकती है। आप इसे ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से खरीदकर शामिल कर सकती हैं।

# कैसे करें साड़ियों की केयर

***अगर आप अपनी महंगी और मनपसंद साड़ियों को लंबे समय तक पहनना चाहती हैं तो इसके लिए बहुत जरूरी है उनकी सही तरीके से देखभाल। जिसमें धोने से लेकर प्रेसिंग और वॉर्डरोब में कैसे रखना है ये सारी चीज़ें शामिल होती हैं।***



किसी फंक्शन में अगर आप चाहती हैं कि सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनना, तो लहंगा, गाउन, सूट को साइड कर साड़ी का ऑप्शन चुनें। एवरग्रीन ये आउटफिट्स ट्रेडिशनल मौकों के लिए तो बेस्ट है ही, साथ ही इसे आप और भी दूसरे ओकेज़न पर कैरी कर सकती हैं। इसलिए तो साड़ियां महिलाओं के वॉर्डरोब में जरूर शामिल होती हैं। अगर आपके भी वॉर्डरोब में सिल्क, ऑर्गेन्जा, मलमल, शिफॉन मतलब हर तरह की साड़ी का कलेक्शन मौजूद है, तो अच्छी बाता है, लेकिन क्या आप जानती हैं सभी साड़ियों को अलग-अलग देखभाल की जरूरत होती है। सिल्क की साड़ियों को आप घर में वॉश नहीं कर सकती, तो वहीं जॉर्जेट की साड़ियों को ड्राई क्लीनिंग की जरूरत नहीं होती, तो आज हम साड़ियों के ऐसे ही कुछ केयर टिप्स के बारे में जानने वाले हैं।

21 दिसंबर का दिन वर्ल्ड साड़ी डे के तौर पर मनाया जाता है, तो ये बिल्कुल सही मौका है अपनी मंहगी साड़ियों को कैसे लंबे समय तक इस्तेमाल कर सकती हैं ये जानने का।

## कॉटन साड़ी

गर्मियों में सबसे ज्यादा कॉटन साड़ियां ही पहनी जाती हैं। ये देखने में जितनी खूबसूरत लगती हैं पहनने में उतनी ही कंफर्टेबल होती हैं, लेकिन अगर आप अपनी कॉटन की साड़ियों को लंबे समय तक पहनना चाहती हैं, तो इन्हें धोते वक्त कुछ बातों का खास ध्यान रखें।

- कॉटन की साड़ियों को हमेशा अलग से धोएं, बाकी कपड़ों के साथ धोने की गलती न करें।
- पहली बार साड़ी को धो रही हैं, तो सबसे पहले गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक डालकर इसमें साड़ी को भिगोकर रख दें। इससे साड़ी का रंग पक्का हो जाएगा। इसके बाद आप नॉर्मली इसे धो सकती हैं।
- कॉटन की सड़ियों को स्टीम प्रेस की जरूरत होती है।

## शिफॉन या जॉर्जेट की साड़ी

शिफॉन की साड़ियां बहुत नाजुक होती हैं, तो इन्हें भी एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। इन्हें धोने के लिए माइल्ड डिटर्जेंट और गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। बहुत तेजी से निचोड़कर पानी निकालने की गलती न करें। छांव में सुखाएं और पहनते वक्त बहुत ज्यादा पिन यूज करने से बचें।

## सिल्क की साड़ी

साड़ियों का कलेक्शन सिल्क की साड़ी के बिना अधूरा है। इस साड़ी की बात ही अलग होती है। खूबसूरत लुक देने वाली सिल्क की साड़ियां बहुत महंगी होती है। इनकी देखभाल का तरीका भी थोड़ा अलग होता है। इस्तेमाल के बाद सिल्क की साड़ियों को ऐसे ही अलमारी में न रख दें, बल्कि हर बार ड्राई क्लीन करवाएं। हां, स्टोर करते वक्त भी ध्यान रहें कि इनके फोल्ड को बीच-बीच में चेंज करते रहें। लंबे समय तक एक ही फोल्ड में रखे रहने की वजह से कई बार साड़ियां वहीं से खराब हो जाती हैं।

## ऑर्गेंजा साड़ी

अपनी पसंदीदा ऑर्गेंजा साड़ी को सालों-साल चलाना है, तो उसके रखरखाव पर ध्यान दें। इन साड़ियों को हमेशा ठंडे पानी में और एक माइल्ड डिटर्जेंट में धोएं। साथ ही तेज धूप में भी न सुखाएं। वॉर्डरोब में इसे हैंगर में टांगने के बजाय कागज में रैप करके रखें।

## प्रिंटेड साड़ियां

डिजिटल प्रिंट या दूसरी हैंडमेड साड़ियों का ही ज्यादातर इस्तेमाल किया जाता है, तो कई बार इन्हें दूसरे कपड़ों के साथ ही वॉश कर दिया जाता है, लेकिन इससे साड़ियां जल्दी खराब हो जाती हैं। ऐसे में इन साड़ियों को भी ठंडे पानी से ही धोना है और छांव में सुखाएं।

# ऐसे पा सकते हैं खूबसूरत नाखून



स्वस्थ बने रहने के लिए सिर्फ शरीर पर ही ध्यान देना जरूरी नहीं है, बल्कि नाखूनों की भी साफ-सफाई और देखभाल जरूरी है क्योंकि इन्हें जरिए कीटाणु आसानी से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। दूसरा आजकल महिलाएं नाखूनों पर कई तरह के केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर रही हैं। ये बेशक आपके नाखूनों को खूबसूरत बनाते हैं, लेकिन साथ ही इससे नाखून ड्राई और पीले पड़ जाते हैं, तो कैसे करें इनकी केयर, आइए जान लेते हैं। **वॉटर बेस्ड मैनीक्योर से बचें-**वॉटर बेस्ड मैनीक्योर देखने में भले ही अच्छी लगती हो, लेकिन ये नाखूनों के लिए सही नहीं होती, तो इसे अवॉयड करें। वॉटर बेस्ड मैनीक्योर में नेल पॉलिश नाखूनों पर चिपक जाती है, वहीं अगर आप ऑयल बेस्ड मैनीक्योर चुनती हैं, तो इससे नाखून ड्राई नहीं होते।

**ऑयल से करें मॉयस्चराइज-** अपने नेल्स को तेल से मॉयस्चराइज करें, जिससे वे मजबूत बने रहें। सोने से पहले नेल्स के क्यूटिकल्स पर बादाम का तेल लगाना सही होता है। इससे ड्राईनेस नहीं होती। बादाम का तेल न हो, तो लिप बाम से भी काम चलाया जा सकता है। नेल्स की मसाज करने से वो खूबसूरत नजर आते हैं। **सॉफ्टनर लगाएं-** नेल्स को हेल्दी और मजबूत बनाए रखने के लिए हफ्ते में एक बार मैनीक्योर जरूर करें। इसके लिए नमक वाले गुनगुने पानी में कुछ देर के लिए हाथों को डुबोएं। फिर हाथों की स्क्रबिंग करें और नाखूनों के किनारों में जमी गंदगी को फाइलर की मदद से साफ कर लें। सबसे बाद में सॉफ्टनर का इस्तेमाल करें।

**इन्फेक्शन को करें दूर-** अगर आपके नेल्स के आसपास दाने हो गए हैं या उनमें ब्लीडिंग और खुजली होती रहती है, तो ये इन्फेक्शन हो सकता है। जिसे बिल्कुल भी इग्नोर न करें। इसके अलावा नाखूनों में रेडनेस, सूजन और दर्द रहना फंगल इन्फेक्शन के लक्षण हो सकेत हैं। ऐसे में बिना देर किए डॉक्टर से मिलें और ट्रीटमेंट लें। **बायोटिन को करे ऐड-**बायोटिन हमारे बालों और नाखूनों की मजबूती बढ़ाने में बहुत ही जरूरी विटामिन है। कई रिसर्च में भी इस बात का पता चलता है कि नियमित रूप से बायोटिन सप्लीमेंट लेने से नाखूनों की क्वॉलिटी सुधरती है। वैसे आप विटामिन बी युक्त खानपान को भी डाइट में शामिल कर ये फायदा ले सकती हैं। उबले अंडे, नट्स, पीनट बटर, साबुत अनाज, सोया, फलियां, गोभी, केले और मशरूम को करें डाइट में शामिल।

# थ्रेडिंग करवाते समय आजमाएं ये घरेलू नुस्खे



आईब्रोज करवाने के बाद चेहरे की खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ जाती है। इसे चेहरे का एक ऐसा हिस्सा माना जाता है। थ्रेडिंग करवाने के तुरंत बाद ही आईब्रोज साफ और सही शेप में नजर आती है लेकिन त्वचा बहुत ही मुलायम होती है। ऐसे में थ्रेडिंग करवाने के बाद महिलाओं को असहनीय दर्द होता है। इसके अलावा आइब्रोज के बाद चेहरे पर सूजन और जलन होने लगती है। ऐसे में यदि आपको भी आइब्रो करवाने के बाद असहनीय दर्द होता है तो आज आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिनके जरिए आप इससे राहत पा सकते हैं। **ठंडे पानी का इस्तेमाल -**थ्रेडिंग के बाद यदि आपके आइब्रोज सूज जाती हैं तो आप ठंडे पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। ठंडे पानी के साथ अपनी आइब्रोज धोएं। दिन में कई बार आईब्रोज पर ठंडा पानी लगाने से दर्द भी कम होगी और आपको सूजन से भी आराम मिलेगी।

**हल्दी -** सूजन की समस्या दूर करने के लिए आप हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। हल्दी को गर्म पानी के साथ मिलाकर आइब्रो पर लगाएं। 15 मिनट के बाद आइब्रो को पानी से धो लें। हल्दी में पाए जाने वाले एंटीसेप्टिक गुण सूजन और दर्द दूर करने में मदद करेंगे। **ठंडी सिकाई -** यदि आपको थ्रेडिंग करवाने के सूजन हो गई है तो आप ठंडी सिकाई कर सकते हैं। ठंडी सिकाई करने के लिए आप बर्फ से रुमाल को लपेट लें, फिर इससे आइब्रो की सिकाई करें। आपको दर्द से काफी आराम मिलेगा। **एलोवेरा जेल -** थ्रेडिंग के बाद होने वाली सूजन दूर करने के लिए आप एलोवेरा जेल इस्तेमाल कर सकते हैं। एलोवेरा जेल को आइब्रो पर लगाकर रखें और 15 मिनट के बाद आइब्रो धो लें। आपको दर्द और सूजन से काफी आराम मिलेगा। **नारियल तेल -** थ्रेडिंग के बाद होने वाले दर्द और सूजन दूर करने के लिए नारियल तेल आपके लिए अच्छा ऑप्शन रहेगा। नारियल तेल की मदद से त्वचा को काफी आराम मिलता है और सूजन भी कम होती है। नारियल तेल के अलावा आप चाहें तो बादाम तेल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

# बालों में तेल लगाने का सही तरीका



स्वस्थ और घने बालों की चाहत हर किसी की होती है, और इसके लिए सही हेयर केयर रूटीन का पालन करना बेहद जरूरी है। बालों की देखभाल में शैंपू, कंडीशनर और मेहंदी के साथ-साथ तेल का उपयोग भी अहम भूमिका निभाता है। तेल न सिर्फ बालों को पोषण देता है, बल्कि उन्हें जड़ से मजबूत बनाता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि बालों पर तेल कब लगाना चाहिए- बाल धोने से पहले या बाद में?

इस लेख में हम जानेंगे कि तेल लगाने का सही समय क्या है और यह आपके बालों की सेहत के लिए क्यों जरूरी है।

### बालों पर तेल लगाने का सही समय कब और कैसे?

बालों पर तेल हमेशा धोने से पहले लगाना चाहिए। तेल से बालों की मालिश करने से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और बाल स्वस्थ रहते हैं। बाल धोने से 3-4 घंटे पहले या एक रात पहले गुनगुने तेल से बालों की मालिश करें, इससे तेल बालों की जड़ों तक अच्छे से पहुंचता है और बालों को पोषण मिलता है।

### कैसे लगाएं तेल?

बाल धोने से पहले तेल को हल्का गुनगुना करें।बालों और स्कैल्प पर उंगलियों की मदद से तेल लगाएं। हल्के हाथों से मालिश करें ताकि तेल जड़ों तक पहुंचे। इसके बाद, पानी में भिगोए हुए गर्म तौलिए को सिर पर बांधें। इससे स्कैल्प के रोमछिद्र खुल जाते हैं और तेल बालों की जड़ों में अच्छी तरह से समा जाता है। 3-4 घंटे बाद या एक रात पहले तेल लगाकर आप माइल्ड शैंपू से बाल धो सकते हैं।

### बाल धोने के बाद तेल क्यों नहीं लगाना चाहिए?

कई लोग बाल धोने के बाद तेल लगाते हैं, लेकिन यह सही तरीका नहीं है। बालों पर धूल-मिट्टी और प्रदूषण चिपक जाता है, जिससे बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। इसलिए बाल धोने के बाद तेल लगाने से बचना चाहिए।

# खो रही है पैरों की नमी तो करें इन चीजों का इस्तेमाल



चेहरे और हाथ का ध्यान तो लोग रख लेते हैं, लेकिन जब बारी आती है पैर की तो हर कोई पैरों का ध्यान नहीं रख पाता है। जिस वजह से पैर काफी ड्राई होने लगते हैं। अगर आपके साथ भी यही परेशानी है तो आप घर पर ही इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी ही चीजों के बारे में बताएंगे, जिसके इस्तेमाल से आपके पैर मुलायम हो जाएंगे। **पेट्रोलियम जेली :** अगर आपके पैर काफी ज्यादा रूखे हो रहे हैं और आपके पास इतना समय नहीं है कि आप किसी तरह की फुट केयर कर पाएं तो इसके लिए पेट्रोलियम जेली एक बेहतर विकल्प है। आप आसानी से पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल करके अपने पैरों को मुलायम बना सकते हैं। पेट्रोलियम जेली आपको आसानी से बाजार में मिल जाएगी। **शहद :** शहद में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा के रूखेपन से आपको छुटकारा दिला सकते हैं। अगर आप शहद का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो 10 से 15 मिनट तक इसे अपने पैरों पर लगाएं और फिर पैरों को गुनगुने पानी से साफ कर लें। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।


# भीषण गर्मी में जींस की जगह पहनें ये 5 हल्के और स्टाइलिश बॉटम्स



गर्मियों का मौसम आते ही फैशन और आराम के बीच संतुलन बनाना एक चुनौती बन जाता है। खासकर जब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाए, तब भारी और टाइट जींस पहनना पूरे दिन असुविधाजनक महसूस करा सकता है। जींस का मोटा फैब्रिक गर्मी को रोकता है, जिससे पसीना और चिपचिपाहट बढ़ सकती है। यही वजह है कि फैशन एक्सपर्ट्स गर्मियों में हल्के और ब्रीदेबल फैब्रिक वाले कपड़े पहनने की सलाह देते हैं। आज बाजार में ऐसे कई ट्रेंडी बॉटम्स उपलब्ध हैं जो न केवल गर्मी से राहत देते हैं बल्कि आपके स्टाइल को भी बेहतर बनाते हैं। चाहे आप ऑफिस जा रही हों, कॉलेज, शॉपिंग या दोस्तों के साथ आउटिंग पर, ये बॉटम्स हर मौके पर शानदार लुक दे सकते हैं। अगर आप भी इस गर्मी में अपने वॉर्डरोब को अपडेट करना चाहती हैं, तो जींस की जगह इन स्टाइलिश और आरामदायक विकल्पों को जरूर ट्राई करें। **लिनन पैंट्स** - लिनन फैब्रिक गर्मियों के लिए सबसे पसंदीदा माना जाता है। यह हल्का, सॉफ्ट और हवा पार होने वाला होता है। ऑफिस से लेकर कैजुअल आउटिंग तक हर जगह स्टाइलिश लगता है। न्यूट्रल रंगों की लिनन पैंट्स इस सीजन में काफी ट्रेंड में हैं। **पलाज़ो पैंट्स-** पलाजो का ढीला और फ्लोई डिज़ाइन गर्मी में आराम देता है। एथनिक और वेस्टर्न दोनों टॉप्स के साथ आसानी से मैच हो जाता है। पूरे दिन पहनने पर भी भारीपन महसूस नहीं होता। समर फैशन में पलाज़ो हमेशा ट्रेंड में रहते हैं। **कॉटन ट्राउजर** - कॉटन फैब्रिक पसीना जल्दी सोखता है। फॉर्मल और कैजुअल दोनों लुक के लिए ट्राउजर उपयुक्त होता है। ऑफिस जाने वाली महिलाओं के लिए यह बेहतरीन विकल्प हो सकता है। गर्मियों में कॉटन ट्राउजर स्टाइल और आराम का शानदार कॉम्बिनेशन है। **कुलॉट्स** - कुलॉट्स वाइड फिट और क्रॉप्ड लेंथ के कारण गर्मियों में बेहद आरामदायक लगता है। यह मॉडर्न और ट्रेंडी लुक देती हैं।

# महंगे फेशियल छोड़िए, आधा आलू और आधा केला कर सकता है कमाल

गर्मियों के मौसम में तेज धूप, गर्म हवाएं और लगातार बाहर निकलने की वजह से त्वचा पर सन टैनिंग की समस्या आम हो जाती है। चेहरे, गर्दन, हाथ और पैरों की त्वचा अपनी प्राकृतिक रंगत खोने लगती है और कई बार त्वचा बेजान और रूखी भी दिखने लगती है। आलू और केला ऐसा ही एक कॉम्बिनेशन माना जाता है, जिसे कई लोग त्वचा को मुलायम और फ्रेश रखने के लिए इस्तेमाल करते हैं। खास बात यह है कि इस फेस पैक को बनाने के लिए ज्यादा सामग्री की जरूरत नहीं होती और इसे घर पर कुछ ही मिनटों में तैयार किया जा सकता है। **कैसे बनाएं आलू-केला फेस पैक?** इस घरेलू नुस्खे के लिए सिर्फ आधा आलू लें। इसका छिलका न हटाएं।आधा पका हुआ केला मिलाएं। केले के छिलके पर अंदर की तरफ लगा रेशा भी उपयोग में लाएं। अब इसमें 2 से 3 चम्मच दूध या नारियल का दूध डालें। सभी चीजों को ब्लेंड करके स्मूद पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रखें कि मिश्रण ज्यादा पतला न हो, ताकि इसे आसानी से चेहरे और त्वचा पर लगाया जा सके। **त्वचा पर कैसे करें इस्तेमाल?** तैयार पेस्ट को चेहरे, गर्दन या शरीर के उन हिस्सों पर लगाएं जहां सन टैनिंग ज्यादा दिखाई दे रही हो। इसे लगभग 15 से 20 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद हल्के हाथों से मसाज करते हुए सामान्य पानी से धो लें। सप्ताह में 2 से 3 बार इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। **इस फेस पैक में क्या है खास?** आलू में मौजूद प्राकृतिक तत्व त्वचा को ठंडक देने में मदद कर सकते हैं।जबकि केला त्वचा को मॉइस्चराइज रखने के लिए जाना जाता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बृहस्पतिवार, 11 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, एकादशी तिथौ गुरु वासरे 22/37/ रेवती नक्षत्रे 08/17/ शोभन योग 25/00/ बव करणे 11/53/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.08मि.17पर।

व्रत एवं त्यौहार- पंचक समाप्त घं.08 मि.17 पर। कमला एकादशी।

**मेष :** परिवारिक जीवन सूखमय होगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। जीवन स्तर में सुधार होगा।

**तुला :** लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। कारोबार उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्राओं का लाभ होगा।

**वृष :** वस्त्र भोजन व शमन सुख उत्तम होगा। सेवावृत्ति वाले जनो को शुभ संदेश मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि का योग बनेगा। यात्राएं चिंता बढ़ाएगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**मिथुन :** व्यक्तिगत कार्यबाधा रहेगी। गलत सलाह मानकर हानि पाएंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। धन लाभ अल्प होगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कुंभ :** नए संपर्कों से लाभ होगा। स्थान परिवर्तन का योग बनेगा। दूर की यात्रा का योग बनेगा। सन्मार्ग पर चित्त रखने से लाभ होगा।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**मीन :** दांपत्य जीवन सुखमय। परिवार का सहयोग मिलेगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। संचित कोष से व्यय होगा।

## भा कि यू ने सात सूत्रीय ज्ञापन एस डी एम को सौंपा

कोंच(जालौन)। भारतीय किसान यूनियन इकाई के तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल की अगुवाई में दिन बुधवार को एक मासिक बैठक गल्ला मंडी परिसर में डॉ केदार नाथ की अध्यक्षता में करते हुए किसानों की समस्याओं से सम्बंधित 7 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी सम्बोधित नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल को सोंपा ।

## विटामिन ए संपूरन अभियान् का हुआ शुभारम्भ



**ललितपुर।** जिला चिकित्सालय स्थित प्रसवोत्तर केंद्र में जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा विटामिन ए संपूरन अभियान् का उद्घाटन किया गया है व जिसका प्रमुख उद्देश्य नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि यह अभियान पूरे एक माह तक संचालित होगा, जिसके दौरान लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को विटामिन.ए की खुराक दी जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ धीरेन्द्र वैद्य ने बताया कि खुराक की मात्रा आयु के अनुसार निर्धारित की गई है, जिसमें नौ से 12 माह तक के बच्चों को आधा चम्मच यानी एक एमएल तथा एक वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चों को एक पूरा चम्मच यानी दो एमएल दवा दी जाएगी, इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशाओं के सहयोग से पात्र बच्चों की सूची पहले ही तैयार कर ली गई है ताकि कोई भी बच्चा खुराक से वंचित न रहे। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने बताया कि प्रदेश में हर साल दो चरणों में 6 माह के अंतराल पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक देकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। उद्घाटन के अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ मयंक शुक्ला परामर्शी चिकित्सक डॉ हुसैन खान, चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश भारती आदि उपस्थित रहे।

### आंधी तूफान एवं वज्रपात से बचाव हेतु जारी हुई एडवाइजरी'

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रमुख मौसम केन्द्र लखनऊ द्वारा एडवाइजरी जारी कर बताया कि आँधी तूफान के दौरान सावधानियों हेतु टीन की छत, होर्डिंग, क्षतिग्रस्त मकान, पेड़, बिजली के खंभे एवं मोबाइल टावर से दूर रहें व घर के बाहर या छत पर रखी हुई भारी वस्तुएं उड़ सकती हैं, इसलिये उन्हें बांधकर रख दें व यात्रा करते समय सुरक्षित स्थान देखकर रुक जाएं व आँधी तूफान के दौरान सावधानियों हेतु धारदार एवं नुकीली वस्तुओं को खुले में न रखें व धातु से बनी वस्तुओं का उपयोग न करें एवं पेड़ की शरण में न जायें व आकाशीय विद्युत के परिप्रेक्ष्य में सावधानियों हेतु पक्के मकान की शरण में चले जाएं व. खिड़की, दरवाजे एवं बरामदे से दूर रहें व पेड़, मोबाइल टावर, बिजली के खंभों, कच्चे मकान, तालाब, जलाशय से दूरी बना कर रखें व खराब मौसम में बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं,. यदि खुले खेत में फंस गये हैं तो दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकड़ू बैठ जाएं व वर्षा, आंधी तूफान, आकाशीय बिजली एवं बदलते मौसम का सटीक पूर्वानुमान देगा बहुउपयोगी सचेत ऐप एवं दामिनी ऐप जिससे कि प्रशासन, स्वयंसेवक तथा जागरुक लोगों द्वारा पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है व गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है दामिनी ऐप एवं सचेत ऐप व 'आकाशीय विद्युत के परिप्रेक्ष्य में सावधानियों हेतु पेड़ के नीचे न खड़े हों व. दीवार के सहारे टेक न लगायें व धातु युक्त नल एवं फ्रिज को न छुएँ व. धातु से बने छाते का प्रयोग न करें व. घरों में चलने वाले भारी विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें व खुले वाहनों मे सवारी न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें।

### नपाध्यक्ष ने निर्मित सी.सी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का किया लोकार्पण



ललितपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में निरंतर किए जा रहे प्रयासों के क्रम में वार्ड नंबर एक स्थित मोहल्ला सिद्दनपुरा में राहुल राय के मकान से सतीश चैबे के मकान होते हुए सकुन यादव के मकान की ओर निर्मित सी.सी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन अभिलाषा एवं वार्ड पार्षद सोनसिंह यादव द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया व लोकार्पण के अवसर पर क्षेत्रीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला व वार्डवासियों ने पालिका अध्यक्ष का पुष्पमालाओं एवं स्वागत समारोह के माध्यम से अभिनंदन किया। महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में बेहतर सड़क एवं जल निकासी व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब पूर्ण कर दिया गया है व इससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी।इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन अभिलाषा ने कहा कि नगर का विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है व नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क, नाली, नाला निर्माण, पार्कों के सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है व आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नगर के किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो व नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, बद्री कुशवाहा, गैराज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याओं यथोचित स्तर पर कराया जायेगा समाधान

ललितपुर। उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त कृषकों को अवगत कराया है कि मंत्री कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग की अध्यक्षता में विधान सभा सचिवालय लखनऊ में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि कृषि विभाग द्वारा प्रदेश में कार्यरत बीमा कम्पनियों के समन्वय से एक संयुक्त टोल फ्री नम्बर से प्राप्त किसानों की समस्याओं व जिज्ञासाओं का यथोचित स्तर से समाधान कराया जायेगा तथा फसल बीमा योजना से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जायेगी, अतः जनपद के समस्त किसान कृषि एवं फसल बीमा से संबंधित समस्याओं व जिज्ञासाओं हेतु कृषि विभाग में स्थापित किसान कॉल सेन्टर के टोल फ्री नम्बर 0522-2317003 पर सम्पर्क कर समस्याओं का समाधान करायें।

### धर्मेन्द्र अहिरवार व देवेन्द्र कुमार को किया गया विधान सभा प्रभारी नियुक्त

ललितपुर। बहिन कु. मायावती पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार पूर्व राज्यसभा सांसद के निर्देशन में नौशाद अली मुख्य मण्डल प्रभारी झांसी, रामबाबू चिरगईयां मुख्य मण्डल प्रभारी, रविकान्त मौर्या मुख्य मण्डल प्रभारी की संस्तुति पर दीपक कुमार अहिरवार की मण्डल प्रभारी झांसी नियुक्त किया गया है एवं 226 विधानसभा ललितपुर से क्रमशः धर्मेन्द्र अहिरवार व देवेन्द्र कुमार अहिरवार को विधान सभा प्रभारी नियुक्त किया गया है व 227 विधान सभा महरौनी से ब्रजेश कुमार अहिरवार को विधान सभा प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिसकी जानकारी जानकी प्रसाद बौद्ध एडवोकेट जिलाध्यक्ष बसपा ने दी।

#### नामावली तैयार होकर कर दी गई प्रकाशित

ललितपुर। पंचायत निर्वाचक नामावली निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने अवगत कराया है कि तहसील ललितपुर, तालबेहट, महरौनी, मड़ावरा एवं पाली के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत के समस्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आलेख्य में संशोधन कर उत्तर प्रदेश पंचायत राज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियमावली 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार कर ली गई है व उक्त नामावली प्रकाशित कर दी गई है व नामावली की एक प्रति कार्यालय सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में निरीक्षण के लिये उपलब्ध रहेगी।

## एडीजी कानपुर जोन, आईजी झांसी,डीएम एवं एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



उरई : परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते अधिकारी ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, उरई(जालौन)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 का अंतिम दिन जनपद में पूर्णतः नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुआ। परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा पूरी तरह व्यवस्थित एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हुई।

अंतिम दिन अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण करते हुए केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के निर्देश दिए।

जनपद में अंतिम दिन दोनों पालियों में कुल 6,528 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली में 3,264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,632 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 632 अनुपस्थित रहे, जबकि द्वितीय पाली में 3,264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,641 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 623 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार अंतिम दिन दोनों पालियों में कुल 5,273 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1,255 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध रहा और सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से भर्ती परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जालौन विकास कार्यों में अव्वल, प्रदेश में हासिल किया प्रथम स्थान



**विकास कार्यों के उत्कृष्ट क्रियान्वयन से जनपद ने कायम रखी शीर्ष स्थिति**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, उरई(जालौन)।** प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में जनपद ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की मासिक रैंकिंग में प्रदेश में विकास कार्यों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विकास कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जालौन ने प्रदेश के सभी जनपदों में शीर्ष स्थान हासिल किया। जनपद लगातार कई महीनों से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग में टॉप टेन स्थान पर बना हुआ है। यह उपलब्धि विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा राजस्व संबंधी कार्यों में निरंतर प्रगति का परिणाम है। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए जिला प्रशासन ने विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव रैंकिंग में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण मूल्यांकन तंत्र है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों की प्रगति, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, राजस्व वसूली, शिकायत निस्तारण तथा विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाती है। ऐसे प्रतिस्पर्धी माहौल में जालौन का प्रथम स्थान प्राप्त करना प्रशासनिक दक्षता, जवाबदेही और टीम भावना का प्रतीक माना जा रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस उपलब्धि पर सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीम के समर्पण, अनुशासन और सकारात्मक कार्य संस्कृति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनपद की इस उपलब्धि में माननीय जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन, नागरिकों के सहयोग तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसी प्रतिबद्धता और ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए जनपद को आगे भी प्रदेश की शीर्ष श्रेणी में बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करना ही जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में प्राप्त यह प्रथम स्थान जनपद के विकास की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों की पुष्टि करता है तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय मंडलायुक्त के सतत मार्गदर्शन, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना, जनप्रतिनिधियों के सहयोग तथा जनसामान्य के विश्वास को देते हुए कहा कि जालौन विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए निरंतर अग्रसर रहेगा।

### मादक पदार्थ सहित दबोचा गया अभियुक्त

कोंच(जालौन)। कोतवाली की उपरीक्षक सुशील कुमार एवं अभिषेक शांति व्यवस्थाएं जुर्म जरायम रोकथाम के लिए गस्त पर मामूर थे और पंचानन चैराहे से गुजर रहे थे तभी राहुल गिहार पुत्र कमलेश गिहार निवासी एस बी आई के सामने गिहार कालौनी थाना करहल जनपद मैनपुरी पर पुलिस की नजर पड़ी तो वह इधर उधर बगलें झांकने लगा पुलिस को शक होने पर पुलिस ने राहुल की तलाशी ली तो उसके पास से 16 ग्राम एलप्रेक्स नशे की गोली बरामद हुई जिसे पकड़कर पुलिस कोतवाली ले आयी जहां पर पुलिस ने उक्त के खिलाफ मुकद्दमा संख्या 120/26 धारा 21/22 एन डी पी एस एक्ट में मुकद्दमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर दी।

## बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ किया चेयरमैन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने



उरई : स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ करते पुनीत मित्तल ।

जालौन। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ चेयरमैन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनव राजावत एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह का उद्देश्य नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती एवं धात्री माताओं को आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत बच्चों का वजन एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा, कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष निगरानी में रखा जाएगा। इसके अलावा टीकाकरण, विटामिन-ए की खुराक, आयरन एवं फोलिक एसिड के वितरण के साथ ही पोषण और स्वच्छता संबंधी जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने बताया कि बच्चों के जीवन के शुरुआती वर्ष उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। यदि इस दौरान उन्हें पर्याप्त पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलती हैं तो इसका प्रभाव उनके संपूर्ण विकास पर पड़ता है। चेयरमैन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बच्चों और माताओं के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सभी अभिभावकों को अपने बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, समय पर टीकाकरण करवाने और संतुलित आहार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। गर्भवती एवं धात्री माताओं को भी पोषण संबंधी सलाह का पालन करना चाहिए, जिससे स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण हो सके। अंत मे मरीजों को फल वितरित किए गाए। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय सिंह राजावत, यश पटेल, गौरव मिश्रा, आशा प्रजापति आदि

### सड़क पर बने गढ्ढे में पहिया पड़ते ही लोहे की रॉड से भरा ट्रैक्टर पलटा'

कोच(जालौन)। सोनालिका ट्रैक्टर ट्राली में लोहे की रॉड भर कर कोच से उरई की ओर जा रहा था और जैसे ही वह मलंग पुल के नजदीक पहुंचा तो सड़क पर बने गड्ढे में ट्राली का भैया आ गया जिससे ट्राली का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गई जिससे लोहे की राडे सड़क पर बिखर गयीं और आबागमन बाधित हो गया तुरंत ही राहगीरों एवं स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर चालक की सहायता की और स्थानीय पुलिस को जानकारी दी गनीमत रही कि घटना के समय अगल बगल कोई बाहन एवं राहगीर नहीं था नहीं तो घटना दुर्घटना में बदल सकती थी मौके पर मौजूद लोगों द्वारा सड़क से लोहे की राडों को हटाया गया तब कहीं जाकर आबागमन सुचारू रूप से चालू हो पाया।

### पालिका के ईओ शुक्ला गाजियाबाद स्थानांतरित,हुये रिलीव



कालपी (जालौन) । बुधवार को शासन के आदेश पर नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला का स्थानांतरण गाजियाबाद जनपद के खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद के लिये हो गया है। स्थानांतरित अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला कालपी से रिलीव होकर नवीन तैनाती स्थल गाजियाबाद जनपद चले गए हैं।

बताया जाता है कि यह तबादला गाजियाबाद के साहिबाबाद के विधायक व कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा किए गए लिखित मांग के क्रम में किया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर पालिका परिषद कालपी के ईओ अवनीश कुमार शुक्ला को शासन ने नगर पालिका खोड़ा मकनपुर गाजियाबाद के अधिशासी अधिकारी के पद की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जिम्मेदारी ट्रांसफर सेशन समाप्त होने के बाद गाजियाबाद की स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लिखित मांग के आधार पर की गई है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि दिल्ली - उत्तर प्रदेश बार्डर पर खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद स्थित है। ज्ञात हो कि फरवरी 2024 में अवनीश कुमार शुक्ला ने अधिशासी अधिकारी कालपी का पदभार ग्रहण किया था। अपने कार्यकाल में ईओ शुक्ला ने विकास कार्यों पर अधिक दिलचस्पी दिखाई थी। दरअसल शुक्ला के स्थानांतरण के बाद अभी कोई अधिकारी की नियुक्त नहीं हुई है। समझा जाता है कि इस सप्ताह नये अधिशासी अधिकारी की नियुक्त कालपी में हो जायेगी।

## सपा नेताओं पर मुकदमे के विरोध में सांसद नारायणदास अहिरवार ने दी आंदोलन की चेतावनी



उरई : प्रेस वार्ता करते सांसद नारायणदास अहिरवार ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित 50 नामजद और 200 अज्ञात कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में सांसद नारायणदास अहिरवार ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने प्रशासन की इस कार्रवाई को दुर्भावनापूर्ण और एकतरफा बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई।

सांसद नारायणदास अहिरवार ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि देश में महंगाई, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम और युवाओं के भविष्य से जुड़ी नीट (नीट परीक्षा) जैसी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से आम जनता और किसान बेहद परेशान हैं। इन जनहित के मुद्दों को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया था।

उन्होंने प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि अभी हाल ही में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के आगमन के दौरान भारी भीड़ जुटी और धक्का-मुक्की हुई, लेकिन उनके कार्यकर्ताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो दिन पहले उरई आए मंत्री मनोज पांडे के काफिले में भी भारी भीड़भाड़ रही, मगर पुलिस-प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। इसके विपरीत, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने प्रशासन से बकायदा लिखित अनुमति (परमिशन) लेकर सपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक शांतिपूर्ण मार्च निकाला था। इस दौरान न तो कोई धक्का-मुक्की हुई और न ही किसी को नुकसान पहुँचाया गया। इसके बावजूद सपाइयों पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

सांसद ने परीक्षाओं के लगातार लीक हो रहे पेपरों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर सरकार और प्रशासन ने इन व्यवस्थाओं पर लगाम नहीं कसी, तो समाजवादी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। जनता के हक के लिए सड़कों पर उतरकर बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

इस प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से सांसद नारायणदास अहिरवार के साथ लल्ला यादव, सुरेंद्र बजरिया सहित कई वरिष्ठ सपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बेहतर विकास विन्यास और अच्छी आय ने जिला पंचायत को दिलाया आईएसओ अवार्ड



जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी व एएमए धर्मजीत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, उरई(जालौन)।** जिला पंचायत जालौन को बेहतर विकास,मानक के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन,तथा अन्य मानकों पर खरा उतरने पर भारत सरकार द्वारा आईएसओ सर्टिफाइड जिला पंचायत में शामिल होकर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। इस सफलता पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने बातचीत के दौरान कई मुद्दों पर खुलकर बातचीत करते हुये कहा कि इससे पूर्व उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर कार्यों को लेकर सम्मानित किया जा चुका है।

जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने बताया कि जिला पंचायत जालौन को आईएसओ सर्टिफाइड की श्रेणी में शामिल होने के लिये भारत सरकार को मानकों को पूरा करना होता जिसमें बेहतर कार्यों की गुणवत्ता, सड़क निर्माण गुणवत्ता से कराने के साथ ही कार्यालय में फाइलों के रखरखाव सहित जनपयोगी कार्यो को प्राथमिकता से पूरा कराने जिला पंचायत कार्यालय को भव्य बनाने सहित जो भी मानक पूर्ण होने चाहिए ऐसे सभी बिंदुओं को प्राथमिकता में शामिल कर हर बिंदु को धरातल पर उतारकर पूरा किया गया जिसका लाभ ग्रामीणांचल के लोगों को मिलने लगा। इन्हीं बिंदुओं को लेकर भारत सरकार द्वारा जिला पंचायत जालौन को आईएसओ अवार्ड पिछले दिनों दिया गया था। जिला पंचायत अध्यक्ष का कहना था कि आईएसओ अवार्ड मिलने में सभी जिला पंचायत अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग भी रहा। जिसे जो भी जिम्मेदारी सौंपी गयी उसको मिशन बनाकर कर्मचारियों से पूरा किया। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि जिला पंचायत में लंबे समय से सेवानिवृत्त कर्मियों के देयकों का भुगतान लंबित चला आ रहा था जिससे सेवानिवृत्त कर्मी परेशान होकर कार्यालय के चक्कर लगाते रहते थे। इस मामले को प्राथमिकता से लेकर जिला पंचायत के सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के देयकों का भुगतान शत प्रतिशत कर दिया गया। आज पुराने देयकों से जुड़ा एक भी मामला लंबित नहीं है।

### जिला पंचायत जालौन से नक्शा पास करने की सुविधा

जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने बताया कि प्रदेश में बहुत की कम जिला पंचायत ऐसी हैं जो नक्शा पास करने की सुविधा अपने जनपद वासियों को देती है। लेकिन जालौन जिला पंचायत नक्शा पास करने के मानकों को पूरा करती हैं जिससे ग्रामीणांचल का कोई भी व्यक्ति कार्यालय में आवेदन देकर अपना नक्शा पास करवा सकता है।

### जिला पंचायत जालौन की आय 7 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ पहुंची

जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने बताया कि जब वह जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे उस दौरान जिला पंचायत की वार्षिक आय 7 करोड़ के लगभग थी जो बहुत ही कम थी। जिला पंचायत की आय बढ़ाने के लिये निरंतर प्रयास किये जिसका प्रतिफल रहा कि आज जिला पंचायत की वार्षिक आय 20 करोड़ तक पहुंच चुकी है। आने वाले समय में आय में और वृद्धि की संभावना का द्वार भी खोल दिया गया।

### सारंगपुर पर्यावरण उपवन में रोपित पौधों को करेंगे संरक्षितः धर्मजीत

अपर मुख्य अधिकारी धर्मजीत त्रिपाठी ने मुलाकात के दौरान बताया कि जिला पंचायत जालौन द्वारा पिछले वर्ष कालपी के समीपस्थ जिला पंचायत की जमीन पर सारंगपुर मौजा में पर्यावरण उपवन को साकार रूप देने के लिये बड़े स्तर पर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया था। अब रोपित पौधों को संरक्षित करने के लिये हर संभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने पिछले दिनों पर्यावरण उपवन का स्थलीय निरीक्षण कर रोपित पौधों की बेहतर देखभाल के निर्देश दिये ताकि रोपित किए गये पौधे गर्मी की तीव्रता से नष्ट न हो सके।

# सीएमओ ने विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

**. आगामी एक माह तक चलेगा यह अभियान**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा।** बुधवार को महिला चिकित्सा स्थित पीपीसीए बांदा में डा. विजेन्द्र सिंहए मुख्य चिकित्सा अधिकारीए बांदा द्वारा बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर एवं आयरन सीरप वितरित कर उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। यह चरण 10 जून 2026 से आगामी एक माह तक चलाया जाना है। डा. विजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारीए बांदा द्वारा लोगों को विटामिन ए सम्पूर्ण माह में प्राप्त लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी गयी। जिसमें बताया कि रोगों से लडने की क्षमता में वृद्धि 2.5 वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु दर में कमी लानाए रतौंधी से बचाव कुपोषण से बचाव एवं उपचार ।नियमित टीकाकरण के साथ लक्षित बच्चों के साथ आंशिक प्रतिरक्षित ;ड्राप आउटद्ध बच्चों का प्रतिरक्षण शामिल है।

सीएमओ ने आगे बताया कि विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष दो बार आयोजित किया जाता है इसके अन्तर्गत 6 माह के अन्तराल पर विटामिन ए की खुराक से 09 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को आच्छादित किया किया जाता है। राज्य स्तर से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार जनपद बांदा में 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों की संख्या 256243 है। छाया ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस जो प्रत्येक बुद्धवार एवं शनिवार को मनाये जाते हैंए पर विटामिन ए की खुराक दी जायेगी इसके साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम में आयरन फोलिक एसिड सीरप वितरण को जोडने का निर्णय लिया गया है।



विटामिन ए सप्लीमेन्टेशन सत्र के दौरान एएनएम द्वारा 09 से 59 माह के बच्चों को विटामिन ए सीरप की खुराक के साथ 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सीरप की 50 मिली लीटर की एक बोतल का वितरण भी किया जायेगा। एएनएम द्वारा आयरन सीरप की बोतल आटो डिस्पिंसर फिक्स करने के बाद ही दिया जाना हैए साथ ही आईएफए सीरप की एक्सपायरी डेटए मार्कर कलम से आयरन सीरप उपयोग की अन्तिम तिथिए उपयोग करने का तरीका एवं इसके लाभ के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। प्रत्येक बच्चे को 01 एमएल आयरन सीरप सप्ताह में 02 बार दिया जाना है। एनीमिया के कारण बच्चों में आरम्भिक जीवन में शारीरिक एवं मानसिक विकास प्रभावित होता है जिसका प्रभाव भविष्य में भी पडता है। 06 माह के शिशुओं से लेकर 59 माह ;05 वर्षद्ध के बच्चों में एनीमिया से बचाव के लिये एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत प्थ्लतनच 50 उस पूजी ेनजव कपेचमदेमत से आच्छादित किया जाता है । प्रत्येक आशा एवं आंगनवाडी इस कार्यक्रम में बच्चों को सत्र स्थल पर लाने का कार्य करेगीए जिससे आंगनवाडी केन्द्रों पर पंजीकृत समस्त बच्चें वंचित न रहने पायें ।

इस अवसर पर डा0 सुनीता सिंहए सीएमएस जिला महिला चिकित्सालयए बांदाए डा0 अजय कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीए डा0 विजय शंकर केसरवानी जिला प्रतिरक्षण अधिकारीए श्रीमती सुनीता मिश्रा एलएचवी पीपीसीए श्रीमती पुष्पा सिंहए इंचार्ज एआरओ आरआईए संदीप पराशर कोआर्डिनेटर जेएसआईए दिलीप दुबेए कोआर्डिनेटर जीरो डोजए राम राज भारतीया कम्पहाण्ए आरआईए अरविन्द कुमार कमार वर्मा सीए आरआईए श्रीमती आशा छिहरियाए श्रीमती सुमन यादव बीएचडब्लू पीपीसी बांदा एवं पीपीसी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**. निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे डीआईजीए एसपी व अन्य अधिकारी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा.2025 को निष्पक्ष पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के हेतु आज अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा राजेश एस0 व पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्थाए सुरक्षा प्रबंधए सीसीटीवी निगरानी प्रणालीए स्ट्रांग रूमए कंट्रोल रूमए प्रश्नपत्रों की सुरक्षा एवं परीक्षा संचालन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया तथा केन्द्र व्यवस्थापकोंए पुलिस अधिकारियों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को परीक्षा की शुचिताए गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए गए । श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितताए नकल अथवा कानून.व्यवस्था संबंधी समस्या को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कताए निष्पक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने जहर खाकर दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

जनपद के नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नहरी गांव निवासी शिवम कुमार 23 पुत्र बृजेश मिश्रा का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेम प्रसंग के चलते उसने मंगलवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। अचानक जब उसकी हालत बिगड़ीएतब मामले की जानकारी घर वालों को हो सकी। परिजनों ने तत्काल उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम करा दिया है। मृतक के चचेरे भाई शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि शिवम का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले युवती ने उसके खिलाफ मुकदमा पर दर्ज करा दिया था। वह एक दो बार जेल भी हो आया है। पेशी भी पड़ रही थी। इसी से परेशान होकर उसने जहर खाकर खुदकुशी कर ली है। मौत के बाद मृतक के परिवार में हाहाकार मचा हुआ है।

## खबर एक नज़र

### केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति अतर्रा के तत्वाधान खिचड़ी भंडारा संपन्न हुआ



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** अतर्रा नगर में केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति अतर्रा के द्वारा धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन समय.समय पर किया जाता है। इस समय अतिरिक्त ज्येष्ठ माह के चलते प्रत्येक मंगलवार को गौराबाबा धाम में खिचड़ी भंडारा का आयोजन समिति द्वारा कराया जाता है । जिसमें भक्त भी पूरे तन्मयता से हिस्सा ले पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे है। हर मंगलवार की भांति इस मंगलवार को भी केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति अतर्रा के तत्वाधान में गौराबाबा धाम में आज तहरी प्रसाद के भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे भक्ति भाव के साथ भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया कार्य क्रम में अध्यक्ष राजेश गुप्ता उपाध्यक्ष विष्णुकांत राधेश्याम महामंत्री नवनीत गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल भैया अवधेश गुप्ता संरक्षक रमेश शर्मा बुद्ध विलास शर्मा प्रिंस गुप्ता बंबइया अमित शिवहरे सत्यम सोनी क्षितिज कुरील साकार किशन सागर सागर चौहान विपिन मानसी विजय सोनी रामकिशोर चौरसिया लल्लू सोनू किराना राहुल गुप्ता कुलदीप वर्मा सचिन बल्ले नरैनी से हरिश्चंद्र सोनकर जी आदि सभी भक्तों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### एसपी ने फरियादियो की सुनी समस्याएं

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियोंध्थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रकरणों में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध निस्तारण करे

### अंडर-15 राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित

हमीरपुर। खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के निर्देशों के क्रम में अंडर-15 सब-जूनियर बालकध्बालिका राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 22 जून से 30 जून, 2026 तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर (पंजाब) में किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में इस वर्ष 15 भार वर्गों को शामिल किया गया है, जिनमें 30 किग्रा से 70 किग्रा तक के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक बालक एवं बालिका खिलाड़ी निर्धारित तिथि पर आवश्यक अभिलेखों सहित उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में केवल 13 से 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी ही पात्र होंगे। ऐसे खिलाड़ी जिनकी जन्मतिथि 1 जनवरी, 2012 से 31 दिसंबर, 2013 के मध्य है, प्रतिभागिता के लिए पात्र होंगे। जिला खेल कार्यालय ने जनपद के सभी पात्र एवं इच्छुक खिलाड़ियों से समय से आवेदन एवं चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अपील की है, जिससे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो सके।

# देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल है

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** जनपद बादा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिनाक 24 मार्च 2026 से 100 दिवशीय टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। यह इसका सबसे बडा मकसद उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवाये पहुँचाना है। किसी वजह से अस्पताल तक नहीं पहुँच पाते है और समय रहते जाँच नहीं करा पाते है। इन स्वास्थ्य कैम्पों में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों जैसे 2 हफ्ते से खासी आना मुह से खून आना बुखार आना थकान होनाए सीने में दर्द होनाए सांस लेने में तकलीफ होनाए रात में पसीना आनाए गर्दन में गिल्टीध्गाठए बांझपन आदि के बारें में जागुरूक करते हुये साथ ही उच्च जोखिम वाली जनसंख्या जैसे कि 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तिए मधुमेह से पीडित व्यक्तिए एचआईवी से ग्रसितए लम्बी बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को टीबी होने की सम्भावना अधिक रहती है ऐसे व्यक्तियों को सतर्क रहना है एवं समय से बलगम तथा एक्सरे की जांच कराने की अपील की जा रही है। आप सभी को ज्ञात हो की



इस अभियान के दौरान बांदा जिले के आठ ब्लाकों में 175 उच्च प्रथमिकता वाले ग्राम सभाओं को चिन्हित किया गया है। जिसमें से अभीतक 127 ग्राम सभाओं में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा चुके है। अबतक 18977 व्यक्तियों का एक्सरे हो चुका है। अभियान में अबतक 3345 मरीजों का नॉट मशीन से बलगम की जाँच की गई जिसमें से 1257 नये मरीज चिन्हित किये गये।

यह अभियान 24 मार्च 2026 से शुरू हुआ था जो जून 2026 तक चलेगा। इस दौरान गाँव गाँव जाकर जागुरूकता कार्यक्रमए स्क्रीनिंग के साथ साथ टीबी के लक्षण जाँच और इलाज की सुविधाओं पर खास ध्यान दिया जा रहा है ताकि लोगों को टीबी के बारें में सही जानकारी प्राप्त हो सके और मरीजों का समय से इलाज शुरू हो सके।

जनपद में डीटीसीए नरैनीए जसपुराए कालिन्जरए मटौंध में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा चुके है। वर्तमान समय में ब्लाक तिन्दवारीए बहेरीए बबेरू में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे है। माह जून 2026 में ब्लाक कमासिनए बिसण्डाए अतर्रा में टीबी स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जायेगें।

आज दिन बुधवार को ब्लाक तिन्दवारी के ग्राम सादी मदनपुरए ब्लाक बबेरू के ग्राम टोला कलाए तथा ब्लाक महुआ के ग्राम गोखिया में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किया गया है। जहाँ पर कैम्प में आये हुये व्यक्तियों का एक्सरेए ब्लडप्रेसरए शुगरए बीएमआई एवं हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई।

# 24 घंटे में चोरी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार



चित्रकूट- बरगढ़ थाना पुलिस ने खेत से सोलर पैनल, बैटरी और अन्य उपकरण चोरी होने के मामले का मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मुरका स्थित एक खेत से सिंचाई में प्रयुक्त चार सोलर पैनल, दो बैटरी, एक इन्वर्टर और एक झटका मशीन चोरी होने की शिकायत बीते मंगलवार को दर्ज कराई गई थी। प्रयागराज के यमुनानगर के सडवा कला निवासी शिकायतकर्ता रामबरन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि खेती के लिए खरीदी गई जमीन पर लगाए गए उपकरण बीती 12 मई की रात चोरी हो गए थे। जिसके बाद नामजद तहरीर के आधार पर बरगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले का खुलासा करते हुए बरगढ़ थाने के उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह व उनकी टीम उपनिरीक्षक चन्द्रमौल शर्मा, आरक्षी विनोद कुमार यादव, रिक्रूट आरक्षी अस्मित यदुवंशी व शिवम यादव ने मामला दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर बुधवार को फरहेट फैक्ट्री के पास से चोरी के आरोपी थाना बरगढ़ के मजरा मुरका निवासी रामबाबू पटेल और शैलेंद्र सिंह उर्फ माझिल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया पूरा सामान भी बरामद कर लिया है।

# सदर विधायक ने विभिन्न मंदिरों में किया पूजन-अर्चन एवं रुद्राभिषेक

**. सेवाए सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सदर विधायक ने किया पूजन**

**बांदा।** बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवाए सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने तथा लगातार 4399 दिनों तक देश का नेतृत्व कर ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त करने के उपलक्ष्य में आज बांदा सदर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माण् सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी जी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मंदिरों में पूजा.अर्चनाए हवन एवं रुद्राभिषेक कर प्रधानमंत्री की दीर्घायुए उत्तम स्वास्थ्य तथा राष्ट्र की निरंतर उन्नति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल बिसंडा अंतर्गत ग्राम पौंडरा स्थित प्राचीन माँ पहाड़िया दाई मंदिर प्रांगण से हुईए जहां सदर विधायक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य विधिवत पूजा.अर्चना एवं हवन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में हुए ऐतिहासिक विकास कार्योंए गरीब कल्याण योजनाओं एवं भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में हुई वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकासए सुशासनए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीबए किसानए युवाए महिला एवं वंचित वर्ग के उत्थान हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। पूजन कार्यक्रम के उपरांत विधायक जी ने उपस्थित जनसमूह एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया तथा सभी से राष्ट्रहित एवं समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया।



इसके पश्चात माण् सदर विधायक जी द्वारा श्री कैलाशेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधिविधान से रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान देश की सुख.समृद्धिए प्रदेश की उन्नति तथा प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन हेतु विशेष प्रार्थना की गई। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी राष्ट्र की प्रगति एवं जनकल्याण की मंगलकामना की। इसके बाद विधायक गिरवां स्थित खत्री पहाड़ में विराजमान माँ विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचेए जहां उन्होंने माता रानी की पूजा.अर्चना कर देश एवं प्रदेश की खुशहाली तथा जनमानस के कल्याण की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजभवन उपाध्यायए जिला मंत्री राजर्षि शुक्लाए मण्डल अध्यक्ष विनय कुशवाहाए मण्डल अध्यक्ष महुऑ प्रेमस्वरूप द्विवेदीए ज्ञान दत्त पाण्डेय पूर्व मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंहए ग्राम प्रधान पौंडरा बिंदा कुशवाहाए विष्णु सेंगरए रामललन द्विवेदीए रतीभान सिंहए राजा उपाध्याय सहित समस्त मंडल पदाधिकारीए वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

# अभिलेखागार में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश, नकल आवेदन उसी दिन दर्ज होंगे



चित्रकूट- जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने जनपद के अभिलेखागार का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अभिलेखागार की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं जनहितकारी बनाने के लिए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नकल आवेदन प्राप्त होते ही उसी दिन संबंधित रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाएं। उन्होंने कुर्रा की नकल जारी करने के लिए तत्काल कलर फोटोकॉपी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। अभिलेखों के निरीक्षण के लिए आने वाले लोगों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने और सीटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही अभिलेखागार परिसर की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। उन्होंने 1356 से 1359 फसली की खतौनी की नकल जारी करने की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने पर जोर दिया, ताकि वादकारियों को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। अग्नि सुरक्षा के मद्देनजर सभी अग्निशमन यंत्रों को तत्काल रिफिल कराने तथा खतौनियों को बस्तों में रोस्टरवार व्यवस्थित रखने के भी निर्देश दिए। कहा कि अभिलेखागार में आने वाले प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं जनसुविधा के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) चंद्रशेखर, रिकॉर्ड रूम कीपर नर सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देशों का प्रभावरू व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर त्वरित निस्तारण

राज्य कर विभाग द्वारा कैंप, सेमिनार एवं व्यापारी संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापारियों को मिली बड़ी राहत

पंजीयन, रिटर्न दाखिल करने एवं जीएसटी पोर्टल संबंधी समस्याओं का मौके पर ही किया गया समाधान

हमीरपुर। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देशानुसार जनपद में व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में राज्य कर विभाग, हमीरपुर द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से कैंप, सेमिनार एवं व्यापारी संवाद कार्यक्रमों का आयोजन कर व्यापारियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। राज्य कर विभाग को प्राप्त सुझावों के क्रम में धीरेन्द्र कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष, हमीरपुर, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा राज्य कर, श्रम, बांट-माप एवं खाद्य विभागों का संयुक्त कैंप आयोजित किए जाने का अनुरोध किया गया था। इसके अनुपालन में 15 मई 2026 को साबरी गेस्ट हाउस, हमीरपुर में संयुक्त कैंप आयोजित किया गया, जिसमें खाद्य विभाग के 11, बांट-माप विभाग के 14, श्रम विभाग के 16 तथा राज्य कर विभाग से संबंधित 1 व्यापारी की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

18 मई 2026 को तहसील सभागार, राठ में बुलियन एवं सर्राफा व्यवसायियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें नए व्यापारियों के पंजीयन, रिटर्न दाखिल करने तथा जीएसटी पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं का प्रभावी निराकरण कराया गया।

5 जून 2026 को साईं कृपा गेस्ट हाउस, हमीरपुर में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में के0जी0 अग्रवाल, जिला अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, हमीरपुर द्वारा वर्ष 2022-23 के संविदाकारों की कर देयता से संबंधित समस्या उठाई गई, जिसका मौके पर ही विधिक समाधान कराया गया। इसी कार्यक्रम में विवेक कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष, हमीरपुर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा ऐसे व्यापारियों की समस्या रखी गई जो पिछले तीन वर्षों से रिटर्न दाखिल नहीं कर पा रहे थे। इस समस्या का भी तत्काल निस्तारण किया गया।

व्यापार बंधु बैठक में प्राप्त शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई। के0जी0 अग्रवाल द्वारा कुरारा नगर में दुकानों के नीचे पानी की पाइपलाइन लीकेज, सीलन तथा मनकी स्टैंड स्थित पेशाबघर से संबंधित समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया, जिनका समाधान संबंधित विभागों के माध्यम से कराया गया। अश्वनी द्विवेदी, नगर अध्यक्ष, कुरारा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा कुरारा नगर की सफाई व्यवस्था के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके उपरांत विशेष सफाई अभियान चलाकर व्यवस्था में सुधार किया गया। इसी प्रकार जीतेन्द्र कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष, मौदहा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा नवीन गल्ला मंडी, मौदहा में गंदगी एवं खराब सफाई व्यवस्था की समस्या उठाई गई, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मंडी परिसर में व्यापक सफाई अभियान संचालित कराया गया।

जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के कुशल मार्गदर्शन में राज्य कर विभाग व्यापारियों को सुगम, पारदर्शी एवं भयमुक्त व्यापारिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जनपद में व्यापारियों की प्रत्येक समस्या के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु भविष्य में भी इसी प्रकार नियमित संवाद एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

### आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

हमीरपुर। आज उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा जनपद हमीरपुर स्थित श्री विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों की प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। साथ ही परीक्षा केंद्र पर तैनात अधिकारियों एवं पुलिस बल को परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचिता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। महोदय, द्वारा संबंधित अधिकारियों को शासन एवं उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही नकल, अनुचित साधनों के प्रयोग तथा परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वाले किसी भी कृत्य के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बाँदा

पत्रांक–581/ निर्माण वि०/न०पा०परि० बांदा/2026–27 दिनाक 10.06.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

निर्माण कार्य करने वाले समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पालिका द्वारा बोर्ड स्वीकृत की प्रत्याशा में राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हैं। जिसकी अल्पकालीन निविदा दिनांक 24.06.2026 को कार्यालय अवधि में अपरान्ह 02.00 बजे तक नगर पालिका परिषद बांदा कार्यालय में विक्रय की जायेगीं। उक्त निविदायें दिनांक 25.06.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक नगर पालिका परिषद बांदा कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में निविदा डाली जायेगी। जो उसी दिनांक को 3.00 बजे खोली जायेगीं। निविदा के साथ ठेकेदारों को 10 प्रतिशत कार्य की अग्रिम जमानत धनराशि एन०एस०सी०/किसान बचत पत्र/एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक होंगी, जमा करना अनिवार्य है। निविदा के साथ ठेकेदार को 100 रूपये का स्टाम्प एवं 1 रूपये का रसीदी टिकट तथा टी–4, टी–5 एंव जी०एस०टी० प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ में संलग्न करना अनिवार्य है। कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय के निर्माण विभाग में की जा सकती है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। कार्यों का प्रकाशित आगणन (जी०एस०टी० सहित) विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि (लाख में) | जमानत राशि (लाख में) | निविदा मूल्य + जीएसटी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केन नदी आरती स्थल पर बैठने हेतु शेड एवं शहर के प्रमुख स्थलों पर बोतल बैंक लगाने का कार्य। | 496677.00 | 49668.00 | 586.00 | 15 दिन |
| 2. | वार्ड नं0 01 बिजलीखेड़ा में रामसनेही के मकान से तोताराम के मकान तक सी०सी० सड़क उच्चीकरण का कार्य। | 758344.00 | 75834.00 | 894.00 | 1 माह |
| 3. | वार्ड नं0 13 क्योटरा दक्षिणी में शशांक परमार के मकान से अमर खँगर के मकान तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 820064.00 | 82006.00 | 968.00 | 1 माह |
| 4. | वार्ड नं0 13 क्योटरा दक्षिणी में रेलवे लाइन मुख्यमार्ग इन्द्र भवन गिरी से संजय सिंह के मकान सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 525854.00 | 52585.00 | 621.00 | 1 माह |
| 5. | वार्ड नं0 16 झील का पुरवा चिल्ला मुख्य मार्ग में अमर सिंह के मकान होते हुए सुशील यादव तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 823811.00 | 82381.00 | 972.00 | 1 माह |
| 6. | वार्ड नं0 09 खाईपार में चाँद के मकान से दिनेश होते हुए अफरोज के मकान तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 984141.00 | 98414.00 | 1161.00 | 1 माह |
| 7. | वार्ड नं0 09 खाईपार में नीरज वर्मा के मकान से पप्पू के मकान तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 645320.00 | 64532.00 | 761.00 | 1 माह |
| 8. | वार्ड नं० 09 खाईपार में कल्लू के मकान से रियाज के मकान तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 986489.00 | 98649.00 | 1163.00 | 1 माह |
| 9. | वार्ड नं० 03 गायत्री नगर में अखिलेश नाथ दीक्षित के मकान से रीना सिंह के मकान तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 896053.00 | 89605.00 | 1057.0 | 1 माह |
| 10. | वार्ड नं0 03 गायत्री नगर में सी०सी० सड़क एंव नाली, पुलिया मरम्मत का कार्य। | 927052.00 | 92705.00 | 1094.00 | 1 माह |
| 11. | वार्ड नं0 02 चौसठ जोगनी में सी०सी० सडक एंव नाली, पुलिया मरम्मत का कार्य। | 972887.00 | 97289.00 | 1148.00 | 1 माह |
| 12. | मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत इमामबाड़ों एवं ताजिया विसर्जन मार्ग पर मरम्मत का कार्य। | 935740.00 | 93574.00 | 1104.00 | 15 दिन |
| 13. | मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शहर के खुले स्थानो को ढकने हेतु पटीया एंव रैम्प निमार्ण कार्य। | 923863.00 | 92386.00 | 1090.00 | 15 दिन |
| 14. | वार्ड नं0 09 खाईपार में बब्बू के मकान से नजीब के मकान तक सी०सी० सडक निर्माण का कार्य। | 601032.00 | 60103.00 | 709.00 | 1 माह |
| 15. | वार्ड नं0 08 सीविल लाइन में सुरेश सिंह के मकान से नरोत्तर सिंह के मकान होते हुए जगरूप कुशवाहा के मकान तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 861409.00 | 86141.00 | 1016.00 | 1 माह |
| 16. | वार्ड नं0 08 सीविल लाइन में हरीओम गुप्ता के मकान से रामप्रताप श्रीवास होते हुए न्यू हैप्पी स्कूल तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 933594.00 | 93359.00 | 1102.00 | 1 माह |
| 17. | वार्ड नं0 19 शान्ती नगर मे नवनिर्मित मुक्तिधाम के पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य | 983172.00 | 98317.00 | 1160.00 | 1 माह |
| 18. | वार्ड नं0 05 बंगालीपुरा में प्रकाश मन्दिर से पीताम्बरा किराना स्टोर तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 969802.00 | 96980.00 | 1145.00 | 1 माह |
| 19. | वार्ड नं0 06 क्योटरा उत्तरी जेल मुख्य मार्ग में गली नं0–03 में सुरक्षात्मक सी०सी० रैम्प निर्माण कार्य। | 619163.00 | 61916.00 | 730,00 | 1 माह |
| 20. | नगर पालिका सीमान्तर्गत बाबूलाल चौराहा पुराने ओवर ब्रिज के उपर जन सुरक्षा हेतु सी०एन०सी० कटिंग फाइबर जाली लगाने का कार्य। | 987660.00 | 98766.00 | 1166.00 | 1 माह |
| 21. | वृक्षारोपण हेतु नगर के विभिन्न स्थानों में ट्री गार्ड आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य। (भाग–1) | 915571.00 | 91557.00 | 1081.00 | 15 दिन |
| 22. | वृक्षारोपण हेतु नगर के विभिन्न स्थानों में ट्री गार्ड आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य। (भाग–2) | 991869.00 | 99187.00 | 1171.00 | 15 दिन |
| 23. | वृक्षारोपण हेतु नगर के विभिन्न स्थानों में गड्ढा खुदाई एवं वृक्षारोपण का कार्य। | 380365.00 | 38037.00 | 448.00 | 07 दिन |
| 24. | वार्ड नं0 16 झील का पुरवा कनवारा मुख्य मार्ग से कैलाश प्रजापति से धीरू सिंह तक सी०सी० सडक एवं नाली निर्माण कार्य | 998460.00 | 99846.00 | 1178.00 | 1 माह |
| 25. | वार्ड नं0 16 चिल्ला मार्ग में बाला जी गेस्ट हाउस से धुलाई सेण्टर तक नाला निर्माण कार्य। | 880640.00 | 88064,00 | 1040.00 | 1 माह |
| 26. | वार्ड नं0 06 शम्भू नगर में कल्लू नाई के पास सी०सी० सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 604310.00 | 60431.00 | 713.00 | 1 माह |
| 27. | वार्ड नं0 03 गायत्री नगर में राजा गुप्ता के मकान से पटेल जे०ई० साहब के मकान तक सी०सी० सड़क एवं नाली निर्माण कार्य | 999840.00 | 99984.00 | 1180.00 | 1 माह |
| 28. | वार्ड नं० 19 शान्ती नगर शिक्षक कालोनी में प्रेम तिवारी जी के मकान के पास सी०सी० सड़क एवं नाली निर्माण कार्य | 499640.00 | 49964.00 | 590.00 | 1 माह |
| 29. | वार्ड नं0 19 शान्ती नगर महादेवे पेट्रोल पम्प के पीछे रामऔतार भाऊ के मकान से शिवशंकर महाराज के मकान तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 994350.00 | 99435.00 | 1173.00 | 1 माह |
| 30. | वार्ड नं0 03 गायत्री नगर में जीतू परिहार के मकान से भूपत प्रधान जी के मकान तक सी०सी० सड़क एवं नाली निर्माण कार्य | 599310.00 | 59931.00 | 707.00 | 1 माह |
| 31. | वार्ड नं0 03 गायत्री नगर में राजा तिवारी के मकान से बरदानी साहू के मकान तक सी०सी० सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 995840.00 | 99584,00 | 1175.00 | 1 माह |
| 32. | वार्ड नं0 02 चौसठ जोगनी मन्दिर में हरदौल मन्दिर के पास मरम्मत का कार्य। | 998890.00 | 99889.00 | 1179,00 | 1 माह |
| 33. | वार्ड नं0 31 इन्दिरा नगर गैट नं0 02 से नायरा पेट्रोल पम्प तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य। | 965440.00 | 96544,00 | 1139,00 | 1 माह |
| 34. | वार्ड नं0 28 अलीगंज उत्तरी (राइफल क्लब) में सुन्दरीकरण हेतु चबूतरा, रेलिंग एवं टाइलीकरण का कार्य | 998480.00 | 99848.00 | 1178,00 | 1 माह |
| 35. | नगर पालिका कार्यालय परिसर में सभागार के पास शौचालय एवं नाली निर्माण कार्य। | 980625.00 | 98063.00 | 1158.00 | 1 माह |
| 36. | वार्ड नं0 19 शान्ती नगर में बब्बू राजपूत के मकान से रमेश राजपूत के मकान तक 33/11 लाइट पोल शिफ्टिंग का कार्य। | 708179.00 | 70818.00 | 835.00 | 1 माह |
| 37. | वार्ड नं0 13 क्योटरा दक्षिणी कर्बला मार्ग में सी०सी० सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 846440.00 | 84644.00 | 998.00 | 1 माह |
| 38. | वार्ड नं0 16 झील का पुरवा विष्णु पाण्डेय के मकान से कल्लू गुप्ता के मकान तक सी०सी० सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 998569.00 | 99857.00 | 1179.00 | 1 माह |
| 39. | वार्ड नं0 16 झील का पुरवा में प्राथमिक एवं जू०हा० स्कूल के पास नाला निर्माण एवं ढकने का कार्य | 726385.00 | 72639.00 | 857.00 | 1 माह |
| 40. | वार्ड नं0 16 झील का पुरवा में प्राथमिक एवं जू०हा० स्कूल के पास नाला निर्माण एवं ढकने का कार्य | 726386.00 | 72639.00 | 857.00 | 1 माह |
| 41. | वार्ड नं0 07 जरैली कोठी में गजराज सेन के मकान से अमरपाल सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य। | 972362.00 | 97236.00 | 1147.00 | 1 माह |
| 42. | वार्ड नं0 31 इन्दिरा नगर सुनील तिवारी के घर से चौबे जी के घर से होते हुए तिवारी जी किराना के दुकान तक सी०सी० रोड एवं नाली का निर्माण कार्य। | 996710.00 | 99671.00 | 1176.00 | 1 माह |
| 43. | वार्ड नं0 31 इन्दिरा नगर के टी०वी० टावर गेट के सामने संजय गुप्ता के घर से होतु हुए दानो पार्क के चारो तरफ सी०सी० रोड एवं नाली का निर्माण कार्य। | 990740.00 | 99074.00 | 1169.00 | 1 माह |
| 44. | वार्ड न 15 मढ़ियाना में पोंगा फैक्ट्री से जयकरण वकील से रामश्री के मकान तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 950160.00 | 95016.00 | 1121.00 | 1 माह |
| 45. | वार्ड नं0 12 कटरा पश्चिमी में सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 985610.00 | 98561.00 | 1163.00 | 1 माह |
| 46. | वार्ड न0 22 निम्नीपार में प्रजापति समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 998210.00 | 99821.00 | 1178.00 | 1 माह |

**निविदा की शर्तें :–**

1 सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी और स्वत: निरस्त समझी जायेगी।

2 किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त किये जाने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को निहित होगा।

3 श्रमकर/जी०एस०टी० एवं अन्य करों की कटौती ठेकेदार के बिल से नियमानुसार की जायेगी।

4 निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकार बांदा होगा।

5 शासनादेश सं० 14/2024/692/23.07.2024 लोक निर्माण अनुभाग–7 लखनऊ, दिनाक 09.08.2024 के द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार जिन कार्यों हेतु प्राप्त निविदा की लागत कार्य हेतु अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से अधिक प्राप्त हुई हो तो उस दशा में प्रथम 10 प्रतिशत तक के लिये परफार्मेस सिक्योरिटी शून्य ही रहेगी। परन्तु उसके पश्चात प्रत्येक 01 प्रतिशत नीचे दर हेतु 01 प्रतिशत अतिरिक्त परफार्मेस सिक्योरिटी जमा करनी होगी।

6 शासनादेश सं० 609/नौ–9–2007–249ज/06 दिनांक 26.02.2007 के अनुसार राज्य बार काउंसल में पंजीकृत किसी भी अधिवक्ता को ठेकेदारी में प्रतिभाग करने का अधिकार नहीं होगा।

7 निविदा में सम्मिलित कार्यों की निर्धारित अवधि में पूर्ण न होने पर तर्क संगत आधार पर नियमानुसार समय में वृद्धि की जा सकेगी।

8 जिन ठेकेदार/फर्मों को पालिका द्वारा 03 माह पूर्व में निर्गत कार्यादेशों के कार्यों को प्रारम्भ/पूर्ण नहीं किया गया है, वह उपरोक्त निविदा में प्रतिभाग नहीं कर सकते है।

9 कार्य स्थल पर समस्त सुरक्षात्मक उपबन्ध करने का दायित्व सम्बन्धित निविदादाता/फर्म की होगी तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना आदि होने पर निविदादाता/फर्म उत्तरदायी होगी।

10 निविदादाता का श्रम विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उसके उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

11 कार्यादेश प्राप्ति के 02 दिवस उपरान्त स्थल पर कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने पर ठेकेदार की जमानत धनराशि नियमानुसार जब्त करते की कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशासी अधिक**
**नगर पालिका परिषद, बांदा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बांदा**

# अब जंतर-मंतर पर होगा सीजेपी का अनिश्चितकालीन आंदोलन

## शिक्षा मंत्री के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी ने किया आज से देशव्यापी प्रदर्शन आरंभ करने का ऐलान

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** प्रतियोगी और अकादमिक परीक्षाओं में गड़बड़ियों के खिलाफ सोशल मीडिया के मंच से आरंभ हुई लड़ाई को बीते छह जून को राजधानी दिल्ली में सड़क पर ले आने वाली कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी ने अब इस संघर्ष को निर्णायक अंजाम तक पहुंचाने के लिए कमर कस ली है। इसी सिलसिले में परीक्षा पेपर लीक, तकनीकी खामियों और प्रशासनिक लापरवाही की लगातार सामने आ रही घटनाओं से लाखों छात्रों के भविष्य को खतरे में डालने का आरोप लगाकर केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ाते हुए सीजेपी ने आज से देशव्यापी शांतिपूर्ण प्रदर्शन शुरू करने की घोषणा की है। बताया गया है कि पुणे से शुरू होकर यह आंदोलन लखनऊ, अमृतसर, बेंगलुरु, जयपुर और हैदराबाद सहित देश के कई प्रमुख शहरों में फैलेगा। पार्टी का साफ तौर पर कहना है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बार-बार हुई इन गड़बड़ियों रोक पाने या इसकी जिम्मेदारी लेने में पूरी तरह विफल रहे हैं लिहाजा उनको इस पद से हटाया जाना बेहद आवश्यक है। सीजेपी ने घोषणा की है कि अगर केंद्र सरकार ने शिक्षा मंत्री के पद से प्रधान को हटाने या उनसे इस्तीफा कराने की मांग को स्वीकार नहीं किया तो आगामी 20 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना शुरू किया जाएगा जो तब तक चलेगा जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं दे देते। सीजेपी की मानें तो यह मुद्दा केवल कुछ छात्रों का नहीं बल्कि पूरे देश के युवाओं और परिवारों का है जिनका भविष्य संस्थागत असफलताओं और प्रशासनिक नाकामियों की भेंट चढ़ रहा है। सीजेपी ने शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और पवित्रता को बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी बताते हुए छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन में बढ़-चढ़कर शामिल हों।

सीजेपी के आधिकारिक मीडिया हैंडिल पर जारी की गई विज्ञप्ति में उक्त जानकारियां देते हुए कहा गया है कि बीते छह जून को जंतर-मंतर पर हजारों की तादाद में हुई छात्रों की उपस्थिति ने स्पष्ट संदेश दिया है कि आज के युवा चुपचाप पीड़ित होने के लिए हर्गिज तैयार नहीं हैं और सरकार से जवाबदेही की मांग करने से नहीं डरते हैं। सीजेपी के अनुसार हाल के वर्षों में एनटीए समेत विभिन्न परीक्षा प्रणालियों में आई बार-बार की विफलताएं अब सहन की सीमा पार कर चुकी हैं। छात्रों को पेपर लीक, गलत प्रश्नपत्र, सर्वर डाउन और अन्य तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनकी तैयारी के वर्ष बर्बाद हो रहे हैं। इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की चुप्पी युवाओं में गहरे असंतोष को बढ़ा रही है। सीजेपी का कहना है कि लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है इसलिए जवाबदेही का सिद्धांत लागू होना ही चाहिए। दावा किया गया है कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग अब केवल छात्र संगठनों तक सीमित नहीं रही है बल्कि आम जनता भी इसमें शामिल हो रही है। सीजेपी ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल से प्रेरित नहीं बल्कि छात्र हित और शिक्षा सुधार की मांग को लेकर है जिसके तहत 11 जून को पुणे से शुरू होने वाले प्रदर्शनों की सफलता के बाद इसका विस्तार पूरे देश में होगा। सीजेपी का कहना है कि यदि सरकार इस मामले में जवाबदेही तय नहीं करती तो देश के युवा और अधिक सशक्त तरीके से सड़कों पर उतरेंगे।

# गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए



**स्वतंत्र भारत बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कठेला समय माता पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना कठेला समय माता पुलिस ने मु.अ.सं. 61/2026, धारा 105 बीएनएस से संबंधित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार को झकहिया चौराहा क्षेत्र से दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामबृक्ष विश्वकर्मा पुत्र छेदी विश्वकर्मा निवासी ग्राम बिरवापुर थाना इटवा तथा अनिल कुमार पुत्र संतराम निवासी ग्राम बेनिपुर उर्फ पुरैना थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर शामिल हैं। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक श्यामदेव प्रसाद, हेड कांस्टेबल कमलेश यादव, आरक्षी सुभाष कुमार तथा आरक्षी सत्यम चौधरी शामिल रहे।

# विधायक रिंकी कोल ने किसान यूनियन से की मुलाकात, समस्याएं सुनीं



**हलिया मिर्जापुर)।** छानबे विधायक रिंकी कोल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड हलिया में किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।प्रतिनिधिमंडल ने कृषिए सिंचाईए खाद.बीज उपलब्धता और फसल मुआवजे से जुड़े मुद्दे विधायक के समक्ष रखे। विधायक रिंकी कोल ने कहा कि ष्कृषि और किसानों से जुड़ी चुनौतियों के निराकरण के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। संवाद ही समाधान की पहली सीढ़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर त्वरित समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि किसान प्रदेश की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा करना प्राथमिकता है।मुलाकात के दौरान स्थानीय कार्यकर्ता और किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बड़े मंगलवार पर युवकों ने की सेवा पिलाया शीतल जल व शरबत



**मिर्जापुर।** बड़े मंगलवार एवं पुरुषोत्तम मास के अवसर पर जायसवाल समाज युवा संगठन द्वारा मंगलवार शाम पुराने ओरियंटल बैंकए तेलियागंज के पास आमजन की सेवा के लिए शीतल जल एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री महावीर हनुमान तथा सहस्त्रबाहु अर्जुन महाराज के पूजन.अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीर प्रताप जायसवाल ने युवा संगठन के पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए समाज सेवा के ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। आयोजन की अगुवाई युवा संगठन के अध्यक्ष धर्मदीप जायसवालए उपाध्यक्ष आशीष जायसवाल तथा सांस्कृतिक मंत्री हर्ष जायसवाल ने की। सेवा कार्यक्रम में जायसवाल समाज के अध्यक्ष जायसवाल, महामंत्री अलंकार जायसवाल, कोषाध्यक्ष कृष्णा जायसवाल, महिला संगठन की अध्यक्ष साधना जायसवाल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। वहीं युवा संगठन के आकाश जायसवालए पीयूष जायसवालए विनय जायसवाल, शुभम जायसवालए जगनारायण जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, सुरेश जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, सनी जायसवाल और अमन जायसवाल ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

इसके अलावा संरक्षक डॉण् शेखर जायसवालए मनमोहन जायसवाल एवं रविंद्र जायसवाल ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाम 4 बजे से शुरू हुआ शीतल जल एवं शरबत वितरण कार्यक्रम रात्रि 8 बजे तक संचालित किया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के समापन पर युवा संगठन के अध्यक्ष धर्मदीप जायसवाल एवं मंत्री सुनील जायसवाल एडवोकेट ने सभी सहयोगियोंए पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर ग्रामीणों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**हलिया (मिर्जापुर)।** आदिवासी समाज के महान जननायक और धरती आबा कहे जाने वाले बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर हथेड़ा गांव में मंगलवार की शाम स्थानीय ग्रामीणों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। ग्रामीण प्रतिमा के चारों ओर खड़े होकर हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

प्रतिमा पर फूलों की माला चढ़ाई गई है और ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से सम्मान व्यक्त किया। बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन और जमींदारों के शोषण के खिलाफ आदिवासियों को संगठित कर ष्उलगुलानष् आंदोलन का नेतृत्व किया था। उनकी शहादत और संघर्ष को आज भी आदिवासी समाज प्रेरणा के रूप में याद करता है।कार्यक्रम में बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक की भागीदारी रही। ग्रामीणों ने कहा कि बिरसा मुंडा के विचार और उनके संघर्ष से नई पीढ़ी को समाज सेवा और अपने अधिकारों के लिए जागरूक होने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान जनार्दन कोल, राजेंद्र उपाध्याय, वीरेंद्र कोल, राकेश कोल, रामरक्षा कोल आदि मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आकर महिला अचेत, भर्ती

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा पुलिस चौकी अंतर्गत कनोखर गांव में मंगलवार की देर शाम करंट की चपेट में आने से महिला अचेत हो गई मौके पर पहुँचे परिजनों ने महिला को एम्बुलेंस सेवा 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जंहा पर महिला का उपचार चल रहा है लालगंज थाना क्षेत्र के कनोखर गांव निवासी ओमप्रकाश की 28 वर्षीय पत्नी फुलकली अपने घर के स्टोर रूम से राशन निकाल रही थी की तार कटा होने से करंट की चपेट में आकर अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों ने एम्बुलेंस 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस चालक विनोद कुमार व ईएमटी संतोष भारतीय ने महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जंहा पर महिला का उपचार चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार हुआ है।

## परिवार की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने खाया विशाक्त पदार्थ

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने मंगलवार की देर शाम परिजनों के डांट से क्षुब्ध होकर घर में रखे किसी विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे किशोरी की हालत बिगड़ने पर किशोरी के परिजनों ने आनन फानन में किशोरी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है जंहा पर चिकित्सक रीना पटेल द्वारा किशोरी का उपचार किया जा रहा है उपचार के बाद किशोरी की हालत में सुधार हुआ है इस संबंध में चिकित्सक रीना पटेल ने बताया की परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था जिससे किशोरी के परिजनों द्वारा किशोरी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर उपचार के बाद किशोरी की हालत में सुधार हुआ है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया कस्बा व भटवारी गांव में बुधवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी रमाशंकर सिंह व कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया । क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित

**उतरौला/बलरामपुर।** राज्य कर विभाग के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में व्यापारियों, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों, विभागीय प्रक्रियाओं तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर सहा यक आयुक्त प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि व्यापारियों को समय बद्ध पंजीकरण एवं रिटर्न फाइलिंग पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने जीएसटी से सम्बन्धित नवीन व्यवस्थाओं और ऑनलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर सहायक आयुक्त डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाएं व्यापारियों के हितों को ध्यान में रख कर संचालित की जा रही हैं। उन्होंने जीएसटी जेन-2 में किए गए सुधारों और विभागीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने के प्रयासों पर विस्तार रुप से प्रकाश डाला। व्यापारियों ने भी अपनी जिज्ञासाएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे, जिनका समाधान करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के अन्त में उपायुक्त राज्य कर खण्ड-1 बलरामपुर बृजेश कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस कार्य क्रम में विधायक राम प्रताप वर्मा के प्रतिनिधि शिवाकान्त वर्मा,उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता,महा मंत्री गुरविन्दर सिंह, गल्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष रूपचन्द गुप्ता उतरौला भट्ठा एसोसिएशन महामंत्री अफजाल हसन, युवा उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष फैजअहमद हाशमी, उपायुक्त राज्य कर खण्ड 2 बलरामपुर अभिषेक गुप्ता, राज्य कर अधिकारी प्रतुल कुमार, राज्य कर अधिकारी प्रवीण कुमार, वरिष्ठ सहायक अनुज कुमार, अधिवक्ता टैक्सेशन अरविन्द कुमार के अलावा अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शरीर पर चोट, हत्या की आशंका

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत गंगहरा खुर्द माइनर के पास बुधवार सुबह 24 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। युवक के शरीर पर चोट और जलने के निशान पाए गए हैंए जिससे प्रथम दृष्ट्या बिजली के करंट से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान लहंगपुर निवासी सूर्यबली के इकलौते पुत्र किशन कुमार के रूप में हुई है। उसका शव गंगहरा खुर्द गांव में स्थित पावर हाउस और नहर के पास पड़ा मिला था। बुधवार सुबह शौच के लिए गए युवक के चाचा रामनरेश ने शव देखकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों के अनुसार किशन लहंगपुर बाजार में एक कपड़े की दुकान में काम करता था। मंगलवार रात करीब 9 बजे वह घर आया था, जिसके बाद वह फिर बाहर गया और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने देर रात तक उसकी तलाश कीए लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।


**कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद-बाराबंकी**

पत्रांक : 75/न०पं० है०/ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक : 27 मई 2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149 सा/2019 नगर विकास अनुभाग 5 लखनऊ दिनांक- 20 सितम्बर 2019 के क्रम में समस्त सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों/फर्मों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हैदरगढ़ को 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि की प्रस्तावित कार्ययोजना पर जिलाधिकारी महोदय बाराबंकी द्वारा अनुमोदन प्रदान किये जाने के उपरान्त कार्ययोजना के क्रियान्वयन हेतु ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदाएं प्रतिशत दर के आधार पर अधोलिखित नियम एवं शर्तों के अधीन **दिनांक- 03.06.2026 से दिनांक-23.06.2026** तक आमंत्रित की जाती है। जो **दिनांक 24.06.2026 को** ई-निविदा पोर्टल पर आनलाइन खोली जायेंगी।

(इन्द्रभान) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी

(आलोक तिवारी) अध्यक्ष नगर पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शैलेन्द्र श्रीवास्तव उर्फ चंदन व उसकी पत्नी पूजा श्रीवास्तव के व्यवहार से आजिज आकर संबंध विच्छेदकर चलअचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी कार्य की जिम्मेदारी अब मेरी न होगी। सतीशचंद्र श्रीवास्तव पुत्र प्रतापनारायण श्रीवास्तव म.नं. 417, आदर्शनगर, शुक्लागंज थाना गंगाघाट जिला उन्नाव।(40)

सी.आर.- 502/K-40

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मनीष व उसकी पत्नी रामजानकी के व्यवहार से आजिज आकर संबंध विच्छेदकर चलअचल संपत्ति से बेदखलकर दिया है। उनके किसी कार्य की जिम्मेदारी अब मेरी व परिवार की न होगी। लल्लन पुत्र प्रसादी ग्राम रूपनीखेड़ा, मगरवारा थाना कोतवाली सदर जिला उन्नाव।(35)

सी.आर.- 502/K-35

**सूचना**

मेरी नाबालिग पुत्री के आधारकार्ड सं. 727873089182 में उसका नाम श्रेयांशी (SHREYANSHI)अंकित हो गया है। जो कि गलत है। पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में नाम श्रेयशी सिंह (SHREYASHI SINGH) अंकित है जो कि सही व शुद्ध नाम है। श्रेयांशी (SHREYANSHI) व श्रेयशी सिंह (SHREYASHI SINGH) दोनों नाम मेरी पुत्री के है अभय सिंह (पिता) 201 स. पतारा, घाटमपुर कानपुर नगर।(42)

सी.आर.- 502/K-42

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांक E/2/D & AR/Chiranjeev Mishra/26 दिनांक 08.06.2026

**गैर हाजिरी सूचना**

श्री चिरंजीव मिश्रा पुत्र श्री जितेन्द्र मिश्रा, ट्रैकमैन, अधीन सी.सी.इंजी० / पीवे० / फतेहपुर, पता - ग्राम पटनवा, पोस्ट- बसंतनगर, जिला चन्दौली, पिन 221110 (उत्तर प्रदेश) को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 13.11.2025 से आज तक लगातार अपनी ड्यूटि से अनुपस्थित चल रहे हैं। आप इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से 10 दिनों के अन्दर सहायक मंडल अभि० / उमरे० / फतेहपुर कार्यालय में आवश्यक रूप से उपस्थित हों, अन्यथा यह माना जायेगा कि आप आगे रेल सेवा नहीं करना चाहते हैं, जिसके कारण रेल प्रशासन को एकतरफा निर्णय लेने हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

श्री चिरंजीव मिश्रा पुत्र श्री जितेन्द्र मिश्रा, ट्रैकमैन
अधीन - सी०से० इंजी०/रेल पथ/फतेहपुर
पता - ग्राम पटनवी, पोस्ट-बसंतनगर
जिला - चन्दौली, पिन 221110 (उत्तर प्रदेश)

1307/26(D)

सहायक मंडल अभियंता
उत्तर मध्य रेल
फतेहपुर

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

विज्ञापन संख्या : 04/2026

**केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, वेबसाइट : www.sanskrit.nic.in

**भर्ती की अधिसूचना**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली अपने तीन परिसरों, अर्थात् वेदव्यास परिसर, बलाहार (हिमाचल प्रदेश), श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग (उत्तराखण्ड) तथा एकलव्य परिसर, अगरतला (त्रिपुरा) में विभिन्न शैक्षणिक/अन्य शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। इन पदों में सह-आचार्य (Associate Professor)-23 पद, सहायक आचार्य (Assistant Professor)-63 पद तथा अन्य शैक्षणिक-04 पद सम्मिलित है। पात्रता मानदंड, शैक्षिक योग्यताएँ, भर्ती प्रक्रिया, रिक्तियों के वितरण, आरक्षण, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया (जिसमें यूजीसी विनियमों के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग मानदंड एवं परीक्षाओं सहित अंकभार मानदंड, मूल्यांकन मानदंड, साक्षात्कार तथा अन्य आवश्यक आवश्यकताएँ सम्मिलित हैं) से संबंधित व्यापक जानकारी विस्तृत विज्ञापन संख्या 04/2026 में उपलब्ध होगी, जिसे दिनांक 10.06.2026 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in के Recruitment/Notification अनुभाग में देखा जा सकता है। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को सख्त परामर्श दिया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले वहां उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.07.2026 है।

दिनांक: 10.06.2026

CBC 21212/11/0005/2627

हस्ता/- कुलसचिव (प्र०)

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता झांसी वृत्त, लो०नि०वि०, झांसी**

पत्रांक :- 4300 /44सी-झॉवृ०/2026-27 दिनांक:- 03.06.2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग हेतु सुसंगत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से सुसंगत कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। बिडर्स को सलाह दी जाती है कि वे आई०टी०बी० की क्लाज-4 में निविदा स्वीकृत करने के सम्बन्ध में न्यूनतम योग्यता हेतु बिडर्स को दिये गये निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें।

| क्रम सं. | जनपद/विधानसभा का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | | | अनुरक्षण लागत की स्टेट जी.एस.टी. सहित कुल धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | निर्माण कार्य की लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 सहित | 05 वर्षीय अनुरक्षण लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 सहित | कुल लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 सहित | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जालौन/माधौगढ़ | वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत [illegible] से [illegible] की [illegible] सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(300) का नवनिर्माण कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित) | 89.60 | 6.70 | 96.30 | 6.82 | 4200.00 | 9 माह | ए.बी. (Road work) |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर **दिनांक-12.06.2026 से 19.06.2026** तक उपलब्ध है जो कि **दिनांक-19.06.2026 को समय 12:00 बजे तक** अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड **दिनांक-19.06.2026 को समय 12:30 बजे अपरान्ह** खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(इं0 सुनील कुमार) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, उरई

(इं0 संजीव कुमार) अधीक्षण अभियन्ता झांसी वृत्त, लो0नि0वि0, झांसी

उ0प्र0 252362 दिनांक- 09.06.2026 Website: www.upgov.nic.in



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

**E-mail :** swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# होर्मुज से जॉर्डन तक बढ़ा युद्ध का खतरा

**अम्मान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अब और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान ने जॉर्डन में उस एयरबेस को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं,

- ईरान ने अमेरिकी ठिकाने पर दागीं मिसाइलें
- पश्चिम एशिया में हाई अलर्ट

जहां अमेरिकी सेना की मौजूदगी है। जॉर्डन की सेना ने दावा किया कि उसने पांच मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। वहीं अमेरिका ने भी ईरान पर बड़े एयरस्ट्राइक किए हैं। लगातार हो रहे हमलों ने पूरे पश्चिम एशिया में डर और अनिश्चितता बढ़ा दी है। बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में सायरन बजाए गए और एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए गए।
अमेरिकी सेंट्रल कमांड यानी सेंटकॉम के मुताबिक अमेरिकी वायुसेना और नौसेना ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और रडार साइट्स पर हमला किया। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई आत्मरक्षा में की गई।
अमेरिकी सेना ने दावा किया कि होर्मुज के पास अमेरिकी एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर एक ईरानी ड्रोन से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद अमेरिका ने ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू की। अमेरिका का आरोप है कि ईरान लगातार अमेरिकी सैनिकों और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों के लिए खतरा पैदा कर रहा है।




होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक रास्तों में शामिल है। यहां बढ़ते तनाव का असर सीधे तेल सप्लाई और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष के बाद दुनियाभर में ऊर्जा कीमतें बढ़ी हैं। कई देशों में खाद्य पदार्थ और जरूरी सामान भी महंगे हुए हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर संघर्ष और बढ़ा, तो वैश्विक तेल बाजार में बड़ा संकट पैदा हो सकता है। ईरान और इस्राइल के बीच पहले से ही तनाव जारी है। हाल ही में लागू संघर्षविराम के बाद दोनों देशों ने फिर एक-दूसरे पर हमले किए। ईरानी मीडिया ने दावा किया कि इस्राइली हमलों में उसके एयर डिफेंस यूनिट के दो सदस्य मारे गए। वहीं लेबनान में हिज्बुल्लाह और इस्राइल के बीच संघर्ष भी जारी है। इससे पूरे पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा और बढ़ गया है।

## अमेरिका को ईरान की खुली धमकी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वह सुरक्षित रहना चाहता है तो उसे फारस की खाड़ी क्षेत्र छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं किसी भी हमले या धमकी का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि युद्ध के मैदान में असफल रहने के बाद अमेरिका ने ईरान के संकल्प को परखने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि ईरान की शक्तिशाली सेना किसी भी हमले को बिना जवाब दिए नहीं छोड़ेगी। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि फारस की खाड़ी के इतिहास में बाहरी ताकतों के बुरे अंजाम के कई उदाहरण मौजूद हैं।

## कमजोर पड़ रही शांति वार्ता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के साथ समझौते की कोशिशें अभी भी जारी हैं। हालांकि दोनों देशों के बीच शर्तों को लेकर टकराव बना हुआ है। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम भंडार को खत्म करे, जबकि ईरान पहले प्रतिबंध हटाने और जमे हुए फंड जारी करने की मांग कर रहा है। पाकिस्तान समेत कई देश मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लगातार सैन्य कार्रवाई से शांति वार्ता कमजोर पड़ती दिख रही है। पूरा पश्चिम एशिया युद्ध जैसे हालात के बीच हाई अलर्ट पर है।

## एक नज़र

### ईरान के सिरिक में अमेरिकी बमबारी के बाद जलापूर्ति ठप

**तेहरान।** ईरान के दक्षिणी सिरिक क्षेत्र में हुए अमेरिकी हमलों में पानी के दो बड़े टैंक नष्ट हो गए हैं। इस हमले के कारण पूरे जिले में पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। इन हमलों के बाद ईरान ने चेतावनी दी है कि वह खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर लगातार मिसाइलें दागेगा। उसने यह भी कहा कि खाड़ी देशों की पानी साफ करने वाली मशीनों (डिसैलिनेशन इंफ्रास्ट्रक्चर) को भी निशाना बनाया जा सकता है, जिन पर ये देश 90 प्रतिशत से ज्यादा निर्भर हैं। ईरान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है। मुंबई में स्थित ईरानी कॉन्सुलेट ने इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं को निशाना बनाना गंभीर मानवीय चिंता का विषय है। रिपोर्ट के अनुसार, सिरिक के बामनी जिले में ये टैंक स्थित थे।

### व्हाइट हाउस में सम्मानित हुए भारतीय मूल के कई छात्र

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में आयोजित समारोह में पहले प्रेसिडेंशियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैलेंज नेशनल चैंपियन अवॉर्ड्स प्रदान किए। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय मूल के कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हासिल किया। वर्जीनिया के एल्डी शहर की पांच सदस्यीय टीम, जिसमें आरना जायसवाल, ईशानी खत्री, रीवा मड्डा, साम्हिता पिन्नामारेड्डी और सनुली रत्नायके शामिल थीं, ने एलिमेंट्री स्कूल ट्रैक-2 श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। टीम ने स्कूलों में बदमाशी (बुलिंग) की घटनाओं को रोकने के लिए फ्रेंडजोन चैटबॉट बुलिंग प्रिवेंशन ऐप विकसित किया। वहीं, वॉशिंगटन राज्य के सम्मामिश स्थित नॉर्थस्टार मिडिल स्कूल के छात्रों विहा अय्यर, आर्य प्रताप और श्रीमयी शेट्टी ने अपने प्रोजेक्ट स्किलअप के लिए मिडिल स्कूल ट्रैक-1 श्रेणी में राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। हाई स्कूल वर्ग में पेनसिल्वेनिया के अपर डार्बी सीनियर हाई स्कूल के छात्र खंडाकर माहिन ने ट्रैक-1 श्रेणी में राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब जीता। उनका प्रोजेक्ट आपराधिक जांच में होटल के कमरों की पहचान के लिए कंप्यूटर विजन का उपयोग विषय पर आधारित था।

### अफगानिस्तान में पाक के हवाई हमले, 13 मरे

**काबुल।** अफगानिस्तान ने दावा किया है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर उसके क्षेत्र में हवाई हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। इन हमलों के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच पहले से चल रहा तनाव और बढ़ गया है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तानी हवाई हमले अफगानिस्तान के खोस्त, कुनार और पक्तिका प्रांतों में किए गए। उनके अनुसार हमलों में 11 बच्चों, एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। तालिबान सरकार ने इन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे नागरिकों को निशाना बनाने वाली कार्रवाई बताया है। हालांकि पाकिस्तान की ओर से इन हमलों को लेकर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया या पुष्टि नहीं की गई है।

### आयरलैंड : अप्रवासी के घरों में लगाई आग गाड़ियों में तोड़फोड़

बेलफास्ट में चाकूबाजी की घटना के बाद हालात बदतर

**डबलिन।** उत्तरी आयरलैंड की राजधानी बेलफास्ट में मंगलवार रात अप्रवासियों के खिलाफ भारी हिंसा हुई। नकाबपोश लोगों ने कई परिवारों को उनके घरों से जबरन बाहर निकाल दिया। शहर के कई हिस्सों में सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हो गए। इनमें से ज्यादातर लोगों ने अपने चेहरे ढके हुए थे। भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यह हिंसा एक सूडानी व्यक्ति पर चाकू से हमले का आरोप लगने के बाद भड़की। यह सब तब शुरू हुआ जब एक चाकूबाजी का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया। हमले में एक व्यक्ति की गर्दन और सिर पर गंभीर चोटें आई थीं। मंगलवार शाम को बेलफास्ट में कई घर जलते हुए देखे गए।

### गाजा में फलस्तीनियों पर टूटा उग्रवादियों और पुलिस का कहर

**रामल्लाह।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गाजा में हमास से जुड़े लड़ाकों और पुलिस इकाइयों ने युद्ध के दौरान दर्जनों फलस्तीनियों की हत्या की, उन्हें गंभीर रूप से घायल किया और सार्वजनिक रूप से फांसी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये कृत्य युद्ध अपराध की श्रेणी में आते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्धग्रस्त गाजा में सैकड़ों मामलों में लोगों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के सजा दी गई। इन घटनाओं का प्रचार भी किया गया ताकि आम लोगों में डर का माहौल बनाया जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक, कई मामलों में लोगों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया, घुटनों में गोली मारी गई, लोहे की पाइप और सीमेंट की ईंटों से हड्डियां तोड़ी गईं तथा बुरी तरह पीटा गया।

# खुद के ही टैरिफ में फंसे ट्रंप अब लौटाने होंगे अरबों डॉलर

## अमेरिकी अदालत ने रिफंड प्रक्रिया पर जानकारी मांगी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति अब उनके लिए ही बड़ी कानूनी और आर्थिक चुनौती बनती दिखाई दे रही है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट पहले ही ट्रंप प्रशासन द्वारा कई देशों पर लगाए गए अतिरिक्त आयात शुल्क को गैरकानूनी करार दे चुका है। अब सवाल यह उठ खड़ा हुआ है कि जिन कंपनियों ने भारी टैरिफ भरा था, उन्हें पैसा कैसे और कब लौटाया जाएगा। न्यूयॉर्क की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत में हुई सुनवाई के दौरान जज रिचर्ड ईटन ने अमेरिकी सरकार और कस्टम विभाग से पूरी रिफंड प्रक्रिया पर जवाब मांगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत के जज रिचर्ड ईटन ने सुनवाई के दौरान अमेरिकी कस्टम और बॉर्डर प्रोटेक्शन एजेंसी से पूछा कि रिफंड प्रक्रिया को कितनी तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है। जज ने एजेंसी की ऑनलाइन प्रणाली की तारीफ की, लेकिन यह भी कहा कि न्याय विभाग की अपील पूरी प्रक्रिया को धीमा कर सकती है। जज ईटन ने कहा कि सरकार की कानूनी रणनीति खुद उसके हितों के खिलाफ जा सकती है। अदालत यह जानना चाहती है कि क्या सभी कंपनियों को रिफंड मिलेगा या सिर्फ उन्हीं को जिन्होंने अदालत में मुकदमा किया था।

# संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान-चीन को झटका

## अमेरिका ने बीएलए को अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन घोषित करने का प्रस्ताव रोका

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका ने पाकिस्तान और चीन की एक बड़ी योजना को नाकाम कर दिया है। दोनों देशों ने मिलकर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और मजीद ब्रिगेड को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अमेरिका ने रोक दिया है।
पाकिस्तान और चीन ने पिछले साल सितंबर में सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह साझा अर्जी लगाई थी। इस महीने अमेरिका के साथ फ्रांस और ब्रिटेन ने भी इस प्रस्ताव का विरोध किया। ये तीनों देश सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं और इनके पास वीटो की शक्ति भी है।




संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा था कि बीएलए और मजीद ब्रिगेड जैसे संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि वहां 60 से ज्यादा आतंकी कैंप चल रहे हैं, जहां से घुसपैठ और हमले किए जाते हैं। पाकिस्तान ने उम्मीद जताई थी कि परिषद इन संगठनों पर जल्द पाबंदी लगाएगी ताकि उनकी आतंकी गतिविधियों पर लगाम लग सके।
हैरानी की बात यह है कि अमेरिका ने खुद बीएलए और मजीद ब्रिगेड को अपनी घरेलू सूची में विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया हुआ है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ने इन संगठनों को वैश्विक आतंकी माना था ताकि उनकी मदद रोकी जा सके। अमेरिका का मानना है कि आतंकी संगठनों पर पाबंदी लगाना इस खतरे से लड़ने का एक प्रभावी तरीका है। बीएलए ने हाल के वर्षों में कई बड़े हमले किए हैं। साल 2024 में कराची एयरपोर्ट और ग्वादर पोर्ट के पास आत्मघाती हमले हुए थे। मार्च 2025 में इस संगठन ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को अगवा कर लिया था। इस घटना में 31 लोगों की जान गई थी और 300 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बनाया गया था।

### चीन रोक चुका है भारत के प्रस्ताव

इससे पहले चीन ने कई बार भारत और अमेरिका के उन प्रस्तावों को रोका था, जिनमें पाकिस्तान में छिपे आतंकियों पर पाबंदी लगाने की मांग की गई थी। फिलहाल पाकिस्तान सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है, जबकि चीन स्थायी सदस्य के रूप में परिषद का सदस्य है।

# 'ट्रंप की पाबंदियां सैन्य हमले की साजिश'

**वाशिंगटन।** अमेरिका और क्यूबा के बीच तनाव बहुत बढ़ गया है। अमेरिका में क्यूबा की राजदूत लियानिस टॉरेस रिवेरा ने एक बड़ा

- क्यूबा के राजदूत लियानिस रिवेरा ने कहा- हम झुकेंगे नहीं

दावा किया है। उन्होंने कहा कि क्यूबा के नेताओं पर लगे प्रतिबंध और पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर तय आरोप सिर्फ एक बहाना हैं। ट्रंप प्रशासन इन चालों से अमेरिकी जनता को क्यूबा में सैन्य दखल के लिए मना रहा है। एसोसिएटेड प्रेस को दिए इंटरव्यू में रिवेरा ने साफ कहा कि क्यूबा किसी के लिए कोई खतरा नहीं है। वे अमेरिका से टकराव बिल्कुल नहीं चाहते हैं।
रिवेरा ने अमेरिकी सरकार की



नीतियों पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका दशकों पुराने प्रतिबंधों और ईंधन सप्लाई को रोककर क्यूबा के आम नागरिकों को निशाना बना रहा है। यह बिना बमों के लड़ा जाने वाला एक अदृश्य युद्ध है। दबाव या ताकत के बल पर क्यूबा की सरकार बदलने की हर कोशिश का डटकर मुकाबला किया जाएगा। हम नहीं झुकेंगे। क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर पिछले महीने अमेरिकी फेडरल ग्रैंड जूरी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। 95 साल के कास्त्रो पर 1996 में मियामी के एक निर्वासित समूह ब्रदर्स टू द रेस्क्यू के दो नागरिक विमानों को मार गिराने की साजिश और हत्या का आरोप है। तब वे क्यूबा के रक्षा मंत्री थे। रिवेरा ने कहा कि राउल हमारी क्रांति के पवित्र प्रतीक हैं। देश अंतिम सांस तक उनकी रक्षा करेगा। यदि हम पर हमला हुआ तो करारा जवाब दिया जाएगा। यह पूरी स्थिति वेनेजुएला संकट की याद दिलाती है। विश्लेषकों का मानना है कि कास्त्रो पर आरोप और प्रतिबंध ठीक वैसी ही रणनीति है जैसी वेनेजुएला में अपनाई गई थी। वहां राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से बेदखल करने के लिए अमेरिकी सैन्य दखल का सहारा लिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा है कि ईरान में सैन्य अभियान खत्म होते ही वे क्यूबा से निपटेंगे।

# जोहानिसबर्ग के क्लीवलैंड में गोलीबारी, 12 की मौत

**जोहनिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहनिसबर्ग के पूर्व में क्लीवलैंड स्थित एक अनौपचारिक बस्ती में गोलीबारी हुई है। इस हिंसक घटना में

- मृतकों का बढ़ सकता है आंकड़ा

कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11:10 बजे जंपर्स अनौपचारिक बस्ती में गोलीबारी की सूचना मिली थी। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस को कई इलाके के विभिन्न स्थानों पर कई घायल मिले हैं। घटनास्थल पर आठ पुरुष और तीन महिलाओं को मृत घोषित किया गया। एक अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तत्काल चिकित्सा उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, 10 से अधिक संदिग्धों को एक सफेद टोयोटा क्वांटम वाहन से बस्ती के पास छोड़ा गया था। हमलावरों ने बस्ती में प्रवेश करने के लिए दो अलग-अलग रास्तों का इस्तेमाल किया। वे समुदाय के भीतर घूमते हुए निवासियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे। गोलीबारी के बाद सभी संदिग्ध उसी सफेद टोयोटा क्वांटम वाहन में बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने अपने बयान में बताया कि संदिग्धों को क्लीवलैंड में एक पेट्रोल पंप के पास उतारा गया था। इस भीषण हमले का मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है।

# जिनपिंग का उत्तर कोरिया दौरा बेनतीजा

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उत्तर कोरिया की दो दिनी यात्रा पूरी करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के

- नहीं हुआ कोई ठोस समझौता

लिए उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन के साथ महत्वपूर्ण सहमति पर पहुंचने के दावा किया। हालांकि, दोनों रणनीतिक सहयोगियों के बीच किसी ठोस समझौते की कोई घोषणा नहीं हुई। उत्तर कोरिया की यात्रा के पहले दिन सोमवार को जिनपिंग ने किम को चीन के अटूट समर्थन का आश्वासन दिया था। यह सात साल बाद जिनपिंग की उत्तर कोरिया की यात्रा थी। दोनों रणनीतिक सहयोगियों के बीच किसी ठोस समझौते की कोई घोषणा नहीं हुई और चीनी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को



कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु निरस्त्रीकरण पर किसी भी वार्ता से संबंधित सवालों का जवाब देने से इन्कार कर दिया। उत्तर कोरिया, जिसने 2006 से कई परमाणु परीक्षण किए हैं, सार्वजनिक रूप से खुद को परमाणु-आयुध से लैस देश बताता है, लेकिन बीजिंग कोरियाई प्रायद्वीप पर परमाणु हथियारों के विरोध में है और परमाणु निरस्त्रीकरण का समर्थन करता है। उत्तर कोरिया की जिनपिंग की यात्रा के परिणामों पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने संकेत दिया कि कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु निरस्त्रीकरण पर बीजिंग के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। परमाणु निरस्त्रीकरण से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, चीन कोरियाई प्रायद्वीप के मुद्दे पर अपनी स्थिति और नीति में निरंतरता और स्थिरता बनाए हुए है।

**राजनीति** | ईरान को मिटा देने की जिद खुद के गले पड़ती जा रही

# गंभीर राजनीतिक संकट से गुजर रहा इस्राइल

**तेल अवीव।** हालिया घटनाक्रमों ने यह साफ कर दिया है कि मध्यपूर्व की राजनीति में इज़राइल इस समय अपने इतिहास के सबसे गंभीर राजनीतिक संकट से गुजर रहा है। इस


- ट्रंप पहले ही नेतन्याहू को खरी-खरी सुना चुके

कूटनीतिक संकट की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू से फोन पर तीखी बहस के दौरान कहा कि आप मेरी वजह से अब तक जेल में नहीं गए। आप मेरी शांति योजना में दखल देकर उसे बिगाड़ रहे हैं। ट्रंप ने साफ कर दिया कि वाशिंगटन और ईरान के बीच एक ऐतिहासिक शांति समझौता होने जा रहा है और वे इजराइल की ज़िद के कारण इस पूरी प्रक्रिया को पटरी से उतरने नहीं देंगे। ट्रंप ने कड़े लहजे में कहा कि वैश्विक नीतियां अमेरिका तय करता है इजराइल नहीं।
नेतन्याहू सरकार की ईरान नीति का सबसे बड़ा नुकसान इजराइल को खाड़ी देशों के मोर्चे पर हुआ है। साल 2020 में जिस अब्राहम अकॉर्ड के जरिए यूएई और बहरीन ने इजराइल के साथ ऐतिहासिक दोस्ती की शुरुआत की थी, वह अब टूट की कगार पर है। लगातार बढ़ते तनाव और क्षेत्रीय युद्ध के खतरे को देखते हुए यूएई और बहरीन ने खुद को इजराइल के सैन्य आक्रामक रुख से पूरी तरह से दूर कर लिया है। हाल ही में इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने दावा किया था कि युद्ध के बीच पीएम नित नेतन्याहू ने यूएई का सीक्रेट दौरा किया और वहां के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहान से मुलाकात की है। लेकिन यूएई के विदेश मंत्रालय ने चंद घंटों के भीतर इस दावे का बेहद कड़े लहजे में आधिकारिक खंडन कर दिया। यूएई ने स्पष्ट किया कि वह इजराइल के साथ किसी भी तरह के गुप्त सैन्य या फिर सुरक्षा समझौते का हिस्सा नहीं है। जानकारों के मुताबिक ईरान की सीधी सैन्य धमकियों और मुस्लिम जगत में अपनी छवि खराब होने के डर से खाड़ी देश अब




इजराइल से कड़ा पल्ला झाड़ रहे हैं। दूसरी ओर बहरीन भी गजा और लेबनान में चल रही इजराइली सैन्य कारवाइयों के कारण असहज महसूस कर रहा है और उसने भी आपत्तियां दर्ज करवाई हैं। साल 2023 में गजा में सैनिक कार्रवाई शुरू करने के बाद से ही बहरीन ने अपने राजनिक को इजराइल से वापस बुला लिया था। क्यों उल्टा पड़ा नेतन्याहू का राजनीतिक दांव? बेंजामिन नेतन्याहू का पूरा राजनीतिक करियर और उनकी घरेलू साख इस बात पर टिकी थी कि वे इजराइल को अभेद्य सुरक्षा देंगे और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को हमेशा के लिए नेस्तनाबूद कर देंगे। लेकिन उनकी ज़िद अब उन्हीं पर भारी पड़ रही है। ट्रंप जहां जल्द से जल्द इस युद्ध को खत्म कर वैश्विक तेल की कीमतों को स्थिर करना चाहते हैं, वहीं नेतनया अपने ऊपर चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों और घरेलू राजनीतिक दबाव के कारण युद्ध को खींचना चाहते हैं। गाजा, लेबनान और अब ईरान के साथ त्रिकोणीय मोर्चे पर लड़ते-लड़ते इजराइली सेना और वहां की अर्थव्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। इजराइल के अपने रक्षा विशेषज्ञ मान रहे हैं कि नेतन्याहू की ज़िद ने देश को दुनिया की नजरों में एक परिया स्टेट यानी कि अलग-थलग देश बनाकर खड़ा कर दिया है। डॉनल्ड ट्रंप के बाहरी आर्थिक और कूटनीतिक दबाव के बाद फिलहाल इजराइल और ईरान दोनों ने ही अपने हमलों को रोकने के संकेत दिए हैं। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिक दौर में युद्ध केवल सैन्य ताकत से नहीं बल्कि कूटनीति से जीते जाते हैं। अमेरिका जैसी महाशक्ति के पीछे हटने और अरब देशों की बेरुखी के बाद इजराइल को अब यह समझ आ गया है कि ईरान को पूरी तरह से मिटाने की उसकी ज़िद खुद उसके अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है।

## बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089